डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

04 नवंबर 2024

सोमवार



मेरे पिता से एक गलती हुई कि उन्होंने सम्राट चौधरी को मंत्री बना दिया: मीसा

2



# झारखंड में भाजपा सत्ता में आई तो राज्य में लागू की जाएगी समान नागरिक संहिता: अमित शाह

- झारखंड में विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र-संकल्प पत्र जारी
- केंद्रीय गृहमंत्री बोले- समान नागरिक संहिता के दायरे से बाहर रहेगा जनजातीय समुदाय
- सरना धर्म कोड के मुद्दे पर विचार विमर्श कर उचित निर्णय लेगी सरकार




एजेंसी/रांची

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रांची में घोषणा की कि अगर भारतीय जनता पार्टी झारखंड में सत्ता में आई तो राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी, लेकिन जनजातीय समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। शाह ने झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणापत्र- संकल्प पत्र' जारी करते हुए घोषणा की कि राज्य में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों का पुनर्वास सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा।

अमित शाह ने कहा कि (राज्य में) झामुमो सरकार इस झूठ का प्रचार कर रही है कि समान नागरिक संहिता से आदिवासियों के अधिकार के अलावा उनकी संस्कृति प्रभावित होगी। यह पूरी तरह निराधार है, क्योंकि उन्हें इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, लेकिन यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जनजातीय समुदाय के अधिकारों पर कोई असर न पड़े। उन्होंने कहा, यदि भाजपा झारखंड में सत्ता में आती है तो वह सरना धर्म कोड' के मुद्दे पर विचार-विमर्श करेगी और उचित निर्णय लेगी। झारखंड में उद्योगों और खदानों के कारण विस्थापित हुए लोगों के पुनर्वास को सुनिश्चित करने के लिए विस्थापन आयोग का गठन किया जाएगा। शाह ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो झारखंड में 2.87 लाख सरकारी नौकरियों सहित रोजगार के पांच लाख अवसर पैदा किए जाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि भाजपा झारखंड में घुसपैठियों से जमीन वापस लेने और अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें निर्वासित करने के लिए कानून लाएगी। उन्होंने दावा किया कि अवैध प्रवासियों से माटी, बेटी, रोटी' को खतरा है और भाजपा स्थानीय लोगों को सुरक्षा प्रदान करेगी। शाह ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन पश्चिम बंगाल और झारखंड में घुसपैठ को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालेगी। शाह ने कहा, भ्रष्ट और असंवेदनशील हेमंत सोरेन सरकार के पांच साल के कार्यकाल के दौरान महिलाओं के खिलाफ अपराध में 29 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि इस अवधि के दौरान बलात्कार के मामलों में 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### राज्य से अगले दो वर्ष में नक्सलवाद को समाप्त करने का किया वादा

शाह ने ऑपरेशन सुरक्षा' की घोषणा की, जिसके तहत 2027 तक झारखंड में मानव तस्करी को समाप्त करने के अलावा राज्य से अगले दो वर्ष में नक्सलवाद को समाप्त करने का वादा किया गया। शाह ने कहा कि मतदाताओं को घुसपैठियों को संरक्षण देने वाली भ्रष्ट झामुमो सरकार और किसी को भी अवैध रूप से सीमा पार करने की अनुमति नहीं देने वाली भाजपा के बीच चयन करना होगा। उन्होंने कहा, हिंदुओं पर हमले हो रहे हैं और तुष्टीकरण अपने चरम पर है। झारखंड देश का सबसे भ्रष्ट राज्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रश्न पत्र लीक की सीबीआई और एसआईटी से जांच कराई जाएगी और दोषियों को दंडित किया जाएगा। भाजपा के घोषणापत्र में प्रावधान है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग-संयुक्त स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा रद्द कर दी जाएगी और सीबीआई पिछली सीजीएल परीक्षाओं एवं प्रश्नपत्रों के लीक होने के सभी प्रमुख मामलों की जांच करेगा। इसके अलावा, इसमें झारखंड को देश में पारिस्थितिकी- पर्यटन का केंद्र बनाने का वादा किया गया है। उन्होंने कहा, हम राज्य में 10 नए मेडिकल कॉलेज स्थापित करेंगे। हम 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान भारत जीवन धारा योजना के तहत कवरेज को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये करेंगे। हम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बिस्तरों की संख्या 25,000 तक बढ़ाएंगे।

## खबरें फटाफट

### सीएम योगी को धमकी देने वाली महिला गिरफ्तार

**मुंबई।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुंबई पुलिस ने बताया कि आरोपी महिला का नाम फातिमा खान (24) है। उसने शनिवार को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में मैसेज किया था। लिखा था- अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो बाबा सिद्दीकी जैसा हाल करेंगे। महिला ने ऐसा क्यों किया? इस बारे में पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस ने उसे कहां से गिरफ्तार किया। इसका खुलासा नहीं किया है।

### चुनाव प्रचार में प्रियंका गांधी ने बीजेपी पर बोला हमला

**वायनाड।** केरल के वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार प्रियंका गांधी इन दिनों जोर शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं। रविवार को उन्होंने एक रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा साथ ही सूबे की जनता का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पांच साल पहले जब उनके भाई राहुल गांधी ने वायनाड से चुनाव लड़ा था, उस दौरान उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया था। बीजेपी सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी छवि को खराब करने के लिए एक एक अभियान चलाया, जिसके तहत लगाता उनकी इमेज उनकी प्रतिष्ठा को नष्ट किया जा रहा था। प्रियंका ने कहा कि बीजेपी ने इस अभियान में बड़े प्रयास, बड़े संसाधन लगाए गए। मीडिया और सोशल मीडिया का इस्तेमाल करके मेरे भाई के बारे में बहुत सारे झूठी बातें फैलाई गई ताकि लोग उन बातों पर विश्वास करें।

## जम्मू कश्मीर में दहशतगर्द फिर सक्रिय, आए दिन हमले से भय का माहौल

# श्रीनगर के संडे बाजार में आतंकियों ने किया ग्रेनेड हमला, 11 लोग घायल

एजेंसी/श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आतंकियों ने रविवार को भीड़भाड़ वाले संडे बाजार में ग्रेनेड हमला किया। इस हमले में करीब 11 लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर सुरक्षाबलों ने इलाके को घेर लिया। साथ ही आतंकियों की तलाश शुरू कर दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के अनुसार, आतंकवादियों ने टीआरसी के पास एक भरे बाजार में ग्रेनेड फेंका, हमले के बाद अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घायल लोगों को केवल कुछ छर्रे लगे हैं। घटना के तुरंत बाद, पूरे क्षेत्र को सुरक्षा बलों द्वारा घेर लिया गया ताकि हमलावरों को पकड़ा जा सके। इस हमले से संबंधित और जानकारी जुटाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि शनिवार को भी केंद्र शासित प्रदेश में आतंकी गतिविधि देखने को मिली हैं। सुरक्षाबलों ने शनिवार को दो एनकाउंटर में पाकिस्तान से आए तीन आतंकियों को ढेर किया था। ये दोनों एनकाउंटर अलग-अलग जगहों पर हुए थे।

कश्मीर के इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस ने श्रीनगर के एक अस्पताल में ग्रेनेड हमले में घायल नागरिकों का दौरा किया, जहां उन्होंने उनके स्वास्थ्य की चिंता व्यक्त की। यह विस्फोट रविवार बाजार के पास, टीआरसी के निकट हुआ था, जिसमें 11 लोग घायल हुए हैं, सभी की स्थिति स्थिर है। आईजीपी ने पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और आश्वासन दिया कि इस अपराध के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। ग्रेनेड हमले के बाद, श्रीनगर के उपायुक्त, डॉ. बिलाल मोही-उद-दीन भट भी एसएमएचएस अस्पताल पहुंचे और घायल लोगों का हाल-चाल लिया। उपायुक्त ने घायल व्यक्तियों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली और अस्पताल प्रबंधन से आग्रह किया कि उन्हें सभी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



### एलजी मनोज सिन्हा बोले-आतंकियों को भारी कीमत चुकानी होगी

एलजी मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में ग्रेनेड हमले के बारे में डीजीपी नलिन प्रभात और सुरक्षा एजेंसियों के सीनियर अधिकारियों से बात की। सिन्हा ने कहा, नागरिकों को निशाना बनाने वाले आतंकवादियों को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। सुरक्षा एजेंसियां आतंकी संगठनों और उनके मंसूबों को कुचलने के लिए पूरी तरह से आजाद हैं।

### सीएम उमर ने किया आग्रह हमला को रोकें सुरक्षा बल

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर के ग्रेनेड हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि घाटी के विभिन्न हिस्सों में हाल के दिनों में हमलों और मुठभेड़ों की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। उमर अब्दुल्ला ने कहा, इस प्रकार के हमले के लिए निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। यह घटना गहरी चिंता का विषय है। सुरक्षा बलों से आग्रह किया कि वे इन हमलों की श्रृंखला को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें ताकि लोग बिना किसी डर के अपने जीवन को सामान्य रूप से जी सकें। उन्होंने सुरक्षा तंत्र को इस दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया, ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## आखिर हादसे से कब सबक लेंगे हम?

# कटिहार में गंगा नदी में डूबी नाव नौ लोगों की बची जान, 3 लापता



एजेंसी/पटना

बिहार के कटिहार में बड़ा नाव हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार अब तक तीन लोग लापता बताए जा हैं जिनकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि नाव पर 12 लोग सवार थे और छोटी नाव पर अत्यधिक वजन होने के कारण संतुलन बिगड़ गया और नाव गंगा में डूब गई। इसमें 12 लोग पानी में समा गए, लेकिन 9 लोग या तो तैरकर बाहर आ गए या फिर उन्हें स्थानीय लोगों ने बचा लिया। लेकिन, तीन लोग अभी भी लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, नाव पर सवार होकर गंगा दियारा के इलाके के लोग परवल की खेती करने के लिए जा रहे थे। घटना मनिहारी थाना क्षेत्र के दिलारपुर के केवला घाट के पास की है। इस घटना में फिलहाल नाव में लगभग 11 से 12 लोगों के नाव पर सवार होने की बात स्थानीय स्तर पर बताई जा रही है. फिलहाल नाव के दुर्घटना की घटना स्थानीय स्थानीय को दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर की टीम भी मौके पर पहुंच गई। तुरंत बचाव और राहत का कार्य शुरू किया गया। इस दौरान शासन प्रशासन के कई अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे थे।

घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल हो गया और आसपास की भीड़ भी उमड़ आई। हालांकि, आधिकारिक स्तर पर न तो लापता होने या न ही किसी की मौत होने की कोई आधिकारिक पुष्टि हुई है। लेकिन, स्थानीय लोग यह बता रहे हैं कि नाव पर 11 से 12 लोग सवार थे जिसमें महिला पुरुष और बच्चे भी थे। अपुष्ट जानकारी के अनुसार, तीन लोग लापता बताए जा रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ में भीषण हादसा: अनियंत्रित होकर तालाब में गिरी स्कॉर्पियो, छह लोगों की मौत

एजेंसी/रायपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर गहरे तालाब में जा घुसी। इस हादसे में स्कॉर्पियो में सवार छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया। एक युवक तालाब में अब भी लापता है। सूचना पर पहुंची रेस्क्यू टीम तालाब में युवक की तलाश में जुटी है। हादसा शनिवार की देर रात हुआ। मृतकों में एक महिला टीचर है। बताया जा रहा है कि महिला टीचर स्कॉर्पियो बुक करके सूरजपुर जा रही थी। इस दौरान गाड़ी में अन्य लोग भी सवार हो गए। रास्ते में खाना खाने के बाद ये लोग सूरजपुर जा रहे थे, तभी राजपुर के करीब बूढ़ा बगीचा के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और रॉन्ग साइड में जाकर तालाब में घुस गई। हादसे के बाद स्थानीय लोग दौड़े-दौड़े मौके पर पहुंचे. उन्होंने चालक को बाहर निकाला और अस्पताल भेजा।

स्कॉर्पियो में कुल आठ लोग सवार थे। इस हादसे की सूचना तत्काल लोगों ने राजपुर पुलिस टीम को दी। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत करने के बाद लगभग डेढ़ घंटे के बाद जेसीबी की मदद से वाहन को बाहर निकाला गया। गाड़ी से 6 लाशें बरामद हुई हैं। गाड़ी जब तालाब में घुसी तो पलट गई थी। सेंसर होने के कारण दरवाजा लॉक हो गया था। किसी को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और सभी की अंदर ही मौत हो गई। वहीं,सूचना मिलने के बाद सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा भी रात में ही अस्पताल पहुंच गई थीं. गाड़ी की तेज रफ्तार और ड्राइवर का शराब का सेवन इस हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मृतकों के परिजन को सूचना भेज दी है।

### कन्नड़ फिल्म निर्माता ने की आत्महत्या

**बेंगलुरु।** लोकप्रिय कन्नड़ फिल्म निर्माता गुरुप्रसाद ने दुनिया को अलविदा कह दिया है। निर्माता ने सीलिंग फैन से लटककर आत्महत्या की। उनका शव उनके कर्नाटक स्थित घर में सड़ी-गली अवस्था में मिला है। फिल्म निमार्ता का 52 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 'एडेलु मंजूनाथ' और 'डायरेक्टर्स स्पेशल' जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता था। उन्हें बेंगलुरु के मदनायकना हल्ली में उनके अपार्टमेंट में मृत पाया गया। बताया जा रहा है कि गुरुप्रसाद ने पैसों की तंगी के चलते सुसाइड किया। गुरुप्रसाद के अचानक निधन से फिल्म इंडस्ट्री के लोग सदमे में है।




## योगी सरकार का मिशन : सोलर और बॉयो एनर्जी की ताकत से दौड़ेगा देश का ग्रोथ इंजन यूपी

# 3 साल में यूपी को ऊर्जा सेक्टर में आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी

केटी न्यूज/लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। राज्य सरकार ने सौर ऊर्जा और बायो एनर्जी पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्यों का निर्धारण किया है। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य न केवल प्रदेश में बिजली की मांग को शत प्रतिशत पूरा करना है, बल्कि राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करना भी है। योगी सरकार अगले ढाई से तीन साल में यूपी को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए मिशन मोड में जुटी हुई है।

सौर ऊर्जा के मामले में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में योगी सरकार तेजी से काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'पीएम सूर्यघर योजना' के तहत योगी सरकार ने अगले ढाई से तीन वर्ष में 25 लाख घरों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का संकल्प लिया है। अब तक 48 हजार से अधिक घरों पर सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं और वर्तमान वित्तीय वर्ष के अंत तक और 30 हजार घरों को भी सौर ऊर्जा का लाभ मिल चुका होगा। इसी साल शुरू हुई पीएम मोदी की इस महत्वाकांक्षी योजना में आने वाले वक्त में और भी तेज गति से वृद्धि दर्ज की जाएगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल घरों में ऊर्जा आपूर्ति को सशक्त करना है, बल्कि बिजली बिलों में कमी लाते हुए पर्यावरण संरक्षण को भी प्रोत्साहित करना है। इसी प्रकार 'पीएम कुसुम योजना' के तहत 2027 तक 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है, जिससे किसानों को उनकी बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने के साथ ही अतिरिक्त आय का स्रोत प्राप्त हो सकेगा।



### बड़े पैमाने पर सौर ऊर्जा परियोजनाओं का होगा विस्तार

योगी सरकार यूटिलिटी स्केल सौर परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर कार्य कर रही है। इसमें 4800 मेगावाट क्षमता के सोलर पार्कों का निर्माण भी शामिल है, जिनकी टेंडरिंग प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, प्रदेश में सात जलाशयों में फ्लोटिंग सोलर प्रोजेक्ट्स की स्थापना की योजना भी है, जिसे नेशनल थर्मल पावर कॉर्पोरेशन (एनटीपीसी), टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन और सतलुज जल विद्युत निगम के साथ मिलकर पूरा किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य 2027 तक राज्य की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 14,000 मेगावाट तक पहुंचाना है।

# तारीफ सुन गदगद हुए सीएम नीतीश ने छू लिया भाजपा नेता का पैर

- पटना सिटी के आदि चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता व पूर्व सांसद आरके सिंह की बातों से प्रभावित हुए सीएम नीतीश कुमार

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर चचाओं में हैं। इस बार चर्चा की वजह बनी है उनका वो वीडियो जिसमें वह अपनी तारीफ सुनने बाद बीजेपी नेता के पैर छूने के लिए झुके दिखे। दरअसल, हुआ कुछ यूं था कि सीएम नीतीश कुमार पटना सिटी के आदि चित्रगुप्त मंदिर में एक कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार के अलावा बीजेपी नेता आरके सिन्हा भी मौजूद थे। आरके सिन्हा पहले सांसद भी रह चुके हैं। इसी कार्यक्रम के दौरान जब बीजेपी नेता सिन्हा ने नीतीश कुमार की तारीफ की तो सीएम नीतीश कुमार इस कदर गदगद हो गए कि उन्होंने उनके भाषण के दौरान ही उनके पैर छू लिए। दरअसल बीजेपी के पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा ने नीतीश कुमार की तारीफ में कहा कि मंदिर का स्वरूप जो बदला है, उसके लिए नीतीश कुमार को ही श्रेय जाता है। उनकी यही बात सीएम नीतीश को बहुत पसंद आ गई।

हालांकि आरके सिन्हा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उम्र में बड़े भी हैं लेकिन सीएम नीतीश कुमार की ओर से इस तरीके से पैर छूने पर कहीं ना कहीं आरके सिन्हा भी अचंभित नजर आए। इसके बाद बीजेपी नेता आरके सिन्हा ने नीतीश कुमार के कंधे पर हाथ रखकर एक तरह से गले लगाने की कोशिश भी की।

सीएम नीतीश कुमार ने किसी नेता का पैर छुआ हो या किसी अधिकारी के पैर छूने की बात कही हो, ये इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। इसी साल जुलाई में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का एक वीडियो जमकर वायरल हुआ था। उस वीडियो में नीतीश कुमार पुल का काम पूरा कराने के लिए एक अधिकारी के पैर छूने की बात करते नजर आ रहे थे। यह वाक्या उस दौरान का था जब सीएम नीतीश कुमार बिहार की राजधानी पटना के जेपी गंगा पथे के गायघाट से कंगनघाट के हिस्से का लोकार्पण करने गए थे। इस दौरान नीतीश कुमार के साथ बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी मौके पर मौजूद थे।

नीतीश कुमार ने इस दौरान कहा था कि कहिए तो हम आपका पैर छू लें, क्या चीज का जरूरत है बोलिए। आपको करके देना होगा सरकार को। इस साल करवा दीजिए। मेरा बात मानिये। रास्ते में थोड़ी दूर जाकर रुक जाएं ये ठीक नहीं है। नीतीश कुमार के ये कहने पर अधिकारी ने कहा कि बनवाते हैं सर।

# किशनगंज के कटहलबाड़ी गांव में अज्ञात बीमारी से चार बच्चों की मौत

**केटी न्यूज/पटना**

किशनगंज के दिघलबैंक प्रखंड स्थित जागीर पदमपुर पंचायत के कटहलबाड़ी गांव में अज्ञात बीमारी ने हड़कंप मचा रखा है। रविवार को एक और बच्ची फहीमा खातून (6) की पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। गांव में अब तक चार बच्चों की मौत हो चुकी है। इस अज्ञात बीमारी के कारण पूरे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

इस बीमारी से पहले तीन बच्चों की मौत हो चुकी थी। अब फहीमा की मौत ने परिजनों में कोहराम मचा दिया है। इस बीमारी से अब तक उजमा नसरीन (5) पिता अबुल कासिम, रिफत परवीन (6) पिता मो. खालिद, नफीस आलम (4) और फहीमा खातून (6) पिता अब्दुल हकीम की जान जा चुकी है। बच्चों की लगातार हो रही मौतों ने गांव वासियों में चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया है। लोग यह जानने के लिए चिंतित हैं कि आखिर यह अज्ञात बीमारी क्या है, जो इतनी जल्दी बच्चों की जान ले रही है।

इस संकट के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पिछले चार दिनों से कटहलबाड़ी गांव में शिविर लगाकर अन्य लोगों की जांच करने का कार्य शुरू कर दिया है।

## राजद सांसद ने डिप्टी सीएम पर बोला हमला तो सम्राट ने लालू परिवार पर किया पलटवार

# मेरे पिता से एक गलती हुई कि उन्होंने सम्राट चौधरी को मंत्री बना दिया: मीसा

- लालू प्रसाद यादव की बेटी ने प्रशांत किशोर, सीएम नीतीश कुमार और जदयू नेता नीरज कुमार पर भी बोला हमला

**केटी न्यूज/पटना**

राजद सांसद मीसा भारती ने रविवार को डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पर हमला बोला। सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए मीसा भारती ने अपने ही पिता की गलती गिना दी। मीसा भारती ने कहा कि, हमारे पिता लालू यादव से जिंदगी में एक ही गलती हुई है, वह गलती यह है कि उन्होंने कम उम्र में ही सम्राट चौधरी को विधायक और मंत्री बना दिया। कम उम्र में उनको विधायक बनाकर राजनीति में ले आए और आज वह उन्हीं के बारे में बोलते रहते हैं।

राष्ट्रीय जनता दल के चार लाख सक्रिय कार्यकताओं का डेटा लीक होने पर मीसा भारती ने कहा कि, प्रशांत किशोर का काम क्या है? पहले वह क्या करते थे? आपको पता है? अभी भी वही कर रहे हैं। उन्होंने, जो यात्रा की इसका मतलब है, जनता उनसे नहीं जुड़ी। इसीलिए वह दूसरे दलों के नेताओं और कार्यकताओं से संपर्क कर रहे हैं, लेकिन याद रखिए प्रधानमंत्री भी अगर हमारे दल के कार्यकताओं नेताओं को फोन करेंगे तो हमारा दल और अधिक मजबूत होगा। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार द्वारा लालू यादव को राजनीतिक तौर पर नजरबंद करने के आरोपों पर मीसा भारती ने कहा कि, लोग किस तरह की बात करते हैं। सबको पता है कि उनकी किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है और वह जनता के बीच ज्यादा नहीं जा सकते हैं, लेकिन कहीं से भी आमंत्रण आता है, तो वह जाते हैं। लोगों को बताना चाहिए कि उनके दल के नेता नीतीश कुमार कितनी बार प्रेस से मिलते हैं? कितनी बार लोगों और मीडिया से बात करते हैं।



### लालू के अत्याचार के खिलाफ ही राजनिति में आया: सम्राट

मीसा भारती के बयान पर सम्राट ने अपने चीर-परचित अंदाज में जवाब दिया है। सम्राट ने साफ-साफ कहा है कि मीसा जी को बोलने से पहले यह जान लेना चाहिए कि मेरी राजनीति में उत्पति उनके पिता लालू यादव के अत्याचार के खिलाफ ही हुई है। उनके अत्याचार की वजह से हम राजनीति में आए हैं। हम तो उनके खिलाफ जीत कर आए है। अब उनके और उनके परिवार के लोगों को गलतफहमी है तो इसका क्या ही जवाब दिया जा सकता है। सम्राट ने कहा कि लालू प्रसाद यादव के खिलाफ मेरा परिवार संघर्ष करके आया राजनीति में आया है। लालू यादव को पुरानी बातें इसलिए याद दिलाना चाहता हूं कि लाल यादव के साथ जब मेरा परिवार था तब उनको सत्ता में बढ़ाने का काम किया गया है। लालू यादव तो बिहार में भ्रष्टाचार से जाने जाते हैं। लेकिन हमने हजारों लाठियां खाई है। इतना ही नहीं मेरे घर तोड़ दिया गया। हमारे परिवार के 22 लोग निर्दोष लोगों को जेल भेज दिया गया। वो तो हमने ह्यूमन राइट से केस जीता। इसलिए लालू प्रसाद यादव को यह आदत है। इसके अलावा लालू यादव की औकात सिर्फ अपने परिवार के लोगों को ही राजनीति में लाने का है। इधर, नेता विपक्ष की तरफ से जारी आपराधिक डाटा को लेकर सम्राट ने कहा कि आप लोग हर दिन यह भी हैडलाइन देख रहे होंगे कि बिहार पुलिस प्रतिदिन कार्रवाई कर रही है। लेकिन इसपर वह नहीं बोलेंगे। मुझे तो यह समझ नहीं आता कि अपराधिक लोगों को संरक्षण देने वाले लोग अपराध की बात किस मुंह से कर रहे हैं। लालू यादव का मतलब गुंडागर्दी, अपराधीकरण।

### राजद का स्लोगन है, माल दो, रोजगार लो: रामकृपाल

पाटलिपुत्र लोकसभा से दो बार सांसद रहे बीजेपी नेता और कभी लालू प्रसाद के काफी करीबी रहे रामकृपाल यादव ने लालू परिवार पर हमला किया और पुराने दिनों का राज भी खोला। रामकृपाल यादव ने कहा कि यह लोग रोजगार देंगे, यह लोग तो रोजगार ले लेंगे। इनका स्लोगन है माल दो ,रोजगार लो। मुंह मत खुलवाइए, हमसे कुछ भी इनका छुपा हुआ नहीं है। रामकृपाल यादव ने कहा कि झारखंड में तेजस्वी यादव का खाता भी नहीं खुलेगा। पिछली बार ज्यादा सीट पर चुनाव लड़े थे और केवल एक ही सीट पर जीत पाए थे। इस बार वह भी साफ हो जाएगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल के लोगों को वोट कौन देगा? यह लोग क्या है कुछ हैं भी क्या? यह सब ठग लोग हैं। उन्होंने लोकसभा चुनाव में चुनाव हारने का कारण भी बताया और मीसा भारती पर 50 करोड़ रुपये खर्च करने का आरोप भी लगाया। रामकृपाल यादव ने पाटलिपुत्र की वर्तमान सांसद और लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि किसके पास पैसा है। यह सभी लोग जानते हैं। यह जो ठगबंधन है लुटेरे लोग हैं, अकेले मेरे सीट पर 50 करोड़ रुपये खर्च किए और पूरे बिहार में भी खर्च किए। जितना माफिया सब है। वह सब हमारे पीछे लगा हुआ था। रामकृपाल ने कहा कि हमको हराने के लिए जमीन माफिया, बालू माफिया, अपराध माफिया सब माफियाओं की होड़ थी।

## अपराधियों की दिवाली मन रही कानून-व्यवस्था का दिवाला निकल गया है: तेजस्वी

**पटना।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने एक बार फिर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता प्री पेड मीटर और जमीन सर्वे से परेशान हो गई है। दिन प्रतिदिन अपराध बढ़ा है। आज भी हमने 110 हत्याओं की सूची जारी की है। राज्य में दिन-ब-दिन अपराध बढ़ते जा रहा है। अपराधियों की दिवाली मन रही है और कानून-व्यवस्था का दिवाला निकल गया है। सरकार के लोग हार चुके हैं थक चुके हैं। अपराधी बेलगाम हो चुके हैं। हम जनता के बीच जाकर महागठबंधन के पक्ष में वोट मांगेंगे। हमें पूरा भरोसा कि हम चारों उपचुनाव जीतेंगे।

यूपी के सीएम योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले बयान पर तेजस्वी यादव ने कहा कि ये सुनने में ही नफरत भरा लगता है। इनके मुंह से कभी पढ़ाई, चिकित्सा, स्वास्थ्य की बात नहीं हो सकती है। नौकरी, बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी की बात नहीं हो सकती। इनका काम केवल जहर उगलना है। वो जहर उगलते रहे, हम जनता के बीच रहकर जनता के मुद्दे को उठाएंगे। लोग समझ चुके हैं कि बांटने और तोड़ने का काम कौन कर रहा है। नफरत फैलाने का काम कौन लोग करते हैं। बिहार की जनता जागरूक है ऐसे नारों पर लोग विश्वास नहीं करते हैं। बिहार अमन चैन शांति का प्रदेश है, ये बुद्ध की धरती रही है यहां ये सब चलने वाला नहीं है।

## एक नजर

### सोने की चेन और चांदी की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को मार डाला

**पटना।** बेगूसराय जिले में दहेज लोभियों की एक और खौफनाक घटना सामने आई है, जिसमें सोने की चेन और चांदी की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने एक विवाहिता की पीट-पीट कर हत्या कर दी। घटना लाखों थानाक्षेत्र के बाजितपुर गांव के वार्ड-5 की है। जहां 25 वर्षीय जूली कुमारी को उसके पति चंचल पासवान और सास-ससुर ने मिलकर मार डाला। इस घटना के बाद से इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के मुताबिक जूली कुमारी की शादी तीन साल पहले बाजितपुर निवासी चंचल पासवान के साथ बड़ी धूमधाम से हुई थी। शादी के कुछ महीनों तक सब कुछ ठीक चलता रहा और जूली ने एक बच्चे को भी जन्म दिया। लेकिन इसके बाद से जूली पर दहेज के लिए प्रताड़ना शुरू हो गई। पति और सास-ससुर की ओर से सोने की चेन और चांदी की मांग लगातार की जाने लगी। जूली के परिजनों के अनुसार, जब भी जूली इस मांग का विरोध करती थी, तो उसे गाली-गलौज और मारपीट का शिकार बनाया जाता था। इस मुद्दे पर कई बार पंचायत भी हुई, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। शुक्रवार को भी दहेज को लेकर जूली के साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। पड़ोसियों के माध्यम से जूली के मायके वालों को इस घटना की जानकारी मिली, जिसके बाद वे तुरंत बाजितपुर पहुंचे और जूली को गंभीर हालत में देखकर उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। लेकिन स्थिति गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने उसे बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान जूली की मौत हो गई।

### गया के विष्णुपद मंदिर में विदेश से आई टीम ने विशेष पूजा अर्चना कर किया पिंडदान

**गया।** गया के विष्णुपद मंदिर में रविवार को विदेशियों की टीम पहुंची जहां भगवान विष्णु के गर्भ गृह में विशेष पूजा अर्चना की। गयापाल पंडा विजय पंडा के नेतृत्व में पिंडदान का कर्मकांड कराया गया। पितृपक्ष मेला के बार एक बार फिर विदेशी पिंडदानियों का जत्था दिखा है। विभिन्न देशों से आए विदेशी पिंडदानियों ने अपने पितरों का उद्धार, मोक्ष दिलाने का कामना के साथ पिंडदान व श्राद्धकार्य को पूरा किया। अपने मृत पितरों के तस्वीर को रख वैदिक मंत्रोचारण के साथ पिंडदान किया। इस वर्ष पितृपक्ष मेला के बाद अब विदेशियों में भी पिंडदान के प्रति आस्था बढ़ी है। यही कारण है पितृपक्ष मेला के दौरान विभिन्न देशों के सैकड़ों विदेशी अपने पितरों का पिंडदान कर चुके हैं। सभी विदेशी इस्कॉन मंदिर से जुड़े हैं। मोक्ष और उद्धार के लिए पिंडदान किया है विदेशों में हिंदू सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के बाद भारतीय सभ्यता संस्कृति से प्रभावित होकर पिंडदान कर रहे हैं। इस संबंध में विजय पंडा ने बताया कजाकिस्तान, जर्मनीत, रशिया, यूएसए सहित विभिन्न देशों से आए विदेशी तीर्थयात्रियों का पूरे विधि विधान से पिंडदान कराया गया है।

# एसटीएफ ने अवैध बालू खनन माफिया व कुख्यात अपराधी पिता-पुत्र को किया गिरफ्तार

**केटी न्यूज/पटना**

एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बालु खनन माफिया और कुख्यात अपराधकर्मी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किये गये आरोपियों में सत्येन्द्र पाण्डेय एवं उसका पुत्र नीरज पाण्डेय है। पुलिस का कहना है कि दोनों पिता-पुत्र पर हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित लगभग दो दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। सत्येन्द्र पाण्डेय के विरूद्ध भोजपुर जिला के कोईलवर थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 15 कांड दर्ज हैं, जबकि नीरज पाण्डेय के विरूद्ध भोजपुर जिला के कोईलवर थाना में हत्या, रंगदारी एवं आर्म्स एक्ट सहित कुल 11 कांड दर्ज है।

गिरफ्तारी के संबंध में एसटीएफ का कहना है कि बिहार एसटीएफ की विशेष टीम और पटना जिला पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में भोजपुर जिला के दो अवैध बालू खनन माफिया एवं कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। उन अपराधियों की पहचान भोजपुर जिला अंतर्गत कोइलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया कला गांव निवासी स्व० रामेश्वर पाण्डेय के पुत्र सत्येन्द्र पाण्डेय और सत्येन्द्र पाण्डेय के पुत्र नीजर पाण्डेय के रूप में की गई है।

**वर्चस्व की लड़ाई में सारण के दो लोगों की हुई थी हत्या:** उक्त अपराधकर्मियों ने अपने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर दिनांक 02 मई 2024 को सारण जिला के डोरीगंज थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी हूंगी महतो के पुत्र विकास महतो और उसी गांव के तुलसी राय के पुत्र सुरर्शन राय का अवैध बालू खनन हेतु वर्चस्व की लड़ाई में हत्या कर दी गई थी। एसटीएफ का कहना है कि कुख्यात अपराधी सत्येन्द्र पाण्डेय अवैध बालु खनन में पाण्डे गिरोह चलाता है, जिसका यह सरगना है एवं उसका पुत्र नीरज पाण्डेय इस गिरोह का सक्रिय सदस्य है। सत्येन्द्र पाण्डेय और उसके पुत्र नीजर पाण्डेय को कोइलवर (भोजपुर) थाना कांड सं0 210/24 दिनांक 02.05.2024 घारा 302/34 भा०द०वि० एवं 27 आर्म्स एक्ट में रूपसपुर (पटना) थाना क्षेत्र से छापामारी कर गिरफ्तार किया गया है।

## स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर होगी 4500 लोगों की भर्ती

**पटना।** बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसायटी ने राज्य में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की भर्ती के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। कुल 4500 रिक्तियों पर अनुबंध के आधार पर भर्ती की जाएगी। आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और 21 नवंबर, 2024 को समाप्त होगी। इच्छुक उम्मीदवार तय समय सीमा के भीतर इन पदों के लिए आधिकारिक वेबसाइट- shs.bihar.gov.in. पर जाकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

अनुबंध के आधार पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के 4500 पदों को भरा जाएगा। इसमें सामान्य- 979, इडब्लूएस- 245 , एससी- 1243, एसटी-55, ईबीसी-1170, बीसी-640 पद हैं।

## जनसुराज के संस्थापक ने राज्य की बदहाली को लेकर नीतीश सरकार पर निशाना साधा

# गया के इमामगंज में लोगों से मिले प्रशांत किशोर बोले-आज भी मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे लोग

- बोले- देश की आजादी के इतने साल बाद भी यहां के लोग आज भी बदहाली में रहने को मजबूर हैं
- यहां के हालात क्यों नहीं सुधरे, इससे सरकार पर सवाल उठते हैं

**केटी न्यूज/ पटना**



बिहार में अपनी खुद की पार्टी बनाने वाले जन सुराज पार्टी पार्टी के अध्यक्ष प्रशांत किशोर ने राज्य की बदहाली को लेकर संकेतों में नीतीश सरकार पर निशाना साधा है। वे रविवार को गया जिले के इमामगंज में लोगों से मिलने गए और उनकी शिकायतें सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनके लिए कोई रेड, ग्रीन या यलो एरिया नहीं है। हमारे लिए पूरा बिहार एक समान है और हम किसी क्षेत्र में भेद नहीं कर सकते। इस मुलाकात में लोगों ने प्रशांत किशोर को अपनी समस्याओं के बारे में बताया। इस पर किशोर ने कहा, 'यहां के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। यहां पर शिक्षा के इंतजाम अच्छे नहीं है। जाहिर सी बात है कि ऐसे हालात में उनमें सरकार के खिलाफ शिकायतें तो होंगी हीं। यह स्थिति अच्छी नहीं है। रिपोर्ट के मुताबिक गया का इमामगंज इलाका बिहार के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा, 'मैं यहां चकरबंधा के लोगों से मिलने के लिए आया हूं। देश की आजादी के इतने साल बाद भी यहां के लोग आज भी बदहाली में रहने को मजबूर हैं। इतने साल बाद भी यहां के हालात क्यों नहीं सुधरे, इनसे निश्चित रूप से सरकार पर सवाल उठते हैं। सही कहूं तो पूरे बिहार की स्थिति चिंताजनक है। लेकिन मैं यहां वोट मांगने नहीं आया बल्कि लोगों की परेशानी जानने आया हूं।

बताते चलें कि पूरे बिहार में 2 साल तक जन सुराज यात्रा निकालने के बाद प्रशांत रणनीतिकार ने अपनी जन सुराज पार्टी का गठन किया था। वे अब बिहार असेंबली चुनाव की तैयारी में जुटे हैं। उनके निशाने पर आरजेडी और जेडीयू दोनों हैं। पेशे से चुनाव रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर अपने प्रोफेशन में कई पार्टियों को चुनाव जितवा चुके हैं। लेकिन अपनी पार्टी के बैनर तले चुनाव लड़ने का यह उनका पहला अनुभव होगा। देखना होगा कि वे इस परीक्षा में पास हो पाते हैं या फेल।




# महान संगठनकर्ता के साथ प्रखर राष्ट्रभक्त भी थे स्व. कैलाशपति मिश्र: विजय सिन्हा

♦ स्व. मिश्र की 12 वीं पुण्यतिथि पर बड़का ढकाईच में आयोजित हुआ कार्यक्रम, कार्यकताओं ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अनुमंडल अंतर्गत सिमरी प्रखंड के बड़का ढ़क ईच गांव में भाजपा के भीष्म पितामह तथा गुजरात व राजस्थान के पूर्व राज्यपाल रहे स्व. कैलाशपति मिश्र की 12 वीं पुण्यतिथि समारोहपूर्वक मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा उपस्थित थे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व विधायिका एवं राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष दिलमणि देवी तथा रोसड़ा विधायक वीरेंद्र पासवान शामिल रहे। युवा भाजपा नेता प्रिंस पीयूष द्वारा आयोजित इस पुण्यतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता आरएसएस के अमरेंद्र कुमार पाण्डेय तथा संचालन संघ के कन्हैया दुबे ने किया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं आगत अन्य अतिथियों ने कैलाशपति मिश्र के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्व. कैलाशपति मिश्रा को महान संगठनकर्ता व प्रखर राष्ट्रभक्त बताते हुए कहा कि उन्होंने संगठन की मजबूती और विस्तार के लिए अपना सब कुछ समर्पित कर दिया था। जिनके त्याग और समर्पण की बदौलत आज पार्टी वट वृक्ष के रूप में पूरे देश में फल-फूल रही है। वहीं कपूर्री ठाकुर की सरकार में वे वित्त मंत्री के रूप में अपने बेहतर कार्य से राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। फिर केंद्र में भाजपा सरकार के गठन के बाद उन्होंने गुजरात व राजस्थान के राज्यपाल के तौर पर देश की सेवा की। स्व. कैलाशपति मिश्रा से आज के नेताओं को सीख लेने की सलाह देते हुए बिहार विधानसभा के अध्यक्ष रहे विजय सिन्हा ने उन्हें नेतृत्व पैदा करने वाला नेता बनाया। जिन्होंने हजारों कार्यकताओं को सींच कर नेता बनाया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि एक तरफ सुशासन है तो दूसरी तरफ कुशासन देने वाली सरकार। वहीं उन्होंने दावे के साथ कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए उप चुनाव सहित अगला विधानसभा चुनाव भी भारी अंतर से जीतेगी। कार्यकताओं की मांग से एक कदम आगे बढ़कर विजय सिन्हा ने स्व. कैलाशपति मिश्र के पैतृक गांव दुधारचक के साथ-साथ बक्सर में भी उनकी आदमकद प्रतिमा के निर्माण की बात कही। जिससे कार्यकर्ता उस महान नेता को नमन कर प्रेरणा ले सकें।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार कुंवर के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उप मुख्यमंत्री को पगड़ी पहनाकर तथा गदा देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करने वाले मुख्य लोगों में पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ओमप्रकाश भुवन पार्टी, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी प्रदीप दुबे, जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, कला संस्कृति प्रकोष्ठ में प्रदेश संयोजक बरूण सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अजगर शम्सी, वरिष्ठ नेता राम विनोद राय, उपेंद्र त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, प्रियव्रत सिंह आदि शामिल रहे। इस अवसर पर भाजपा के वरीय नेता सतेंद्र कुंवर, विनोद राय, भगवानजी राय, भूटेली तिवारी, नरेंद्र तिवारी, गोविंद सिंह, सतीश चंद्र राय, राकेश गौतम, महिला मोर्चा की प्रदेश नेत्री पिंकी पाठक, जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी, इंदु देवी, संध्या पाण्डेय, युवा मोर्चा के प्रदेश नेता संतोष मिश्रा, जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, पूर्व अध्यक्ष प्रियरंजन चौबे, आशिष रंजन ठाकुर, विकेश पाण्डेय, दिव्यांग संघ के जिलाध्यक्ष अगस्त उपाध्याय, सुजीत गौतम, विष्णु सोनी, विनीत कुमार, मुखिया कुशवाहा, अभिषेक रंजन, मिंशु सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में पिछले दिनों छात्रों ने प्राचार्य को बनाया था बंधक

# छात्रों को भड़काने के आरोप में प्रो. अविनाश को विवि ने किया निलंबित

♦ बिहार कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक निदेशक की जांच रिपोर्ट के आधार पर किया गया निलंबित

**केटी न्यूज/डुमरांव**





फाइल फोटो

पिछले पांच अक्टूबर को डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में स्टाइपेंड की मांग पर छात्रों ने उग्र आंदोलन किया था। इस दौरान छात्रों का रवैया उपद्रवियों जैसा था। छात्रों ने कॉलेज के मुख्य गेट को अंदर से बंद कर प्राचार्य कक्ष में जा उनके साथ बदसलूकी की थी तथा प्राचार्य कक्ष में लगे लाखों के उपकरणों को तोड़ दिया था। यही नहीं उग्र छात्रों ने जबरन तत्कालीन प्राचार्य मुकेश सिन्हा से इस्तीफा भी लिखवाया था।

इस मामले में पूर्व प्राचार्य ने विश्वविद्यालय प्रशासन को लिखित जानकारी दी थी कि छात्रों को भड़काने में कॉलेज के प्रोफेसर अविनाश सरीन सक्सेना के साथ ही कुछ अन्य कर्मियों का हाथ है। पूर्व प्राचार्य की शिकायत की जांच कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने एक समिति का गठन किया था। इस समिति ने विश्वविद्यालय प्रशासन को जो जांच रिपोर्ट सौंपी है उसमें प्रथम दृष्टया प्रो. अविनाश सक्सेसना को साजिश के तहत छात्रों को भड़काने का दोषी पाया गया है। जिसके बाद विश्वविद्यालय के प्रशासन निदेशक ने उन्हें निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय मधेपुरा बनाया गया है। यह आदेश शनिवार को ही निदेशक ने जारी किया है।

इसके अलावे कृषि अभियंत्रण कॉलेज के प्रो. मोहन कुमार सिन्हा का तबादला अररिया किया गया है। माना जा रहा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह कार्रवाई वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज डुमरांव की प्रशासनिक व्यवस्था सुधारने तथा अनुशासन बनाए रखने के उदेश्य से किया है।

**घटना के बाद से ही छात्रों को भड़काने की होने लगी थी चर्चा :** इस घटना के बाद से ही कॉलेज परिसर में कुछ प्रोफेसर द्वारा छात्रों को भड़काने की चर्चा होने लगी थी। कॉलेज में अंदरखाने इस बात की चर्चा भी हो रही थी कि पूर्व प्राचार्य काफी सख्त टाइप के थे तथा उनसे कॉलेज के कई प्रोफेसर तथा कर्मियों की बन नहीं रही थी। जिस कारण कर्मी व प्रोफेसर अंदरखाने मौके की तलाश में थे। इसी दौरान कुछ छात्रों के स्टाइपेंड के मुद्दे के रूप में एक लतीफा उनके हाथ लग गया। जानकारों का कहना है कि कर्मियों के उकसावे में ही छात्र उग्र हो प्राचार्य को बंधक बनाने के साथ ही कॉलेज की संपति को नुकसान पहुंचाया था।

**पूर्व में भी हो चुका है विवाद :** बता दें कि डुमरांव के वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में कई बार छात्रों ने उग्र प्रदर्शन किया है। इसके पूर्व इस कॉलेज के प्रथम प्राचार्य डॉ. डीपीएस दिवाकर के समय भी छात्रों ने कई दिनों तक बवाल काटा था। छात्रों के प्रदर्शन के कारण ही विश्वविद्यालय प्रशासन को उन्हें वापस बुलाना पड़ा था। जबकि पिछले वर्ष भी तत्कालीन प्राचार्य मुकेश कुमार सिन्हा को छात्रों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा था। इस दौरान पुलिस तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ था।

### छात्रों ने पूरे दिन किया था हंगामा प्राचार्य से हुई थी बदसलूकी

बता दें कि पांच अक्टूबर को वीर कुंवर सिंह कृषि कॉलेज में पूरे दिन छात्रों ने हंगामा किया था। मुख्य गेट में अंदर से ताला बंद करने के बाद उग्र छात्र सीधे पूर्व प्राचार्य मुकेश कुमार सिन्हा के कक्ष में पहुंच गए थे तथा उन्हें चारों तरफ से घेर बदसलूकी की थी। इस दौरान प्राचार्य बेबस नजर आ रहे थे। हालांकि, सूचना मिलते ही डुमरांव पुलिस भी मौके पर पहुंची थी, लेकिन छात्रों ने इसे कॉलेज का मामला बता पुलिस को हस्तक्षेप नहीं करने दिया था। करीब तीन से चार घंटे तक पूर्व प्राचार्य उपद्रवी छात्रों के कब्जे में रहे। इस दौरान छात्रों ने प्राचार्य कक्ष के टेबल, मेज, कुर्सी समेत कई अन्य कीमती उपकरणों को तोड़-फोड़कर नष्ट कर दिया था। छात्रों के उग्र प्रदर्शन के दौरान कॉलेज के अन्य प्राध्यापक तथा कर्मी प्राचार्य के बचाव के लिए नहीं गए थे।

## खबरें फटाफट

### दो पक्षों में मारपीट तीन लोग घायल

**नावानगर।** केसठ गांव में दो पक्षों के बीच आपसी विवाद में जमकर लाठी डंडा चला। जिसमें तीन लोग सूर्य नारायण यादव व उनकी दो बेटियां जख्मी हो गई। जख्मी सभी लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावानगर में कराया गया। इसको लेकर किसान सूर्यनारायण यादव द्वारा सुदर्शन यादव, गोलू कुमार, पवन कुमार सहित कुल पांच लोगों को नामजद करते हुए थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया गया है। थाने में दिए आवेदन में पीड़ित ने लिखा है कि मैं अपने पशुओं को चारा डाल रहा था इसी बीच मेरा बड़ा भाई सुदर्शन यादव, उनका पुत्र गोलू कुमार,पवन कुमार समेत पांच लोगों द्वारा मारपीट किया गया । थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### देशी शराब के साथ एक तस्कर धराया

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी पुलिस ने थाना क्षेत्र के नया भोजपुर पीयरा पोखरा स्थित एक घर में छापेमारी कर 15 लीटर देशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने तस्करी के आरोप में रमेश नट को गिरफ्तार भी कर लिया है। हालांकि उसका दूसरा साथी भागने में सफल रहा। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर यह छापेमारी की गई थी। उन्होंने बताया कि फरार तस्कर की शिनाख्त कर ली गई है। उसे जल्दी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस कार्रवाई से शराब तस्करों के बीच हड़कंप मच गया है।

### दिव्यांगों ने उप मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

**डुमरांव।** अनुमंडल के ढकाईच स्कूल में राज्य के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा एक कार्यक्रम में आए हुए थे। वहीं पर मौजूद पीडब्लुडी संघ के द्वारा मांग पत्र सौंपा गया। मांग पत्र में वृद्धाश्रम व दिव्यांगाश्रम खोलने की मांग की गई। साथ ही 200 यूनीट बिजली फ्री, मोटरचालित ट्राइसाइकिल का वितरण और उसका वर्कसॉप खोलने मांग भी की गई। इलेक्ट्रीक स्कूटी के साथ ही दिव्यांगों के लिए विशेष न्यायालय में केश देखने की व्यवस्था की मांग की गई है। मौके पर विशोका चंद्र, उमेश कुमार सिंह, विष्णु पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

## ऑटो में सवार महिला के आठ लाख के गहने चोरी, पीड़िता ने दर्ज कराया केस

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्थानीय रेलवे स्टेशन से अपने गंतव्य के लिए ऑटो में सवार हो जा रही महिला के आठ लाख रुपये के गहने चोरी होने का मामला प्रकाश में आया। जिसको लेकर महिला द्वारा नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। जहा इस मामले में पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है।

चिलहरी गांव निवासी ज्योति कुमारी 28 अक्टूबर को बक्सर स्टेशन से चिलहरी गांव जाने के लिए एक ऑटो रिजर्व कराया, जहां किराए तय करते हुए घर के लिए प्रस्थान किया। ऑटो में ड्राइवर के साथ एक अन्य व्यक्ति भी था, जो यात्रा के दौरान ऑटो के साइड में लटक कर चल रहा था। ज्योति ने बताया वह अपना बैग रखकर गांव जा रही थी। तभी, अचानक गोलंबर के पास ऑटो चालक महिला से ऑटो बदलने का आग्रह किया मुझे फोन आया है, मुझे दूसरी जगह जाना है, आप जल्दी से उतर जाए, जैसे ही ज्योति उतरी, उन्हें पता चला कि उनके बैग से सारे गहने गायब हो गए है। जो ऑटो चालक व उसके साथ चल रहे युवक द्वारा मिलकर गहनों की चोरी कर ली गई। उसने बताया कि उनके पास एक बैग था जिसमें कई सोने के गहने रखे हुए थे। जिसमें 12 ग्राम का सोने का चेन, पांच अंगूठियां, एक लॉकेट, सोने की चंद्रमा, नथुनी, झुमका, मांग टिक्का, मंगलसूत्र, और दुगार्जी के लॉकेट समेत विभिन्न आभूषण थे, जिनकी कुल कीमत लगभग आठ लाख रुपये है। पीड़िता ने नगर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की गई।

## दहेज में तीन लाख एवं सिकड़ी नहीं मिलने पर विवाहिता की हत्या कर शव किया गायब

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**



बगेन गोला थाना क्षेत्र के मनकी गांव में दहेज में तीन लाख रूपए नगद तथा सोना की सिकड़ी की डिमांड पूरी नहीं करने पर ससुराल वालों ने तीन वर्ष पूर्व ब्याही गई एक विवाहिता की हत्या कर शव को गायब कर दिया है। इस मामले में मृतका की मां के बयान पर बगेन थाने में पति-ससुर समेत ससुराल पक्ष के अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। मृतका पूनम देवी पिता शिवमंगल सिंह का मायके भोजपुर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के चौबेपुर बम्हवार गांव में है। घटना बीती रात की बताई जा रही है।

इस संबंध में बगेन पुलिस को दिए आवेदन में उसकी मां कमला देवी ने जिक्र किया है वह अपनी बेटी पुनम की शादी तीन वर्ष पूर्व मनकी गांव के सिद्धनाथ सिंह के बेटे संतोष सिंह के साथ की थी। शादी के बाद ससुराल वाले उससे दहेज में तीन लाख रूपए नगद तथा सोने की सिकड़ी की डिमांड कर रहे थे। नहीं देने पर उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। शनिवार की रात पूनम ने अपने पिता को फोन कर ससुराल वालों की प्रताड़ना की जानकारी दी थी तथा यह भी आशंका जताई थी कि पैसा और सिकड़ी नहीं देने पर उसकी हत्या भी की जा सकती है।

कमला ने बताई है कि वह सुबह में अपने बेटे को उसके ससुराल मनकी भेजी तो ससुराल वालों ने बताया कि उसकी मौत हो गई है तथा शव का दाह संस्कार भी कर दिया गया है। कमला ने बताई है कि ससुराल वाले ही उसकी हत्या कर शव को गायब किए है। उसने उसके पति, ससुर, सास समेत अन्य परिजनों को आरोपित किया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के ससुराल के बाद से ससुराल वाले फरार हो गए है।

## आईईएसएम डुमरांव, अनुमंडल की मासिक बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में हुई बैठक

# सैनिक वेलफेयर, ईचीएचएस कार्ड समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**केटी न्यूज/डुमरांव**



रविवार को स्थानीय जयपुरिया स्कूल परिसर में इंडियन एक्स सर्विस मूवमेंट (आईईएसएम) के अनुमंडल कमिटि की मासिक बैठक संपन्न हुई। यह बैठक जयपुरिया स्कूल में चेयरमैन सह आईईएसएम संरक्षक सूबेदार अजय पांडेय के मार्गदर्शन में और अनुमंडल अध्यक्ष सूबेदार कमलेश्वर राय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन उपाध्यक्ष हवलदार गजेंद्र तिवारी ने किया।

इस बैठक में डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र के लगभग 50 सैनिकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। सभापति सूबेदार जोगेंद्र सिंह के उद्बोधन से बैठक की शुरूआत हुई। अध्यक्ष कमलेश्वर ने अपने संबोधन में सैनिक वेलफेयर पर विशेष चर्चा की, कैप्टन ददन सिंह ने अनुशासन पर बल दिया और कहा कि अनुशासित रहते हुए सैनिक एकता बनाए रखना है। सूबेदारदिना नाथ सिंह ने अपने वक्तव्य में बताया कि लाइफ सर्टिफिकेट समय से भर देना है अन्यथा पेंशन बंद हो सकता है। डुमरांव स्टेट बैंक के डिप्टी मैनेजर विनोद मिश्र भी इस बैठक में उपस्थित थे। उन्होंने बैंक द्वारा मिलने वाली सारी सुविधाओं से अवगत कराया तथा संगठन द्वारा उन्हें अंग वस्त्र और माल्यार्पण से सम्मानित किया गया। वारंट बबन मिश्र ने बताया कि ईसीएचएस कार्ड समय पर बनवा ले नहीं तो सीरियस होने पर काफी भाग दौड़ करनी पड़ती है और घर से लाखों रुपया दवाइयों में लग जाता है।

मौके पर सूबेदार जीतन प्रसाद पाल, हवलदार मनोरंजन तिवारी, हवलदार संजय गिरी, नायक श्रीकांत मिश्र, नायक श्याम प्रसाद, हवलदार विनय शंकर तिवारी, सूबेदार एसएन उपाध्याय, नायक राजेंद्र राय, सूबेदार मेजर श्रीभगवान सिंह, नायब सूबेदार दिनानाथ सिंह, सूबेदार सुदर्शन प्रसाद, नायक बी दयाल, हवलदार राजेंद्र प्रसाद, हवलदार सुरेश चंद, सूबेदार प्रदीप कुमार राय, नायब सूबेदार के राय, नायक बीरेंद्र सिंह एवं सुशीला देवी आदि उपस्थित थे।

### रिकार्ड ऑफिस में डॉक्यूमेंट भेजकर करा लें ठीक

अध्यक्ष ने कहा कि सभी सैनिक एवं वीर नारियां अपना डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, आधारकार्ड, पैनकार्ड पासबुक में नाम और जन्मतिथि चेक कर लें। सभी एक जैसा होना चाहिए जिसका नहीं है रिकार्ड ऑफिस में डॉक्यूमेंट भेजकर ठीक करा लें। साथ ही साथ उन्होंने बताया कि 11 और 12 नवंबर को सीडीए की टीम पटना से ईसीएचएस बक्सर में आएगी और वहीं पर लाइफ सर्टिफिकेट भी भरा जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि बहुत से सैनिकों की वेतन संबंधित शिकायतें पीसीडीए प्रयागराज को की गई है और कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पीसीडीए अधिकारी मनोज सिंह के द्वारा काफी सराहनीय कार्य बक्सर जिला के सैनिकों के लिए किया जा रहा है। कई भूतपूर्व सैनिकों ने इस बैठक में आईईएसएम बक्सर की सदस्यता ग्रहण की।

## एक नजर

### छठ पर्व पर सुविधाओं को लेकर निरीक्षण करने बक्सर पहुंचे डीआरएम, दिए निर्देश



**बक्सर।** आगामी दिनों होने वाले राज्य का विशेष आस्था का महापर्व पर बक्सर स्टेशन पर रेल विभाग द्वारा क्या-क्या यात्रियों की सुविधा की गई है। जिसको लेकर रविवार को दानापुर मंडल के डीआरएम जयंत चौधरी बक्सर स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंच गए। हालांकि, इनके आने को लेकर सुबह से रेल प्रशासन साफ-सफाई से लेकर स्टेशन परिसर में वाहनों के जमावड़ा को लेकर विशेष हिदायत दी गई थी। डीआरएम दोपहर 12 बजे के आसपास अपने स्पेशल सैलून से बक्सर स्टेशन पहुंचे। जहा प्लेटफार्म से लेकर यात्रियों के ठहरने वाली वेटिंग हाल, टिकट काउंटर, स्वचालित सीढ़ी तथा फुट ओवरब्रिज आदि भीड़ होने वाली जगहों का निरीक्षण किया जहा सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि रेल विभाग द्वारा हर वर्ष की भांति भीड़ को व्यवथित होने से बचाव के लिए विशेष सतकर्ता बरतने का निर्देश दिया गया है। इस बार छठ पर्व पर बिहार यूपी के लोगों के लिए खास तौर पर स्पेशल विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। जिससे जहा उन यात्रियों का यात्रा सुगम हो सके। उन्होंने बताया कि पर्व से पहले व बीतने के बाद लगभग साढ़े सात हजार ट्रिप्स विशेष ट्रेन चलाई जा रही जिससे उन यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में कोई कठिनाई न हो पाए। उन्होंने बताया की इस पर्व पर भीड़ न होने पर इसकी खास तौर से सम्बंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है। वही, टिकट के लिए या ट्रेन से उतरने-चढ़ने में यात्रियों को कोई असुविधा न हो सके इसके लिए खास ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। हालांकि, ऐसा अभी कुछ नजर नही आया है।

### मांगों को लेकर जिला डीलर एसोसिएशन करेगा विधानसभा का घेराव



**बक्सर।** रविवार को स्थानीय डाक बंगला में फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की बैठक डा. मनोज यादव के अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन डुमरांव अनुमंडल अध्यक्ष हरेन्द्र पासवान ने किया। बैठक में एसोसिएशन के छह सूत्री मांग पर गंभीरता से चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि लंबित जन वितरण प्रणाली की छः सूत्री मांगों को लेकर पूरे प्रदेश में संयुक्त मोर्चा बनाकर जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के हित में सरकार से मजबूती से लड़ाई लड़ी जाएगी। अभी तक सरकार को धरना, प्रदर्शन एवं अनशन के माध्यम से कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन सरकार के निरंकुश प्रशासक के द्वारा मांग पत्रों पर अब तक विचार नहीं किया गया। उन्होंने बताया छह सूत्री मांगों में जविप्र के दुकानदारों को चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की दर्जा या पैतीस हजार रूपया मासिक मानदेय देने, अनुकंपा में उम्र सीमा को समाप्त करने, सप्ताहिक छुट्टी के साथ आगामी 10 नवम्बर को बिहार प्रदेश फेयर प्राइस डीलर संगठन के हो रहे मुजफ्फरपुर के अधिवेशन में भाग लेने पर भी चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अब लंबित मांगों को लेकर विधानसभा का घेराव भी किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासचिव हृदय नंद मिश्र, बैजनाथ यादव, ललन सिंह, हरेंद्र पासवान, गुलाब रजक, वीरेंद्र सिंह, मनीष कुमार राम, गोपाल यादव, मोहम्मद तैयब अंसारी, हृदय नारायण यादव, सुनील कुमार सिंह, सिद्धनाथ राय, केशव प्रसाद, फागु सिंह, हरि नारायण यादव के अलावा भारी संख्या में जन वितरण प्रणाली के विक्रेता मौजूद रहे।

### पैक्स चुनाव के प्रत्याशियों को छह नवंबर से मिलेगा नामांकन पत्र, तैयारी पूरी

**चौसा।** पहले चरण में होने जा रहे प्राथमिकी कृषि साख समिति पैक्स के लिए नामांकन पत्र छह नवंबर से प्रत्याशियों को मिलने लगेगा। पैक्स चुनाव की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। इस आशय की जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई है। दूसरी तरफ प्रखंड क्षेत्र के गांव में पैक्स चुनाव की हलचल शुरू हो गई है। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए तरह तरह के प्रयास शुरू हो गया है। चुनाव मैदान में उतरने वाले भावी प्रत्याशी मतदाताओं के बीच जनसंपर्क शुरू कर दिए हैं। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि पहले चरण में चौसा प्रखंड के आठ पैक्सों के चुनाव कराए जाएंगे। जिसके लिए सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्र से लेकर नामांकन के लिए सारे प्रबंध कर लिए गए है। आगामी छह नवम्बर से नामांकन पर्चा का वितरण प्रखंड कार्यालय पर शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय पर बकायदा तीन काउंटर बनाये जाएंगे। जहा एन आर का शुल्क जमा कर अभ्यर्थी नामांकन पर्चे लेंगे। नामांकन पत्र जमा करने की तिथि 11 नवम्बर से 13 नवम्बर तक निर्धारित की गई है। प्रत्येक पैक्स के अलग-अलग काउंटर बनाये जाएंगे। इस तरह प्रखंड के आठ पैक्स के लिए आठ काउंटर बनाये जाएंगे। उन्होंने बताया नामांकन के बाद नामांकन पत्रों की संवीक्षा 14 नवम्बर से 16 नवम्बर, जबकि, प्रतीक चिन्ह का वितरण 19 को की जाएंगी वही, 26 नवम्बर को चुनाव कराए जाएंगे। 27 नवम्बर को मतगणना कराई जाएगी।

## डुमरांव के मठिला में भगेलु बाबा अखाड़ा में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित, बोले ददन पहलवान

# कुश्ती को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर पर भी प्रतियोगिताओं का आयोजन जरूरी





दंगल प्रतियोगिता का उद्घाटन करते पूर्व विधायक व अन्य।



दंगल प्रतियोगिता में विरोधी को निर्णायक दांव देता पहलवान।



दंगल में विरोधी को दांव देकर पछाड़ता पलवान।



दंगल में दांव-पेंच दिखाते नन्हे पहलवान।

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले के डुमरांव प्रखंड अंतर्गत मठिला पंचायत के स्थानीय गांव में रविवार को स्व. भगेलु यादव अखाड़ा पर 83वीं बार अंतर्राज्यीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बक्सर जिले के अलावा पड़ोसी जिलों रोहतास व भोजपुर के अलावा उत्तर प्रदेश के बनारस, गाजीपुर, मोहमदाबाद समेत कई जिलों के पलवानों ने हिस्सा लिया। पूर्व विधायक ददन पहलवान ने कुश्ती के अखाड़े पर दंगल का उद्घाटन किया। कहा कि कुश्ती मिट्टी से जुड़ा खेल है। इससे भारत की पहचान है। कुश्ती-दंगल भारत का सबसे पुराना एवं ऐतिहासिक खेल है, जो संयम व ताकत का खेल है। लेकिन वर्तमान में यह खेल अपना महत्व खोता जा रहा है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को हर स्तर पर बढ़ावा दिया जाना चाहिए। कुश्ती में बेहतर भविष्य है। इसको जीवित रखने के लिए ग्रामीण स्तर पर दंगल प्रतियोगिताओं का आयोजन बहुत जरूरी है।

बतौर मुख्य दंगल का उद्घाटन करते हुए चिंता जताई कि कुश्ती को जो मुकाम मिलना चाहिए था वह नहीं मिला। हालांकि आज भी ग्रामीण क्षेत्रों से ही निकले हुए पहलवान देश का नाम रोशन कर रहे हैं। आज के समय में केंद्र व राज्य सरकार को ग्रामीण स्तर के कुश्ती पहलवानों को बढ़ावा देने के लिए विशेष आयोजन करने चाहिए और उन्हें व्यवस्था उपलब्ध करानी चाहिए। ताकि, बक्सर जिले के पहलवान भी अपनी कुश्ती को बेहतर बनाने के साथ राज्य व राष्ट्रीय स्तर के अलावा विश्व पटल पर बक्सर का लोहा बनवा सकें। उन्होंने दंगल में आए खिलाड़ियों व पहलवानों से आह्वान करते हुए कहा कि कुश्ती प्रेम भावना से खेलें।

- प्रतियोगिता में इस वर्ष भी रहा उत्तर प्रदेश के जिले के पहलवानों का दबदबा
- दंगल प्रतियोगिता का अतिथियों व ग्रामीणों ने उठाया पूरा लुफ्त

**प्रतियोगिता के दौरान मौजूद रहे ये लोग :** मैच के दौरान उद्घोषक के रूप में वशिम पहलवान एवं रेफरी मिठू पहलवान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं, अतिथियों में मठिला मुखिया देवेंद्र सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रभाकर श्रीवास्तव, प्रमुख प्रतिनिधि धनंजय पासवान एवं कोरानसराय थाना के एसआई रमानी चंद्र व राज कुमार सिंह मौजूद थे। कमिटी में विजय यादव, मोहन तिवारी, मुन्ना राय, पूर्व सरचंप विनोद यादव, चेयरमैन सत्यदेव तिवारी आदि समेत समस्त मठिला के दंगल प्रेमी मौजूद रहे।

### पांच से 50 हजार तक के इनाम की हुई कुश्ती

दंगल प्रतियोगिता में पांच हजार से लेकर 51 हजार रुपये तक के इनाम की कुश्ती प्रतियोगिता हुई। दंगल में इशुपुर मोहम्दाबाद के पहलवान एवं एनआईसी के कोच वशिम पहलवान पर कमिटी ने 51 हजार रुपये का इनाम रखा। जिसमें वशिम पहलवान को टक्कर देने के लिए अखाड़े में गाजीपुर जिले के संतोष पहलवान ने दाव अजमाया। दोनों पहलवानों को 20 मिनट का समय मला। दोनों ने एक दूसरे को अपने अपने दाव से पछाड़ने की कोशिश की, लेकिन दोनों पहलवानों में से कोई एक दूसरे को चीत नहीं कर सका। उसके बाद पंकज पहलवान पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। इनके साथ किसी भी पहलवान हाथ नहीं मिला सका। साथ ही, विजयी पहलवानों में अशोक पहलवान, शमशेर पहलवान, विशाल पहलवान, सोनु पहलवान, सूरज पहलवान शामिल थे। इसके अलावा दंगल में ओसिन टाइगर, मटरु पहलवान, पारस पहलवान, भरत पहलवान व पप्पू पहलवान ने भी दर्शकों की वाहवाही लूटी।

### पहलवानों का गढ़ रहा है डुमरांव अनुमंडल इलाका

आज भले ही क्रिकेट के चकाचौंध में कुश्ती की चमक फीकी पड़ गई है, लेकिन एक जमाने में बक्सर जिले के डुमरांव अनुमंडल का इलाका अपने नामी गिरामी पहलवानों के लिए जाना जाता था। दशकों पूर्व अनुमंडल इलाके के पहलवान देश व दुनिया में अपने दमखम व दाव पेंच का डंका बजाते थे।

वहीं, कोपवां के रामदरश पहलवान, डुमरांव बनैला पहलवान, पूर्व विधायक ददन पहलवान सरीखे राष्ट्रीय स्तर के दर्जनों पहलवान अनुमंडल इलाके की मिट्टी से निकले थे। एक जमाना था जब अनुमंडल इलाके के गांवों की पहचान उनके पहलवानों से होती थी, लेकिन समय से साथ कुश्ती का खेल अब विलुप्त होने लगा है।

मठिला में आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में पूर्व मंत्री ददन ने कहा कि कुश्ती जैसे परंपरागत भारतीय खेल को संरक्षित करने व बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य व केन्द्र सरकार इस प्राचीन खेल के संरक्षण के प्रति संजीदगी दिखाए तो आज भी अनुमंडल इलाके के पहलवान राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने के साथ ही जिले का नाम रौशन कर सकते है।

## एक नजर

### घाटों के निर्माण में लगे लोग, छठ की तैयारी शुरू



**केसठ।** दीपावली समाप्त होते ही लोक आस्था का महापर्व की तैयारी में लोग जुट गए हैं। गांव से ग्रामीण तक सभी लोग घर के आसपास की सफाई करने के साथ ही छठ घाटों की सफाई का कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। इसके साथ ही प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर छठ पूजा में इस्तेमाल होने वाले वाली पूजा-सामग्री की दुकानें सजने लगी है। छठ पूजा शुरू होने में अब महज चार दिन रह गए है। यह पर्व स्वच्छता का प्रतिक है। सभी लोग घर की सफाई के साथ ही घर के आस-पास स्थानों को भी साफ करते हैं। इसके साथ ही छठ घाट तक जाने वाले रास्ते की भी सफाई करते हैं। इस बार आगामी चार नवंबर को नहाय-खाय छठ पर्व शुरू हो रहा है। इसके साथ ही 6 को खरना, 7 नवंबर को संध्या और 8 नवंबर को उदीयमान सूर्य को अर्ध्य के साथ महापर्व समाप्त होगा। बिहार में हिंदुओं का लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा को ले घाटों की सफाई के साथ साथ घाट निर्माण की करवाइदे शुरू हो गई है। छठ पूजा को महापर्व कहा जाता है। काफी कठिन व्रत मनाने जाने वाला छठ की तैयारी घरों में नियत समय से पहले से ही शुरू हो जाती है। राज्य के दूसरे जगह पर रहने वाले श्रद्धालु भी छठ पूजा में अपने घर आने के लिए महीनो पूर्व ट्रेन के टिकट खरीद लेते हैं। इसके लिए लोग पूर्व से ही नदी, तालाब, नहरे के समीप घाट निर्माण का काम शुरू कर देते हैं। उस जगह की सफाई करते हैं और उसे समतल बनाते हैं।घाट पर अपने बैठने की जगह को समतल बनाने के साथ ही उसे गोबर, मिट्टी से लीपकर सजाते हैं।ताकि छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई दिक्कत ना हो।युवक अपने अपने घाटों को समतल कर उसपे अपना नाम भी लिख रहे है ताकि पर्व के दिन उक्त घाट पर दूसरे के द्वारा कोई विवाद ना हो।बता दे की प्रखंड परिसर स्थित तालाब में सैकड़ों की संख्या में लोग व्रत करते है।वही विभिन्न छठ पूजा समितियों द्वारा भी मूर्ति निर्माण,रास्ते की साफ सफाई के साथ साथ विधि व्यवस्था की तैयारी जोरों से कर रहे

### भैया दूज पर बहनों ने कूटा गोधन, फिर जीभ पर चुभोया रेंगनी का कांटा



**डुमरांव/केसठ।** भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक पर्व भैया दूज अनुमंडल क्षेत्र में रविवार को परंपरागत तरीके से हर्षोल्लास के माहौल में मनाया गया। भैया दूज पर बहनों ने गोधन कूटने के साथ जीभ पर रेंगनी का कांटा भी चुभोया। शहर से लेकर गांव तक एक ओर जहां बहनों ने अपने भाईयों के मस्तक पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की, तो वहीं भाईयों ने भी बहनों को उपहार देकर हर मुश्किल घड़ी में साथ देने का वचन दिया। इस मौके पर बहनों ने अपने भाईयों को मुंह भी मीठा कराया। फिर बहनों ने भाई के मस्तक पर तिलक लगाकर हाथ में कलेवा बांधा और मुंह मीठा कराकर उनकी लंबी आयु की कामना की। ताकि, भाई विघ्न-बाधाओं से दूर रखा जा सके। आचार्य पंडित आदित्य तिवारी ने बताया कि कार्तिक शुक्लपक्ष द्वितीया तिथि को यम द्वितीया व भ्रातृ द्वितीया (भैया दूज) के नाम से प्रसिद्धि प्राप्त है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन यमुना ने अपने भाई यम को अपने घर भोजन कराया था तथा इस अवसर पर यमलोक में उत्सव भी हुआ था। इस दिन बहन के घर जाकर उनके हाथ का बना हुआ भोजन करने व उन्हें यथाशक्ति दान देने से कर्मपाश में बंधे हुए नारकीय पापियों को भी यमराज छोड़ देते हैं। उन्होंने बताया कि इस तिथि में बहन के द्वारा अपने भाइयों को श्रापने की परंपरा है और पुनः बहनें अपने जिह्वा पर रेंगनी के कांटों को चुभाती हैं। ऐसी मान्यता है कि इस दिन बहन का श्राप भाईयों के लिए आशीर्वाद होता है। बहनें इस दिन व्रत रखकर भाई के माथे पर तिलक लगाकर भाई के दीर्घ जीवन की कामना करतीं हैं। वहीं, केसठ प्रखंड में रविवार को भैया दूज का पर्व मनाया गया। इस दौरान बहनों ने भाइयों को टीका लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना ईश्वर से की। इससे पहले बहनों ने अपने अपने घरों में भाई दूज पर होने वाली औपचारिक पूजा अर्चना कर गोधन कुटी। इस दौरान बहनों ने गोधन कूटते वक्त अवरा कुटिला भवरा कुटीला, कुटिला यम के दुआर... कुटिला भईया के दुसम,चारू पहर दिन रात... जैसे पारंपरिक गीत गाई।

## बक्सर में ठटेरी बाजार से 13 जुआरी धराये, पूछताछ जारी

**केटी न्यूज/बक्सर**



नगर के ठठेरी बाजार मोहल्ले के एक घर मे खेले जा रहे बड़े जुए के अड्डे पर गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दी। जिसमे कुल 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लगभग एक लाख 39 हजार नगद व ताश के पत्ते भी बरामद किए गए। यह मामला अपराह्न छह बजे की है।

नगर थाना के थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी ठठेरी बाजार स्थित दीना गुप्ता के मकान में जुए के अड्डे का संचालन किया जा रहा है। सूचना मिलने के साथ ही नगर थानाध्यक्ष संजय सिन्हा के द्वारा एक टीम का गठन कर ठठेरी बाजार स्थित दीना के मकान में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान वहां एक बंद कमरे में कुछ युवक जुआ खेलते नगद के साथ पकड़े गए है। पुलिस सभी पकड़े गए 13 लोगों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया। जिनके पास से एक लाख 39 हजार रुपए नगद व एक ताश की गड्डी बरामद की गई। हालांकि, पकड़े गए लोगों के नाम नही बताया उन्होंने कहा कि अभी आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## छठ घाटों को तैयार कर रहे हैं नौजवान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



छठ घाटों की तैयारी में प्रशासन से लेकर स्थानीय लोगों तक जुट गए हैं। जहां नौजवानों की टोलियां घाट बनाने में नदी और तालाब के किनारे पहुंच रहे हैं, वहीं घर के पुरूष बाजार की तरफ रूख करते हुए खरीदारी में जुटे हुए हैं। वहीं घर की महिलाएं पूजा घर की सफाई और समान रखने के स्थान को सुरक्षित करने में लगी हुई हैं। छठ पूजा के मंगल गीत से वातावरण पूरी तरह से छठमय हो गया है।

गौरतलब है कि नगर के साथ ही विस्तारित क्षेत्र में बीस छठ घाट हैं, जहां पर छठ पूजा की जाती है। हर घाट की तालाबों के साथ घाटों की सफाई को शुरू कर दिया गया है। हालांकि नप के मजदूर कम पड़ गए हैं, लिहाजा नौजवान सफाई की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार नगर के विस्तारित क्षेत्र पुरानाभोजपुर में भैंसही नदी के किनारे छठ पूजा होती है। नौजवान वहां पहुंच घाट बनाने और सफाई कर रहे थे। उनसे बात की तो बताया की नप ने एक भी मजदूर को नहीं भेजा है। ऐसे में हम अपनी जिम्मेवारी से कैसे भाग सकते हैं। लिहाजा नौजवानों की टोलियों घाटों की सफाई में पूरी तरह से जुट गई है। वहीं नगर का छठिया पोखरा में तीन दिशाओं में तो घाट बना हुआ है, जिसकी सफाई करने में नप के मजदूरों को कोई परेशानी नहीं हुई है। तालाब के चारोतरफ डेंजर जोन चिन्हित किये गये हैं, उसके सुधार में मजदूर लगे हुए हैं। उसी तरह से अन्य घाटों में नयातलाब, महाकाल मंदिर तालाब, बाबा जंगलीनाथ घाट, सूरत राय का तालाब की सफाई के साथ ही तालाब में उतरने के लिए सुगम सीढ़ी भी बनाया जा रहा है। नगर के बहुत से छठ घाट तालाब है, जिसमें पानी की कमी है। उन तालाबों में नप पानी भरवाने की बात कहता है।

### एचडब्ल्यूसी नदांव को एनक्वास सर्टिफिकेट दिलाने की तैयारी

**बक्सर।** सदर प्रखंड के नदांव एचडब्ल्यूसी को एनक्वास सर्टिफिकेट दिलाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एनक्वास के लिए सारी तैयारी हो चुकी हैं। अब आवेदन करना है। जिसके बाद टीम सर्वे के लिए आएगी।


DR. JAGNARAYAN SINGH MEMORIAL NURSING INSTITUTE

Dumraon (Buxar) Bihar 802119

Run & Managed by Raghubir singh Chikitsalaya

केवल ANM कोर्स के लिए

Cont - 7488025032, 9431682605 | Emai- sakarsingh83@gmail.com

रघुवीर सिंह चिकित्सालय
संस्थापक
स्व. डॉ. जगनारायण सिंह
स्व. डॉ. अजीत कुमार सिंह
ढुनमुन सिंह
डुमरांव बक्सर

डॉ0 साकार कुमार
एमबीबीएस, एमएस लखनऊ
एक्स सीनियर रेजिडंट,
गुरूगोविन्द सिंह हॉस्पीटल
नई दिल्ली

डॉ. मोनिका सिंह
एमबीबीएस लखनऊ
स्त्री रोग विशेषज्ञ
एक्स रेजिडंट
डॉ0 दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पीटल
नई दिल्ली

डॉ. नन्द किशोर सिंह
एमडीएस

डॉ. सिद्धार्थ सिंह
बीडीएस

शुक्रवार बंदी

नोट: दूरबीन द्वारा सभी प्रकार का ऑपरेशन किया जाता है


### बक्सर में चित्रगुप्त परिवार मंच के तत्वावधान में आयोजित किया गया पूजन समारोह

# चित्रगुप्त पूजा पर कायस्थ समाज ने की कलम दवात की पूजा

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर के सिविल लाइन स्थित चित्रगुप्त मंदिर में रविवार को चित्रगुप्त पूजा (वार्षिक पूजा) का आयोजन किया गया। यह आयोजन चित्रगुप्त परिवार मंच के तत्वावधान में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया। आयोजकों ने बताया कि मंदिर के स्थापना (1980 ) से यह पूजा अनवरत चलते आ रहा है। उल्लेखनीय है कि पूरे शाहाबाद में यह अति विशिष्ट चित्रगुप्त मंदिर यही है। जहां हर साल चित्रगुप्त पूजा की जाती है। जिसमें जिलेभर के कायस्थ समाज के लोग शामिल होते है। इस मंदिर के प्रति कायस्थ समाज की अटूट आस्था है।

इस पूजा में सम्मिलित होनेवाले में चित्रगुप्त परिवार मंच के अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद वर्मा, संरक्षक शिवपूजन लाल, वरिष्ठ अधिवक्ता, मॉडल थाना प्रभारी संजय सिन्हा, मंच के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण वर्मा, महासचिव मनन, नीरज श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव, रमन कुमार, शिवकृपाल दास शुड्डू एवं मनीष सिन्हा शामिल थे। मंदिर के पुजारी पंडित रामप्रकाश ओझा ने वैदिक विधान से पूजा संपन्न कराया। मौके पर भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित हुए एवं प्रसाद वितरण किया गया।

### श्रद्धा व उत्साह के साथ संपन्न हुई पूजा

**डुमरांव।** डुमरांव में रविवार को भगवान चित्रगुप्त पूजन समिति महावीर चबूतरा लाला टोली रोड में भगवान चित्रगुप्त पूजन का आयोजन पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान उनकी प्रतिमा स्थापित कर कायस्थ समाज के लोगों ने भगवान चित्रगुप्त का पूजन कर जयकारे लगाये और सुख-समृद्धि की कामना की। समाज के लोगों ने कलम, दवात और पुस्तकों की विधिपूर्वक पूजा की। पूजा के पश्चात हवन का आयोजन हुआ। जिसमें कायस्थ समाज के पदाधिकारियों और सदस्यों ने आहुति दी। पूजा के दौरान आरती और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार, सचिव सुजीत कुमार सिन्हा सह, संरक्षक प्रो कामता प्रसाद सिन्हा, अधिवक्ता शंभूशरण नवीन, डॉ समित सौरभ, डॉ शैलेश श्रीवास्तव, प्रदीप शरण, शशिभूषण श्रीवास्तव, अरविंद कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर श्रीवास्तव, संजू श्रीवास्तव ने बताया कि कायस्थ समाज सदियों से लेखनी का सम्मान करता आ रहा है। मौके पर प्रशांत, प्रतीक कुमार, अनिल कुमार सिन्हा, हिमांशु प्रकाश, रमेश कुमार श्रीवास्तव, रवि सिन्हा, श्रीवास्तव, रवि शंकर श्रीवास्तव, विद्या भूषण श्रीवास्तव, धनजीत कुमार, बिमलेश कुमार, योगेश कुमार, टिंकू सिन्हा, डॉ आशीष कुमार सिन्हा, अरुण लाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# भाइयों की लंगी उम्र की कामना के साथ बहनों ने मनाया भाई दूज

**केटी न्यूज/सासाराम**



भाई के लंबी उम्र की कामना हर बहनों के मन व दिलों में सदियों से रही है भाई के लंबी आयु की कामना का पर्व भाई दूज रविवार को अनुमंडल क्षेत्र में बहनों ने पूरे विधि-विधान व धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनाया। भाई-बहन के अटूट प्रेम को सूत्र में पिरोते इस त्योहार को जितना उत्साह बहनों में दिखा उतने ही भाई भी उत्साहित दिखे। भाइयों ने भी अपनी बहनों को स्नेह स्वरूप उपहार दिए। व्रत के एक दिन पूर्व बाजार में महिलाओं और युवतियों ने जमकर खरीदारी की। भैया दूज के मौके पर बड़ी संख्या में बहनें अपने भाइयों के घर पहुंची। उन्होंने जजघर में भगवान धर्मराज को तिलक लगाकर उन्हें अनाज चढ़ाया। मंदिरों में इस मौके पर सुबह से ही पूजा- अर्चना के लिए तांता लगा रहा।

रविवार अहले सुबह से ही भैया दूज की तैयारी शुरू हो गई थी। पर्व को लेकर बहनें सामाग्री जुटाने में व्यस्त रही तो वहीं भाई पूरी तैयारी में जुटे रहे। शुभ समय के साथ बहनें अपने घर के आंगन में पर्व की सामाग्री के साथ बैठी और पूजा में जुट गई। इस दौरान बहनों ने सर्वप्रथम डंडे व मूसल से चना,गड़ी व रंगीली कांटा को कूटा, तत्पश्चात बहनों ने डंडे व मूसल से चना-गड़ी का प्रसाद तैयार कर भाइयों को खिलाया और भाई के लंबी आयु के लिए रंगीली कांटा अपने-अपने जीभ में चुभोया। इस दौरान पर्व से जुड़े पारंपरिक गीत भी बहनों की ओर से गाए जा रहे थे। पूजा के क्रम में महिलाओं व युवतियों ने पारंपरिक गीत के बीच भाइयों के लिए भईया दूज का पर्व मनाकर पूजा के दौरान फूल के माला को भाइयों के गलों में पहनाया। जानकारों के मुताबिक मान्यता है कि माला भाइयों के गलों में पहनाने से हर भाई की उम्र लंबी होती है, जो बहनों ने पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न किया। इस दौरान यम- यमिनी की भी पूजा की गई। लड़कियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी इस पर्व में शिरकत की। अनुमंडल मुख्यालय के अलावा विभिन्न प्रखंड क्षेत्रों में भैया दूज पर्व धूमधाम से मनाई गई। जहां बहनों ने अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी आयु की कामना की तो भाइयों ने भी उनकी सुरक्षा करने का संकल्प लेते हुए उपहार भेंट किया।

## हर्षोल्लास व धूमधाम से की गई गोवर्धन पूजा

श्री कृष्णा कमेटी चौखंडा चितौली द्वारा उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में शनिवार को गोवर्धन पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री कृष्ण की पूजा पाठ कर की गई। पूजा पाठ के बाद उपस्थित लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह गोबर्धन पूजा भगवान द्वापर युग में पूणतिार यदुकुल भूषण गोवर्धन गिरधारी की पावन परंपरा प्रतिरोधी चरित्र से समाज को सुशिक्षित करने एवं गांव , पंचायत एवं जिला के लोगों में एकता एवं अखंडता बनाए रखने के लिए श्री कृष्ण कमेटी एवं समस्त ग्रामीण द्वारा प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी चौखंडा चितौली में धूमधाम से गोवर्धन पूजा की गई। कथानुसार भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रजवासियों और जानवरों को, द्वापर युग में इंद्र देव के प्रकोप से बचाव के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सबकी रक्षा की थी।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया भाई दूज का पर्व



**छपरा।** रविवार को भाई - बहन के अटूट प्यार का प्रतीक भैया दूज का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने - अपने भाइयों को तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने भी अपनी बहनों को ढेर सारा आशीर्वाद के साथ उपहार भेंटकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। बहनों ने भाई दूज पर भाई को टीका लगाने की सुबह से ही तैयारी कर रखी थी। मुहूर्त के अनुसार बहनों ने अपनी थालियों में रोली, फल और मिठाई सजाकर पूजा-पाठ किया। सुबह से ही माताएं और बहनें इस पर्व की तैयारी में जुटी थीं। पूजा करने के बाद महिलाओं ने अपने भाइयों को तिलक कर उन्हें मिठाई खिलाई और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसमें सभी की खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। भैया दूज के अवसर पर छोटे बच्चों में जबरदस्त उत्साह देखा गया। भाई-बहन के बीच प्रेम और स्नेह का यह त्योहार आपसी एकजुटता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में मदद करता है।

### वीमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी गौरव यात्रा पर पहुंची छपरा, डीएम व एसपी ने किया स्वागत



**छपरा।** वीमेंस एशियन हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी-2024 का अयोजन 11-20 नवंबर की अवधि में राजगीर में नवनिर्मित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जा रहा है। यह बिहार में खेलों के विकास में अहम साबित होगा। प्रतियोगिता की ट्रॉफी का "गौरव यात्रा" के तहत बिहार राज्य के सभी जिलों में परिभ्रमण कराया जा रहा है। इसी क्रम में गौरव यात्रा के तहत ट्रॉफी का शनिवार को सारण जिला मुख्यालय छपरा में आगमन हुआ। राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अमन समीर, एसपी कुमार आशीष, डीडीसी यतेंद्र कुमार पाल सहित अन्य पदाधिकारियों एवं खेल प्रेमियों ने इस ट्रॉफी का स्वागत किया तथा इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने। इस अवसर पर बिहार के विभिन्न जिलों से राज्यस्तरीय बालिका वुशू प्रतियोगिता के लिये छपरा आयी टीमों के खिलाड़ी भी मौजूद थे। सभी की उपस्थिति में बॉल पासिंग सेरेमनी के साथ इस ऐतिहासिक क्षण का समापन हुआ। इसके बाद ट्रॉफी गौरव यात्रा अपने अगले गंतव्य मुजफ्फरपुर के लिये प्रस्थान हुई। मौके पर जिले के पदाधिकारियों सहित विभिन्न खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### परसा में चाकूबाजी में किशोर जख्मी

**छपरा।** परसा थाना क्षेत्र के अन्याय में शनिवार की शाम चाकू के प्रहार से एक 14 वर्षीय किशोर लहूलुहान हुआ। जख्मी किशोर अन्याय निवासी उपेंद्र राय का पुत्र नीतीश कुमार है। घटना की सूचना मिलने के साथ ही डायल 112 पुलिस व स्थानीय पुलिस तुरंत अन्याय पहुंची और जख्मी किशोर को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा लाया। जख्मी को पेट व फेफड़े के समीप चाकू लगा है। उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे तुरंत पीएमसीएच रेफर किया गया। उपचार कर रहे चिकित्सक ने बताया कि जख्म से रक्तस्राव व सांस लेने में आ रही समस्या को देखते हुए उपचार के बाद तुरंत रेफर किया गया। जख्मी को रेफर करने के साथ ही थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने मामले की छानबीन को लेकर पूछताछ के साथ छापेमारी शुरू कर दी।

## खबरें फटाफट

### गोवर्धन पूजा पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**सासाराम।** काराकाट अनुमंडल मुख्यालय समेत सभी प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ गोवर्धन पूजा मनाया गया। जिस दौरान अलग-अलग अंदाजों में कलाकारों व पहलवानों द्वारा अपनी-अपनी कला-कौशल को दिखाया गया । जिसको देख लोग भावविभोर हो उठे। नगर के धारूपुर, तेंदुनी,धनगाई सहित प्रखंड के नोनहर, सेमरा, मानपुर, सलेमपुर, जोन्ही, धावां तो वहीं दूसरी ओर प्रखंड दिनारा, सूर्यपुरा, संझौली, राजपुर, नासरीगंज एवं काराकाट प्रखंड के काराकाट, चिकसिल, मोहनपुर, कुरुर, जयश्री, करूप, गोड़ारी, सातों परसियां, पहरमा, घरवासडीह, कछवां, अमौना, रघुनाथपुर, बिरैनी, देव मार्कण्डेय, नोक-परासी सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के सुदूर इलाकों में धूमधाम से गोवर्धन भगवान की पूजा-अर्चना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन सभी प्रखंडों के श्री श्री गोवर्धन पूजा समितियों द्वारा किया गया। उसी क्रम में काराकाट प्रखंड के नोक परासी गांव में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन पूजा समिति द्वारा किया गया। जिस कार्यक्रम का उद्घाटन काराकाट भाग 01 जिला पार्षद उमेश सिंह ने किया। साथ ही काराकाट सीओ डॉ रितेश कुमार सिंह भी उक्त दौरान शामिल हुए। उक्त दौरान जिला पार्षद उमेश सिंह व सीओ डॉ सिंह को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।

## राजगीर में होने वाली वीमेंस हॉकी टूर्नामेंट की तैयारी पर डीएम-एसपी ने दी जानकारी

# भारतीय परंपरा से किया जाएगा विदेशी खिलाड़ियों का सम्मान: जिलाधिकारी



**केटी न्यूज/गया**

राजगीर में वीमेंस हॉकी टूर्नामेंट होने जा रही है। जिसको लेकर इस बार टूनामेंट में हिस्सा लेने वाली विदेशी टीमों की मेजबानी का सम्मान गया और बोधगया को मिला है। अंतरराष्ट्रीय मेहमानों के स्वागत से लेकर ठहरने और सुरक्षा व्यवस्था तक की पूरी जिम्मेदारी गया जिला प्रशासन को दी गई है। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता बिहार में पहली बार होने जा रही है। जिसको लेकर डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि खिलाड़ियों का स्वागत गया एयरपोर्ट पर हर देश की संस्कृति के अनुरूप किया जाएगा। यहां पहुंचने वाले विदेशी खिलाड़ियों को भारतीय परंपरा के साथ स्वागत किया है।

डीएम डॉ. त्यागराजन ने बताया कि विदेशी खिलाड़ियों को भारतीय परंपरा में मिला सम्मान उन्हें भारत की आतिथ्य संस्कृति का विशेष अनुभव कराएगा। बोधगया में सजाए गए तोरण द्वार और दीवारों पर की गई पेंटिंग्स विभिन्न देशों के कलात्मक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक होंगी। टूर्नामेंट का प्रतीक चिह्न ह्यगुड़ियाह्न रखा गया है, जो महिला सशक्तिकरण और बालिका संरक्षण का संदेश देती है। सबसे पहले भारत की टीम के स्वागत से इस महोत्सव का आगाज होगा।

**भारतीय परंपरा से होगा स्वागत :** भारतीय टीम के बाद जापान, थाईलैंड, चीन, कोरिया और मलेशिया की टीमें पहुंचेंगी। जिनके स्वागत में गया पूरी तरह तैयार है। आगे बताया कि जिला प्रशासन ने इस अवसर को न केवल खेल के रूप में बल्कि पर्यटन को बढ़ावा देने के रूप में भी देखा है। गया और बोधगया की ऐतिहासिक और धार्मिक छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और मजबूत बनाने का यह सुनहरा मौका है। एशियन महिला हॉकी प्रतियोगिता में भारत के अलावे मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान, थाईलैंड और चीन की टीमें भाग ले रही हैं. जिला पदाधिकारी ने कहा कि सभी देशों की परंपरा और कल्चर के अनुसार उनके ठहरने की व्यवस्था की गयी है. भोजन में उनके देश के व्यंजन परोसे जाएंगे. होटल में भी खिलाड़ियों के अपने देश की झलक दिखेगी. सभी व्यवस्था कर दी गई है.

**शहरवासियों को नहीं होगी परेशानी, सुरक्षा का पूरा इंतजाम :** एसपी आशीष भारती ने बताया कि महिला एशियन हॉकी चैंपियनशिप के आयोजन को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं खिलाड़ियों के ठहरने के लिए निर्धारित होटल, रिसॉर्ट में पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई है. खिलाड़ियों के प्ले ग्राउंड तक जाने और आने के लिए सामान्य यातायात को अवरुद्ध किए बिना बेहतर यातायात व्यवस्था की गई है. विशेष मार्गों और समय सारिणी के अनुसार यातायात को नियंत्रित किया जाएगा ताकि शहर के निवासियों को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो. एसपी ने बताया कि विदेशी टीमों की सुरक्षा व्यवस्था में विशेष पुलिस बल तैनात किया गया है। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, ताकि खिलाड़ियों का प्रवास पूरी तरह से सुरक्षित रहे। इस दौरान गया में 15-16 दिनों तक ठहरने वाली इन अंतरराष्ट्रीय टीमों का स्वागत, बिहार की संस्कृति, परंपरा और अतिथि सत्कार की मिसाल बनेगा।

### गौरव यात्रा के तहत डीएम के नेतृत्व में हुआ भव्य समारोह



**समस्तीपुर।** वूमेन एशियन हॉकी चैंपियनशिप 2024 के तहत ट्रॉफी गौरव यात्रा का रविवार को समस्तीपुर में भव्य स्वागत हुआ। ट्रॉफी के समस्तीपुर पहुंचने पर डीएम रोशन कुशवाहा के नेतृत्व में शहर के पटेल मैदान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी, खिलाड़ी और खेल प्रेमी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक क्षण को उत्साहपूर्वक मनाया। ट्रॉफी गौरव यात्रा के दौरान पटेल मैदान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जहां डीएम रोशन कुशवाहा, विधायक रणविजय साहू, एमएलसी डॉक्टर तरुण चौधरी और नगर निगम की अध्यक्ष अनीता राम सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने ट्रॉफी का स्वागत किया। स्काउट और गाइड, एनसीसी कैडेटों और स्कूली बच्चों ने ह्यचक दे इंडियाह्न जैसे गीतों पर धुन बजाकर ट्रॉफी का स्वागत किया। ट्रॉफी को देखने के लिए स्थानीय खिलाड़ियों और जनता की भारी भीड़ जुटी। इस आयोजन ने पूरे शहर में खेल के प्रति जोश और उमंग का माहौल बना दिया। डीएम रोशन कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि यह हमारे लिए गौरव का पल है। राज्य में पहली बार एशियन वूमेन हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है, जो बिहार के लिए एक बड़ा सम्मान है। इस तरह के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन से राज्य में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और युवाओं में खेल के प्रति रुचि जागेगी।

## नई ट्रांसफर नीति से शिक्षा प्रणाली के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को भी होगा नुकसान : शिक्षक नेता

**केटी न्यूज/छपरा**



शिक्षा विभाग ने शिक्षकों के ट्रांसफर का नया शेड्यूल जारी किया है। शिक्षक छह नवंबर से ट्रांसफर के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इस ट्रांसफर नीति का विरोध करते हुए परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षकों के स्थानांतरण के लिए नई नियमावली बना कर भले अपनी पीठ थपथपा रही हो, लेकिन शिक्षकों के बीच इस नई नियमावली को लेकर कोई उत्साह का माहौल नहीं है बल्कि इस नियमावली से शिक्षकों में बेहद नाराजगी है। शिक्षकों ने राज्यकर्मी का दर्जा पाने के लिए सक्षमता परीक्षा दी थी,लेकिन सरकार सभी को स्थानांतरण के लिए बाध्य कर रही हैं।

शिक्षक नेता ने कहा कि यह नियमावली नीति को शिक्षकों के प्रति अन्यायपूर्ण है। हर पांच साल में स्कूल और स्थान बदलने की बाध्यता शिक्षकों के साथ-साथ उनके परिवारों के लिए काफी परेशानी भरा होगा। इससे शिक्षा प्रणाली ही नहीं, बल्कि शैक्षणिक गुणवत्ता को भी नुकसान होगा। सरकार अनिवार्य ट्रांसफर के इस नियम पर पुनर्विचार कर शिक्षकों को ऐच्छिक स्थानांतरण की न्यायसंगत मांग को पूरी करें।

## जांच में मिली गड़बड़ी, प्रति यूनिट एक किलो कम मिल रहा अनाज

**केटी न्यूज/छपरा**



जलालपुर एमओ संतोष कुमार ने शनिवार को नवादा के पीडीएस दुकानदारों विद्या सिंह व विशुनपुरा की पैक्स दुकान की जांच की। जांच में प्रति यूनिट पांच किग्रा की जगह चार किलो अनाज देने के मामले का खुलासा हुआ। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नवादा के पीडीएस दुकानदार द्वारा कम अनाज दिए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने मुखिया विष्णु प्रसाद यादव से की।

मुखिया ने बताया कि शिकायत से नाराज डीलर ने उपभोक्ताओं को अपनी दुकान से भगा दिया व कहा कि वह जितना दे रहा है उतना ही अनाज लेना पड़ेगा। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एमओ को सूचना दी। एमओ ने मौके पर पहुंच कर दुकान की जांच की तथा उपभोक्ताओं की शिकायत को दर्ज किया। विशुनपुरा पैक्स की दुकान की भी जांच की जहां प्रति यूनिट चार किलो अनाज देने का मामला सामने आया। इस संबंध में एमओ ने कहा कि प्रति यूनिट पांच किलो अनाज नहीं देने वाले डीलरों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।




## जहानाबाद में धूमधाम से मनाई गई श्री चित्रगुप्त पूजा, श्रद्धालुओं के बीच किया गया प्रसाद का वितरण

# कायस्थ समाज के लोगों ने की चित्रगुप्त की पूजा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



यमद्वितीया श्री चित्रगुप्त पूजा कई स्थानों पर बड़े धूमधाम से मनाई गई। कायस्थ समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलम, दवात, का पूजन किया। वहीं जहानाबाद संगम घाट ठाकुरवाड़ी स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में कायस्थ समाज ने भगवान श्री चित्रगुप्त जी महाराज की पूजा-अर्चना की व मनोवांछित फल की कामना की।

पौराणिक आख्यानों के अनुसार सृष्टि की रचना के बाद ब्रह्माजी चिंतातुर हो गए, चिंता का कारण था, सकल सृष्टि की देखरेख एवं लेखा-जोखा रखना, कोई उपाय न सूझने पर ब्रह्माजी १० हजार वर्ष की अखंड समाधि में लीन हो गए। इसके बाद उनकी काया से एक तेजस्वी बालक का जन्म हुआ, जिनका नाम ब्रह्माजी ने कायस्थ रखा और कहा कि समस्त जीवों के कर्मों का लेखा-जोखा रखना ही तुम्हारा दायित्व है। युवावस्था में उनका विवाह इरावती एवं शोभावती नामक कन्याओं से हुआ,उन दोनों कन्याओं से बारह पुत्र उत्पन्न हुए। इन पुत्रों का नामकरण इनके शासित प्रदेश के आधार पर क्रमशः श्रीवास्तव,अम्बष्ठ, , कर्ण, निगम, कुलश्रेष्ठ, माथुर, सक्सेना, गौड़, अस्थाना, भटनागर, सूरजध्वज एवं वाल्मिकी आदि किया गया । बताते चलें कि मंदिर परिसर में उपस्थित सभी चित्रांशो ने सायंकाल में चित्रगुप्त जी महाराज का महाआरती करने के उपरांत आम सभा का आयोजन किया ! वही मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने संघ समाज की प्रगति और उन्नति के लिए अपने-अपने विचार रखे । पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण गया। इस अवसर पर उपस्थित संघ के संरक्षकगण उमा प्रसाद, संघ के अध्यक्ष शशिकांत, उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, महासचिव रमेश कुमार सिन्हा कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद , सचिव अंजनी कुमार, प्रधान संपादक अनिल कुमार सिन्हा, अशोक सिन्हा , सुबोध अंबर, सूर्यभूषण प्रसाद ,रामबिंदु सिन्हा, बिंदुभूषण सिन्हा, दिलीप सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, राकेश रौशन, किशन रंजन, रितेश सिन्हा, सुनील सिन्हा, मुकेश सिन्हा, ऋषि राज, देवांशु सिन्हा, अनूप, मनीष, निशांत सिन्हा, गप्पू सिन्हा, पंकज सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा, प्रकाश सिन्हा सहित कई चित्रांश उपस्थित थे ।



# 55.33 लाख रुपए धोखाधड़ी करने के मामले में राजस्थान कंपनी के सात लोगों पर केस

♦ फिक्स डिपाजिट व ऑनलाइन शॉपिंग के तहत राजस्थान की निजी कम्पनी ने किया धोखाधड़ी

**केटी न्यूज/बलिया**




राजस्थान की एक निजी कंपनी डुवेल इन्टरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड पर फिक्स डिपाजिट व एक अन्य स्कीम के नाम पर एजेंट के माध्यम से 55.33 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का मुकदमा बांसडीह कोतवाली पुलिस ने दर्ज कर छानबीन कर रही है।

बांसडीह कस्बा के (उत्तर टोला) निवासी अखिलेश प्रसाद पुत्र स्व गनेश प्रसाद ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि डुवेल इन्टरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड में गाजीपुर जिले के ग्राम- कोडरा पदुमपुर, जखनिया निवासी एजेन्ट नागेन्द्र यादव के माध्यम से कम्पनी में फिक्स डिपाजिट स्कीम के तहत पैसा जमा किया गया था। मैच्योरिटी कम्प्लीट होने के बाद एजेंट नागेन्द्र यादव ने कम्पनी से चेक जारी करवा दिया। इसके बाद चेक को दिए समय पर जब बैंक खाते में लगाया गया तो वह चेक बाउंस हो गया। मेरे अलावा और कई व्यक्तियों के चेक बाउंस हुए है। जिसमें अखिलेश प्रसाद 313544 रुपए, लक्ष्मी वर्मा 218765 रुपए, दिनेश कुमार 339112 रुपए, लक्ष्मी इण्टरप्राइजेज 462140 रुपए, ब्रजभूषण वर्मा 70218 रुपए, पूजा कुमारी 2682300 रुपए, अखिलेश कुमार वर्मा 424668 रुपए, अर्जुन कुमार प्रजापति 160188 रुपए, राजकुमारी देवी- 1050000 रुपए है।

**शॉपिंग वेबसाइट के माध्यम से दोबारा नए स्कीम से की गई धोखाधड़ी :** इसके अलावा कम्पनी द्वारा शापिंग वेबसाइट के माध्यम से दुबारा नए स्कीम प्लान में 194538 रुपए का फिर से आनलाइन पैसा लेकर सामान नहीं भेजा गया और ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी की गयी। जिसमें अखिलेश प्रसाद 88276 रुपए, संदीप कुमार गुप्ता 39500 रुपए, कमलेश कुमार वर्मा 50971 रुपए, सुनिता देवी 9041 रुपए, दिनेश कुमार 7350 रुपए है।

## फ्रॉड करने वालों में कंपनी के मास्टर माइंड के अलावा ये लोग शामिल

पीड़ित ने बताया कि डुवेल इन्टरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के मुख्य मास्टर माइन्ड राजेन्द्र शर्मा पुत्र मदन लाल शर्मा डायरेक्टर डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी 11/694 मुकेश निवास, पुर रोड आजादनगर, थाना-प्रतापनगर, भीलवाडा, राजस्थान, प्रवीण कुमार शर्मा पुत्र बद्री लाल शर्मा सह डायरेक्टर डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी सांवरिया मंदिर रोड आजादनगर, थाना प्रतापनगर, भीलवाडा, राजस्थान, सुमित्रा शर्मा पुत्र राजेन्द्र शर्मा मैनेजर डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी 11/694 मुकेश निवास, पुर रोड आजादनगर, भीलवाडा, राजस्थान मोहित शर्मा पुत्र चन्द्र प्रकाश शर्मा सह मैनेजर डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी पुर रोड आजादनगर, थाना-प्रतापनगर, भीलवाडा, राजस्थान, साक्षी सक्सेना उर्फ पायल शर्मा पत्नी मोहित शर्मा एकाउण्टेट डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी पुर रोड, आजादनगर, थाना-प्रतापनगर, भीलवाडा, राजस्थान, अजय कुमार यादव पुत्र गुलाब चन्द यादव कोर कमेटी प्रथम सदस्य डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी ग्राम ठाठर गोपालपुर, थाना-रामपुर, जनपद जौनपुर, उत्तर प्रदेश, जिलेदार पटेल पुत्र विजय शंकर पटेल कोर कमेटी द्वितीय सदस्य डुवेल इण्टरनेशनल प्रा लि कम्पनी निवासी 135 राजमलपुर, मोकलपुर, जौनपुर, उत्तर प्रदेश शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## योगी सरकार को केंद्र ने 6.5 लाख मरीजों के रजिस्ट्रेशन का दिया था लक्ष्य

# टीबी नोटिफिकेशन में पहले स्थान में उत्तर प्रदेश, दूसरे पर महाराष्ट्र व तीसरे पर बिहार

♦ 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से हुए पंजीकृत, आगरा, मथुरा, झांसी में प्राइवेट डॉक्टरों ने मारी बाजी

♦ प्रदेश भर में लखनऊ, गोरखपुर और बरेली में सरकारी संग प्राइवेट अस्पतालों में हुआ बराबर नोटिफिकेशन

**केटी न्यूज/लखनऊ**

### अक्तूबर की समाप्ति तक 86 प्रतिशत मरीज चिन्हित



योगी सरकार ने ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) के मरीजों की पहचान कर इलाज करने में एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। योगी सरकार ने पिछले वर्ष की तरह इस वित्तीय वर्ष में भी उत्तर प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चलने का कीर्तिमान दर्ज किया है। योगी सरकार को इस साल 6.5 लाख मरीजों के चिन्हिकरण का लक्ष्य मिला था। अक्तूबर माह की समाप्ति तक लक्ष्य के सापेक्ष 86 प्रतिशत मरीजों की पहचान कर देश में पहले स्थान पर है जबकि दूसरे स्थान पर महराष्ट्र है, जहां पर 1,85,765 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया। इसी तरह बिहार तीसरे स्थान पर है, जहां 1,67,161 मरीजों का नोटिफिकेशन किया गया है। यानी इस साल भी बीते साल की तरह प्रदेश लक्ष्य से ऊपर टीबी नोटिफिकेशन कर लेगा।

**लखनऊ, गोरखपुर में सरकारी और प्राइवेट अस्पतालों को नोटिफिकेशन रहा बराबर :** विशेषज्ञों का मानना है कि देश-प्रदेश से टीबी उन्मूलन का एक ही तरीका है कि ज्यादा से ज्यादा मरीजों का चिन्हिकरण व इलाज किया जाए। इसी के मद्देनजर केंद्रीय टीबी डिवीजन ने सभी प्रदेशों को साल की शुरूआत में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य तय किया था। उत्तर प्रदेश को 6.5 लाख मरीज खोजने का लक्ष्य दिया गया था। बीते साल यह 5.5 लाख का था। विभागीय आंकड़ों के मुताबिक 31 अक्तूबर तक प्रदेश में पांच लाख 59 हजार टीबी मरीजों की पहचान की जा चुकी है। इसमें प्राइवेट डॉक्टरों की भूमिका भी सराहनीय रही है। दो लाख से ज्यादा मरीजों की पहचान यानी तकरीबन 40 प्रतिशत मरीज प्राइवेट डॉक्टरों के माध्यम से पंजीकृत हुए हैं। आगरा, मथुरा, झांसी, कानपुर, मेरठ व मुरादाबाद में तो प्राइवेट डाक्टरों ने सरकारी डॉक्टरों से भी ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है। लखनऊ, गोरखपुर व बरेली में सरकारी व प्राइवेट नोटिफिकेशन बराबर का रहा है।

**यहां प्राइवेट नोटिफिकेशन बढ़ने की जरूरत :** टीबी उन्मूलन के लिए प्रदेश में ज्यादातर जनपदों में प्राइवेट डाक्टर सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रहे हैं लेकिन कुछ जनपद ऐसे भी हैं जहां प्राइवेट नोटिफिकेशन बहुत कम हो रहा है। जैसे श्रावस्ती में इस साल सिर्फ 38 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इसके अलावा महोबा में सिर्फ 215, संतरवीदास नगर में 271, हमीरपुर में 277, कन्नौज में 293, सोनभद्र में 297, चित्रकूट में 312, सुलतानपुर में 370, अमेठी में 392 और कानपुर देहात में सिर्फ 395 प्राइवेट नोटिफिकेशन हुए हैं। इन जनपदों में प्राइवेट डाक्टरों की प्रतिभागिता बढ़े जाने की जरूरत है।

### बीते साल भी प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत किया था टीबी नोटिफिकेशन

इस संबंध में राज्य टीबी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र भटनागर ने बताया कि सीएम योगी मंशा के अनुरुप वर्ष 2025 तक प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए युद्धस्तर पर काम चल रहा है। इसी का नजीजा है कि इस वर्ष भी प्रदेश टीबी नोटिफिकेशन में अन्य प्रदेशों की तुलना में आगे चल रहा है।

काबिले गौर है कि केंद्र द्वारा दिए गए इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग द्वारा तरह-तरह के प्रयास किए गए हैं। इनमें हर माह की 15 तारीख को एकीकृत निक्षय दिवस, एक्टिव केस फाइंडिंग (एसीएफ) अभियान व दस्तक अभियान का बार-बार चलाया जाना प्रमुख है। यही कारण है कि बीते साल भी प्रदेश ने लक्ष्य के सापेक्ष 115 प्रतिशत टीबी नोटिफिकेशन किया था। वर्ष 2023 में टीबी नोटिफिकेशन का लक्ष्य 5.5 लाख था जिसके सापेक्ष प्रदेश ने 6.33 लाख मरीज खोजे थे।

## 25 हजार का इनामी पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल, गिरफ्तार

**मऊ।** जनपद के कोपागंज पुलिस को आज बड़ी सफलता हाथ लगी जब आज सुबह भोर में मुखबीर की सूचना पर थाना क्षेत्र के सरवा गांव के समीप पुलिस ने जाल बिछा कर मोर्चा पर तैनात हो गयी जैसे ही गैंगेस्टर से अमाना सामना हुआ अपराधी ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। दोनों तरफ से हुई फायरिंग में 25 हजार का इनामिया बदमाश घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक मऊ, इलामारन के निर्देशन में अपराध तथा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महेश सिंह अत्री के कुशल पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी घोसी दिनेश दत्त मिश्र के नेतृत्व में थाना कोपागंज पुलिस टीम को उस समय अहम सफलता हाथ लगी जब दिनांक 02/03.11.2024 को रात्रि देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर थाना कोपागंज क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सरवां कंक्रीट प्लाण्ट के पास से प्रातः लगभग 04:40 बजे पुलिस मुठभेड़ में थाना कोपागंज का वांछित एक शातिर अपराधी व गैंगेस्टर दीपक उर्फ देवदत्त गौंड़ पुत्र श्यामप्यारे निवासी ब्रम्हस्थान थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ (25 हजार का इनामिया) घायल हो गया, जिसके कब्जे से एक मोटरसाईकिल सूपर स्प्लेंडर एवं एक अवैध तमंचा 315 बोर व 02 खोखा एवं 01 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा लूट का एक 9710 रुपये, एक अदद मोबाईलफोन बरामद कर घायल अवस्था में गिरफ्तार किया

## एक नजर

### बलिया में मूर्ति विसर्जन से लौट रहे युवक पर जानलेवा हमला, गम्भीर

**बलिया।** इंदौल गांव के पास मूर्ति विसर्जन कर लौट रहे एक युवक पर उभांव थाना क्षेत्र के अतरौल चक मिलकान गांव के पास शनिवार की देर रात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल को सीएचसी सियर पहुंचाया, जहां से उसे अच्छे इलाज के लिए जिला अस्पताल मऊ रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों के तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दूसरे की तलाश पुलिस कर रही है। घायल संदीप सिंह 22 वर्ष ग्राम प्रधान सुमेर सिंह का भतीजा बताया जा रहा है। बताया जाता है कि उभाव थाना के अतरौल चक मिलकान में गांव में स्थापित मां लक्ष्मी की तीन प्रतिमा का विसर्जन शांति ढंग से सम्पन्न हो गया। इसके बाद अतरौल गांव के युवक लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में एक युवक से किसी बात को लेकर संदीप सिंह (23) पुत्र सुनील सिंह निवासी अतरौल से विवाद हो गया। इसी बीच युवकों ने संदीप सिंह के गर्दन पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर भाग गए। घटना की जानकारी होते ही उभांव इंस्पेक्टर विपिन सिंह व नगरा थानाध्यक्ष के साथ ही सीओ रसड़ा मोहम्मद फहीम मौके पर पहुंच गए और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सियर पहुंचाया, जहां से उसे चिकित्सकों ने जिला अस्पताल मऊ रेफर कर दिया। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अनिल कुमार झा ने बताया कि मूर्ति विसर्जन से लौट रहे दो युवकों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसी बीच एक युवक ने संदीप सिंह पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया, उसे सीएचसी सियर पहुंचाया, जहां से मऊ रेफर कर दिया गया। घायल के परिजनों के तहरीर पर दो नामजद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि दूसरे की तलाश जारी है।



### शव मिलने के बाद परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**बलिया।** कस्बा के छोटकी नरही निवासी गुड्डू यादव ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि विगत तीन अक्टूबर को शाम 5 बजे शाम के करीब अपने घर पर मेरा छोटा भाई पिन्टू यादव से घर गृहस्थी के बारे में बात कर रहा था, कि एक ही मोटर साइकिल पर सवार फेफना थाना क्षेत्र के चेरुइया निवासी अमित यादव उर्फ साधू यादव एवं अखिलेश यादव पुत्र योगेन्द्र यादव मेरे दरवाजे पर आये और अमित यादव उर्फ साधू यादव ने मेरे भाई पिन्टू यादव को बुलाया और अपने साथ ले जाने को कहा। उस समय घर पर हम गुड्डू यादव, हमारे चाचा श्रीभगवान यादव, हमारे पिता विजय बहादुर यादव और हमारी मॉ लक्ष्मीनिया देवी मौजूद थी। मेरा भाई पिन्टू यादव अपनी मोटर साइकिल लेकर अमित यादव ऊर्फ साधू यादव को बैठा कर घर से निकल गया, साथ में अखिलेश यादव भी दूसरी मोटर साइकिल से उसके पीछे निकला। एक घंटे तक हमने अपने भाई पिन्टू यादव के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल स्वीच आफ बता रहा था। लगभग चार घंटे के बाद गांव में शोर-गुल होने के बाद मुझे पता चला कि मेरा भाई पिन्टू यादव ट्रेन से कट गया। मैने तेजी से कपूरी नारायनपुर रेलवे ट्रैक के पास गया तो देखा कि पुलिस उठाकर उसको नीचे ला रही थी। मुझे प्रार्थी को संदेह है कि मेरे भाई को अमित यादव ऊर्फ साधू यादव ने हत्या कर अखिलेश यादव के सहयोग से रेलवे ट्रैक पर सुला दिया। मेरा भाई ट्रेन से कटा नही है,उसकी हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेक दिया है, जिसमें उसके मोटर साइकिल का चाभी व मोबाइल अभी तक नहीं मिला है. इस बावत क्षेत्राधिकारी श्यामकांत ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है। पीड़ित पक्ष को निश्चित रूप से न्याय मिलेगा।



### मुख्य राजस्व अधिकारी ने नंदीग्राम पशु मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**बलिया।** मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन ने बुधवा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलिया संत कुमार उर्फ मिठाई लाल की उपस्थिति में ददरी मेला-2024 के अंतर्गत लगे नंदीग्राम पशु मेले का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य राजस्व अधिकारी ने नगर पालिका द्वारा स्थापित कैम्प ऑफिस, पुलिस चौकी ,पशु चिकित्सालय ,पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था व मार्ग व्यवस्था आदि के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी श्री सुभाष कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने गोरखपुर से आए घोड़ा व्यापारी से पशु मेले में आकर्षण का केंद्र बने 05 से 10 लाख कीमत के रेसिंग घोड़ों- तूफान, बादल और रॉकेट के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य राजस्व अधिकारी ने कर निर्धारण अधिकारी श्री अमरनाथ को तत्काल पशु मेला की दुकानों का आवंटन करने के निर्देश देते हुए उनकी टीम को चेतावनी दी कि पशु मेले में पशुओं की एंट्री और रजिस्ट्रेशन फीस की पर्ची का मिलान करते हुए रजिस्टर मेंटेन रखें। समय-समय पर गिनती कर जांच कराएं, कहीं भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि मीना बाजार की तैयारी अभी से कर लिया जाय तथा समय-समय पर मेला क्षेत्र का भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लेते रहें।

## नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले जेई पर प्राथमिकी दर्ज

♦ निजी कंपनी के जेई पर नौकरी के नाम पर 13.80 लाख रुपया ठगी करने का है मामला

**केटी न्यूज/बलिया**




नगरा पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर 13.80 लाख रुपए की ठगी करने वाले आरोपी के विरुद्ध सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दिया है। आरोपी पंकज यादव नगरा थाना क्षेत्र के ग्राम लेखमनपुर का रहने वाला है। जिसके विरुद्ध तीन पीड़ितों ने नगरा थाने में तहरीर दिया है।

बता दे कि मंदा निवासी महेंद्र प्रजापति ने 3.20 लाख, रसड़ा थाना के सुलुईं निवासी शिवमंगल ने 6.10 लाख व गड़वार थाना के हजौली निवासी योगेंद्र प्रजापति ने 4.50 लाख रुपये नौकरी दिलाने के नाम पर पंकज यादव को रुपया दिया था। तहरीर में उल्लेख किया है कि पंकज ने फर्जी नियुक्ति पत्र भी उन लोगों दिया। पता चला कि कोई नियुक्ति नहीं हुई है। सभी नियुक्ति पत्र फर्जी हैं। आरोप है कि जब हम लोगों ने अपना पैसा मांगना शुरू किया तो आरोपी हीलाहवाली करने लगा। आरोपी द्वारा रेलवे में ठेके पर कार्य करने वाली एक कंट्रक्शन कंपनी में अवर अभियंता होना बताया गया। इसको लेकर तीन बार पंचायत भी हुई। इसमें आरोपी ने पांच प्रतिशत ब्याज के साथ पैसा वापस करने के लिए वादा भी किया था। इसी क्रम में 5.25 लाख का चेक भी दिया जो बाउंस बताया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## पंचदिवसीय त्योहारों की श्रृंखला खत्म, अब छठ पूजा की तैयारी

**मऊ।** धनतेरस (धनत्रयोदशी) से शुरू होकर नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज त्योहारों की पंचदिवसीय श्रृंखला के समापन के साथ ही लक्ष्मी पूजा पंडलों में गूंज रही स्वर लहरियों के थम जाने से जहां चहुंओर शांति की अनुभूति की जा रही है। वहीं त्योहारों का सिलसिला इतनी जल्दी समाप्त हो जाने से कतिपय युवा श्रद्धालुओं में उदासीनता व्याप्त है। तो दूसरी ओर डीजे (डिस्क जॉकी) से निकलने वाली ध्वनि की तीव्रता को लेकर प्रशासन द्वारा दी गई सख्त चेतावनी के बावजूद अपेक्षित नतीजे न आने से परेशान बीमारों और बुजुर्गों ने हफ्तों बाद राहत की साँस ली है। हालांकि अभी कार्तिक मास में पड़ने वाले केवल पंच दिवसीय त्योहारों की श्रृंखला समाप्त हुई है। सूर्योपासना के लोक पर्व सूर्य षष्ठी व्रत तथा पूर्णिमा तिथि को देवताओं द्वारा मनाई जाने वाली देव दीपावली जैसे पर्व शेष हैं।

## पहले मैच में 10 विकेट से जीती वाराणसी की टीम तो दूसरे में देवरिया ने मारी बाजी

♦ एयर इंडिया खेल प्रोत्साहन परिवार द्वारा आयोजित खेल महोत्सव में भारी उत्साह से कर रहे हैं कला का प्रदर्शन

**केटी न्यूज/मऊ**



एयर इंडिया खेल प्रोत्साहन परिवार मऊ द्वारा खेल महोत्सव का आयोजन हो रहा हैं, प्रथम दिवस में कबड्डी और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें विभिन्न जनपदों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया व दूसरे दिन 3 नवंबर को क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस के क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पारी आजमगढ़ और वाराणसी के बीच खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम 10 विकेट से जीती, दूसरी पारी पंजाब 11 और रुद्रपुर देवरिया की टीम का मुकाबला हुआ जिसमें रुद्रपुर देवरिया 9 विकेट से मैच जीता, तीसरी पारी आजमगढ़ और सागर 11 के बीच हुआ जिसमें आजमगढ़ 46 रन से जीत प्राप्त किया, चौथी पारी मऊ 11 और देवरिया के बीच खेला गया जिसमें देवरिया मऊ को 9 विकेट से हराकर जीत प्राप्त किया। यह क्रिकेट प्रतियोगिता 3 नवम्बर से 5 नवम्बर तक चलेगा।

इस प्रतियोगिता को कर रहे एयर इंडिया खेल प्रोत्साहन परिवार के सदस्य और पूर्व विधायक विजय राजभर ने सभी खिलाड़ियों को उत्साहवर्धन करते हुए सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर विजय राजभर पूर्व विधायक, ओमप्रकाश पांडेय, सत्यमित्र सिंह, अभिषेक सिह, सुनील यादव, विनोद गुप्ता विष्णु राजभर, सुनील दुबे सोनू, आलोक गुप्ता, रामा यादव, वॉयसआर्टिस्ट सौरभ, दिलीप पांडेय, ओमकार सिंह सत्यम, आदि लोग उपस्थित रहे।

## बलिया जिले में आने वाली सभी ट्रेनों में करीब 100 तक चल रहा वेटिंग

# बलिया से चल रही है 40 जोड़ी ट्रेनें, छह जोड़ी पूजा स्पेशल

♦ वाणिज्य विभाग के अनुसार छठ के बाद यात्रियों की बढ़ेगी भीड़

**केटी न्यूज/बलिया**



दीपावली व डाला छठ के मद्देनजर मॉडल रेलवे स्टेशन से छह जोड़ी पूजा स्पेशल के अलावा 34 जोड़ी ट्रेनें संचालित हो रही है। त्योहार के मद्देनजर गैर प्रांतों से आने वाली सभी ट्रेनों में करीब 100 टिकट वेटिंग जा रहा है। वही रेल महकमा का आमदनी बढ़ गया है। हालाकि बलिया से होकर गैर प्रांत जाने वाली ट्रेनों में कोई खास भीड़ नहीं लग रहा है। वाणिज्य विभाग की माने तो डाला छठ के बाद जाने वाले यात्रियों की भीड़ बढ़ जाएगी। वर्तमान में गैर प्रांतों से लोग करीब चार हजार प्रतिदिन आ रहे है, जबकि यहां से करीब 2500 पैसेंजर ही बाहर जा रहे है। वही प्रतिदिन की रेल विभाग की आमदनी करीब चार लाख रुपए हो रही है।

### पूजा स्पेशल में पांच जोड़ी ट्रेन साप्ताहिक जो गैर प्रांत से आती है और पुन: बलिया होते हुए जाती है

बता दें कि बलिया रेलवे स्टेशन से छह जोड़ी पूजा स्पेशन ट्रेन के अलावा 34 जोड़ी ट्रेनें आवागमन करती है। इस प्रकार कुल 40 जोड़ी ट्रेनें आवागमन कर रही है। इसमें छह जोड़ी पूजा स्पेशल में पांच जोड़ी ट्रेनें साप्ताहिक है। यह सभी ट्रेनें गैर प्रांत से आती है और पुनः बलिया होते हुए जाती है। वर्तमान में गैर प्रांतों से आने वाली सभी ट्रेनों में 100 तक वेटिंग चल रहा है। जिसमें ट्रेन में सबसे कम है उसमें भी 100 से अधिक वेटिंग चल रहा है। बावजूद लोग वेटिंग टिकट लेकर अपने-अपने गांव आ रहे है। जबकि बलिया से होकर गैर प्रांतों को जाने वाली ट्रेनों में सीटें खाली तक जा रही है।

वाणिज्य विभाग की माने तो छठ बाद अप की ओर से जाने वाली ट्रेनों में टिकट वेटिंग चल रहा है। इस बाबत वाणिज्य अधिकारी राजेंद्र ने बताया कि जाने वाली ट्रेनों में वर्तमान में टिकट की बिक्री में गिरावट आई है। छठ पूजा के बाद टिकट की बिक्री बढ़ जाएगी। कहा कि वर्तमान में आरक्षण केंद्र से करीब 1000 से 1200 टिकट की बिक्री प्रतिदिन हो रही है। वहीं करीब 2500 यात्री प्रतिदिन यात्रा कर रहे है। बताया कि वर्तमान में सभी ट्रेनों को मिलाकर प्रतिदिन ?करीब चार लाख रुपए की टिकट की बिक्री हो रही है। बताया कि गैर प्रांतों से आने वाली ट्रेनों में करीब 100 वेटिंग चल रहा है। लेकिन त्योहार के मद्देनजर सभी यात्रियों को रेल महकमा द्वारा सहुलियत दी गई है।

# विधानसभा चुनाव से पहले पुलिस को मिली बड़ी सफलता, दुमका में अवैध नकली शराब और 10 लाख का गांजा बरामद

**दुमका, एजेंसी।** बिहार में शराबबंदी के कारण दुमका जैसे सीमावर्ती जिलों में अवैध और नकली शराब का कारोबार तेजी से पनप रहा है. विशेषकर विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र, प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है. शनिवार को एसपी पीतांबर सिंह खेरवार को मिली एक गुप्त सूचना के आधार पर, जामा और मुफस्सिल थाना की पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए 20 किलो गांजा और 125 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त की है.

पुलिस ने जो शराब जब्त की है वह शराब प्रसिद्ध ब्रांड्स के नाम पर नकली रूप में बेची जा रही थी, जिसकी पैकेजिंग भी स्थानीय स्तर पर ही की जा रही है. इससे पहले भी पुलिस ने काठीकुंड में छापेमारी कर इस नकली शराब कारोबार का भंडाफोड़ किया था. इस बार भी बड़ी मात्रा में शराब के साथ रैपर, ढक्कन और गर्वमेंट ऑफ पंजाब का सील स्टिकर बरामद हुआ है, जिससे साफ होता है कि दुमका के कई क्षेत्रों में यह अवैध कारोबार व्यापक स्तर पर फैला हुआ है. इस नकली शराब की गुणवत्ता कैसी है और क्या इसे पीना सुरक्षित भी है या नहीं, इसकी जांच अत्यंत आवश्यक है.




शनिवार की देर शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने जानकारी दी कि शुक्रवार रात उन्हें सूचना मिली थी कि जामा और मुफस्सिल इलाकों में अवैध रूप से गांजा और शराब की बिक्री हो रही है. इस सूचना के आधार पर जरमुंडी के एसडीपीओ अमित कच्छप और सदर के विजय महतो के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया. शनिवार की सुबह, पुलिस टीम ने दोनों स्थानों पर छापेमारी की. जामा में महारो चौक स्थित बाउरी टोला में, राजेश चटर्जी के घर पर पुलिस ने छापा मारा और वहां से लगभग 12 किलो गांजा बरामद किया. पूछताछ के दौरान राजेश ने बताया कि वह पहले छोटे स्तर पर काम करता था, लेकिन अब उसे नियमित रूप से बड़ी मात्रा में गांजा सप्लाई किया जाने लगा है.

सदर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक अन्य टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरिपुर गांव में कामेश्वर हांसदा के घर पर छापा मारा. यहां, एसबेस्टस की दो कोठरियों में एक बड़े बोरे में छुपाकर रखे गये आठ किलो गांजा बरामद किया गया. तलाशी के दौरान कामेश्वर के घर से एक ब्रांडेड कंपनी की 13 पेटी शराब, दूसरी शराब कंपनी के 46 ढक्कन, एक हजार नकली स्टिकर और पंजाब सरकार की सील वाले 25 पत्ते स्टीकर भी मिले.

## संक्षिप्त समाचार

### गिरिडीह : गांडेय में प्रत्याशी ने किया चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह जिले की गांडेय विधानसभा सीट से जागरूक जनता पार्टी के प्रत्याशी शमीम अख्तर ने शनिवार को गांडेय डाकबंगला के नजदीक निजी आवास में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया. शमीम अख्तर समर्थकों के साथ बाइक जुलूस निकालकर फुलजोरी से मुख्य मार्ग होते हुए गांडेय चुनाव कार्यालय पहुंचे. पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश सिन्हा ने कहा कि हमलोग अपने अधिकार के लिए लड़ रहे हैं. संगठन ने गांडेय की जनता की सेवा की है. यहां की बेटियों की शादी व उनकी पढ़ाई–लिखाई में सहयोग करती रही है. प्रखंड अध्यक्ष वसीम अख्तर ने कहा कि गांडेय की धरती योग्य प्रत्याशी से महरूम रही है. गांडेय से इस बार किसान का बेटा शमीम अख्तर चुनाव मैदान में है. उन्होंने लोगों से शमीम को विजयी बनाने की अपील की.

### जमुआ में बैरियर लगा पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**गिरिडीह , एजेंसी।** विधानसभा चुनाव को लेकर गिरिडीह जिला पुलिस चौकस है. सुरक्षा की दृष्टि से जिले के जमआ प्रखंड में कई जगहों पर चेकपोस्ट बनाकर वाहनों की सघन जांच की जा रही है. इसी क्रम में शनिवार को जमुआ–द्वारपहरी मुख्य मार्ग पर प्रतापपुर के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग ( बैरियर ) लगाकर वाहनों की जांच शुरू की. उधर से गुजरने वाले सभी वाहनों को रोककर पुलिस व एसएसटी की टीम ने बारीकी से जांच की. एसएसटी टीम के रामरतन भारद्वाज ने बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर बैरियर लगाया गया है. ताकि मोटी रकम व आपत्तिजनक सामान लेकर कोई व्यक्ति क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर पाए. वैसे लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है, जो चुनाव में उन्माद फैला सकते हैं. बैरियर पर तीन शिफ्ट में जवानों की ड्यूटी लगाई गई है. जांच अभियान में एएसआई दन्दू राम हेम्ब्रम, सुभाष कर्मकार, श्रीकांत ओझा सहित कई जवान शामिल थे.

### बाइक सवार युवकों पर फेंका गया बम, घायल

**चाईबासा, एजेंसी।** नोवामुंडी स्थित टाटा स्टील कॉलोनी के टॉप कैंप स्थित ज्ञानोदय दुकान के पास बाइक सवार दो युवकों पर बम फेंका गया. इसमें दोनों जख्मी हो गए. घायल युवकों के नाम निखिल कमार व सौरभ पॉल है. आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें जख्मी हालत में नोवामुंडी स्थित टाटा स्टील की अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया. घटना शनिवार शाम साढ़े सात बजे की है. घटना की सूचना पाकर नोवामुंडी पुलिस अस्पताल पहुंच घायलों से पूछताछ कर रही है.घायल निखिल कमार ने बताया कि घटना के पहले दोनों बाइक पर सवार होकर न्यू टाउनशिप स्थित क्वार्टर लौट रहे थे. जैसे ही दोनों ज्ञानोदय दुकान से होकर आगे बढ़ रहे थे तभी अचानक एक बम उन दोनों के ऊपर फेंक दिया गया. बम के जोरदार धमाके से दोनों बाइक से फिसलकर जमीन पर गिर गये. आसपास का इलाका धुएं से भर गया था. इस घटना में निखिल के पीठ और हाथ झुलस गये, जबकि बाइक के पीछे बैठा सौरभ के सीने, हाथ और दाहिना जांघ पूरी तरह से झुलस गया. अब इस मामले में पुलिस जानकारी ले रही है कि यह घटना दीपावाली की पटाखे से हुआ या अन्य वजह से.

### बालीडीह में एक किलो गांजा के साथ 2 गिरफ्तार

**बोकारो , एजेंसी।** बोकारो के बालीडीह थाना क्षेत्र से पुलिस ने शनिवार को गांजा बेचने के आरोप में 2 लोगों को गिरफ्तार किया है. गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी ( मु.) अनिमेष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस ने बालीडीह के हनुमान मंदिर के पास छापेमारी कर एक व्यक्ति रितेश कुमार मल्लिक को गांजा बेचते पकड़ा. उसके पास से काले रंग के बैग में करीब एक किलो गांजा व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया. पूछताछ में रितेश ने बताया कि उसने जैनामोड़ के वशिष्ठ मिश्रा से गांजा खरीदा था. रितेश की निशानदेही पर पुलिस ने वशिष्ठ मिश्रा को भी गिरफ्तार कर लिया. उसके पास भी गांजा मिला. दोनों के पास से एक किलो 50 ग्राम गांजा, नकद 4750 रुपये, वेट मशीन, काला बैग, 2 मोबाइल फोन, सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं. छापेमारी में बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह सहित कई अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे.

# चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें पदाधिकारी: सीईओ

**रांची, एजेंसी।** शनिवार को निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के साथ विधानसभा निर्वाचन 2024 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर सारी तैयारियों को अंतिम रूप देना सुनिश्चित करें. मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा कर लें. उन्होंने कहा कि प्रेजाइडिंग ऑफिसर के द्वारा मतदान के समय इस्तेमाल होने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन का 9 नवंबर को ट्रायल रन करा लें, जिससे मतदान दिवस के दिन किसी प्रकार की कठिनाई न हो.

उन्होंने कहा कि सभी जिले में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बताए गए मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करें. मतदान के 3 दिन पूर्व सभी मतदान केंद्रों पर 100 एवं 200 मीटर की मार्किंग करा लें. उन्होंने कहा कि स्वच्छ और निष्पक्ष निर्वाचन को ध्यान में रखते हुए सभी चेकपोस्टों को एक्टिव रखें एवं रात्रि में भी गश्ती करते हुए अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाएं. उन्होंने कहा की जिले में



विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों से सम्बन्धित सभी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए दिशा निर्देश दिए. उन्होंने सुरक्षा बलों की तैनाती, स्टेट बॉर्डर चेकपोस्ट, डिस्ट्रिक्ट चेकपोस्ट, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा, वलनरेबल मैपिंग, अवैध सामग्री की जब्ती, पोस्टल बैलेट के लिए 12 छ फॉर्म का आवंटन, चुनाव कर्मियों की ट्रेनिंग एवं उनका रेंडमाइजेशन, पोलिंग स्टेशन की मार्किंग, मतदाता पर्ची का आवंटन आदि निर्वाचन संबंधी विभिन्न विषयों पर निर्देश दिए.

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने इस अवसर पर वेबकास्टिंग से मॉनिटरिंग संबंधी एसओपी, मतदान दिवस को पेड हॉलिडे, मतदान के लिए मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त उपयोग में लाए जाने वाले अन्य 12 पहचान पत्रों के बारे में जागरूकता फैलाने संबंधी बिंदुओं पर चर्चा की. इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित ऑनलाइन माध्यम से सभी जिले के उपायुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारीगण मौजूद थे.

### भाजपा की बैठक में प्रकाश राम को विजयी बनाने का लिया गया संकल्प

**लातेहार, एजेंसी।** शहीद चौक स्थित भाजपा के चुनावी कार्यालय में मंडल स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक जिला भाजपा अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता मे हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रकाश राम उपस्थित थे. प्रखंड के पदाधिकारियों ने एक स्वर में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया. इसके लिए पंचायत से लेकर गांव के हर घर जाकर लोगों से केन्द्र सरकार द्वारा किये गये कार्यों से आम जनता को अवगत कराते हुए वोट करने की बात कही गई. जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मण यादव, ईश्वरी पासवान, अखिलेश भोक्ता, विरेन्द्र यादव, नामेश्वर गुप्ता, गंगेश्वर यादव, रघुनंदन सोनी, सुनील पांडेय, सहित बालूमाथ प्रखण्ड के सभी पंचायत कमेटी समेत सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### जनता का आशीर्वाद हमारे साथ, हम फिर सरकार बनायेंगे, हिमंता के झारखंड भ्रमण पर रोक लगे : जेएमएम




**रांची , एजेंसी।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा है कि जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम फिर से सरकार बनायेंगे. हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में वे बोल रहे थे. कहा कि कुछ दिन पहले हम इंडिया गठबंधन की ओर से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के दफतर गये थे. हम लोगों ने आयोग के समक्ष असम के मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक हिमंता बिस्वा सरमा के खिलाफ अपनी आपत्ति दर्ज कराई है. आरोप लगाया कि वे जिन शब्दों का प्रयोग अपनी बातों में कर रहे हैं, राज्य सरकार की आलोचना करते करते व्यक्तिगत हमले कर रहे हैं, धर्म-संप्रदाय के आधार पर लोगों को बांट रहे हैं, यह अत्यंत चिंताजनक है. सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हम लोगों से कहा है कि वे इसका संज्ञान लेंगे. कल 11 बजे इसकी जांच होगी और कार्रवाई होगी.

तत्काल प्रभाव से हेमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में प्रवास व भ्रमण पर रोक लगनी चाहिए

सुप्रियो ने कहा कि केवल कार्रवाई से काम नहीं चलेगा. कहा कि तत्काल प्रभाव से हेमंता बिस्वा सरमा के झारखंड में प्रवास व भ्रमण पर रोक लगनी चाहिए. यह झारखंड की समग्र परंपरा के खिलाफ है. मैं बीजेपी से एक सवाल करना चाहता हूं. 2011 में इस देश में अंतिम जनगणना हुई. क्या उस समय बीजेपी अस्तित्व में नहीं थी. क्या राज्य अलग हुए 11 साल नहीं हुए थे, उस समय घुसपैठिये की बात नहीं आयी, बांग्लादेशी घुसपैठिये की बात नहीं आयी, 2014 में नहीं आयी, 2019 में नहीं आयी कौन सा सर्वे है कि 2024 में अचानक आ गया और कह दिया गया कि झारखंड में बांग्लादेशी हैं. आप के पास मुद्दे नहीं हैं, नेतृत्व नहीं है,

चुनाव लोकतंत्र का पर्व है, जिस में सभी धर्म के लोग शामिल होंगे

हम लोगों ने कल भी कहा था अभी सांप्रदायिक सौहार्द्र के साथ पर्व मनाने का समय है. चुनाव भी लोकतंत्र का पर्व है. जिस में सभी धर्म के लोग शामिल होंगे, अभी छठ आयेगा. दलित के घर से बना हुआ सूप व दौरा आयेगा. हमारे राईन समाज के लोग फल बेचने का काम करते हैं, घाटों की सफाई हो रही, उस वक्त में इस प्रकार की बात करना , जब समाज को एक होना है, एक साथ छुटियां मनाना है, और कैसे कैसे शब्द कहे जा रहे हैं. चुनाव आयोग यह तय करे कि झारखंड में शांति भंग करने की भाजपा की जो कोशिश है, उस पर रोक लगे. चुनाव तो आते जाते हैं, जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है, हम फिर से सरकार बनायेंगे.

# भाजपा राज में भूख से मौतें आम थी, अबुआ सरकार में हर झारखंडी को मिल रहा राशन, पेंशन व पोषण

**रांची, एजेंसी।** सीएम हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर तंज कसा है. उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि मुझे गर्व है कि जहां भाजपा राज में भूख से मौतें आम थी. वहीं आपकी अबुआ सरकार में हर झारखंडी को हक से राशन, पेंशन और पोषण मिल रहा है. केंद्र सरकार ने 10 साल में मध्याह्न भोजन और आंगनवाड़ी में बच्चों का बजट आधा कर दिया. केंद्रीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना का बजट 40 प्रतिशत कम किया. झारखंड के 40 लाख गरीबों को राशन से वंचित रखा. मजदूरों के जीवनरेखा मनरेगा को



आईसीयू में डाल दिया.

हेमंत ने आगे लिखा है कि केंद्र सरकार ने खाना खाने के लिए आधार अनिवार्य करके गरीबों के पेट पर सीधा वार किया. झारखंड की भाजपा राज में 11 लाख राशन और 3 लाख पेंशन रद्द किया इन सब का नतीजा रहा कि अनेक आदिवासी, दलित और पिछड़ों का भूख से मौत हुई.

**अबुआ सरकार गरीबों का बना मसीहा :** अबुआ सरकार ने पिछले पांच साल में ( 2 साल कोरोना सहित) सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में 40 लाख से ज्यादा बुजुर्ग, एकल महिलाओं और विकलांगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ा. मेहनतकश वर्ग के लिए पेंशन की उम्र 60 साल से कम करके 50 वर्ष किया. 20 लाख छुटे लोगों को जन वितरण प्रणाली से जोड़ा. 18-50 वर्ष की महिलाओं के लिए मंईयां सम्मान योजना लागू की गयी.

# रांची से पूर्णिया, आनंद विहार और टाटानगर-कटिहार के लिए चलेगी छठ पूजा स्पेशल ट्रेन

बोकारो, एजेंसी। छठ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे प्रबंधन ने तीन ट्रेनों का परिचालन करने की घोषणा की है। जारी आदेश के तहत 08626/08625 रांची-पूर्णिया कोर्ट-रांची छठ स्पेशल ट्रेन 03 नवंबर और 10 नवंबर को रांची से शाम छह बजे प्रस्थान करेगी।

अगले दिन सुबह 11 बजे पूर्णिया कोर्ट पहुंचेगी। वापसी की दिशा में 08625 पूर्णिया कोर्ट-रांची विशेष ट्रेन 04 नवंबर और 11 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से दोपहर 12:10 बजे प्रस्थान करेगी।

अगले दिन सुबह 05:30 बजे रांची पहुंचेगी। इस विशेष ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार में मुरी और बोकारो स्टील सिटी में होगा।

दूसरी ट्रेन 02877/02278 रांची-आनंद विहार-रांची छठ स्पेशल 01 नवंबर, 08 नवंबर और 15 नवंबर को रांची से रात 23:55 बजे प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन सुबह 03:00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

वापसी की दिशा में, 02878 आनंद विहार-रांची विशेष ट्रेन 03 नवंबर, 10 नवंबर और 17 नवंबर को आनंद विहार से सुबह 04:00 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 05:00 बजे रांची पहुंचेगी। मुरी, बरकाकाना के रास्ते चलेगी।

जबकि 08181/08182 टाटानगर-कटिहार-टाटानगर छठ स्पेशल टाटानगर से 04 नवंबर और 11 नवंबर को टाटानगर से रात 22:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 15:15 बजे कटिहार पहुंचेगी।

वापसी की दिशा में, 08182 कटिहार-टाटानगर विशेष ट्रेन 05 नवंबर और 12 नवंबर को कटिहार से रात 19:40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 11:00 बजे टाटानगर पहुंचेगी। यह ट्रेन चांडिल, पुरुलिया के रास्ते कटिहार तक जाएगी।

पर्व का महीना होने के कारण राजधानी सहित कई ट्रेन विलंब से चल रहीं हैं। ऐसे में यात्री परेशान हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कटिहार बरौनी रेलखंड के बीच डिब्रूगढ़ से नई दिल्ली जाने वाले राजधानी एक्सप्रेस सोमवार को लगभग 4 घंटा 10 मिनट विलंब से नवगछिया पहुंची थी।

वहीं, लालगढ़ से डिब्रूगढ़ जाने वाली अवध आसाम एक्सप्रेस 6 घंटा विलंब से, दिल्ली से अलीपुरद्वार जाने वाली महानंदा एक्सप्रेस 6:30 घंटा विलंब से और पटना से न्यू जलपाईगुड़ी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी नवगछिया विलंब से पहुंची। इसी तरह महानंदा एक्सप्रेस जो सिक्किम से दिल्ली तक जाती है, यह भी लगभग 2 घंटे विलंब से नवगछिया पहुंचने का उम्मीद थी।

# कुल प्रत्याशियों की संख्या भले ही घटी, महिला प्रत्याशी बढ़ीं, दो सीटों पर मुकाबला दिलचस्प

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा चुनाव में भले ही पिछले विधानसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार कुल प्रत्याशियों की संख्या में कमी आई हो, लेकिन महिला प्रत्याशियों की संख्या बढ़ी है। इस बार पिछले चुनाव की अपेक्षा एक अधिक महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।

वहीं, कुल प्रत्याशियों की बात करें तो वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव की अपेक्षा इस बार पांच कम प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले चुनाव में कुल 1,216 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था, जबकि इस बार 1,211 प्रत्याशी ही मैदान में हैं। पिछले चुनाव में जहां 127 महिला प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था, वहीं इस बार 128 महिला चुनाव लड़ रही हैं।

चिंता की बात यह है कि विधानसभा की



81 सीटों में 23 सीटें ऐसी हैं जहां कोई महिला चुनाव नहीं लड़ रही है। यह संख्या कुल सीटों का 28 प्रतिशत है। पहले चरण की 43 सीटों में ऐसी 12 तथा दूसरे चरण की 38 सीटों में ऐसी 11 सीटें हैं जहां महिला चुनाव नहीं लड़ रही है।

पहले चरण की सीटों में नौ सीटें ऐसी हैं जहां महज एक-एक महिला चुनाव लड़ रही है। इसी तरह, दूसरे चरण की 12 सीटों पर महज एक-एक महिला प्रत्याशी चुनाव लड़ रही हैं।इस तरह राज्य में कुल 21 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां एक-एक महिला प्रत्याशी ही चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि इनमें अधिसंख्य सीटों पर महिला प्रत्याशी काफी मजबूत हैं और पुरुषों को टक्कर दे रही हैं। इनमें कई पूर्व में भी चुनाव जीत चुकी हैं।

इस विधानसभा चुनाव में पहली बार दो थर्ड जेंडर भी चुनाव लड़ रही हैं। हटिया विधानसभा सीट से नगमा रानी निर्दलीय चुनाव लड़ रही हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें एयर कंडीशनर चुनाव चिह्न प्रदान किया है।

इसी तरह, गिरिडीह सीट पर भी एक थर्ड जेंडर अश्विनी अंबेडकर आपकी विकास पार्टी के सिंबल पर चुनाव लड़ रही हैं। बता दें कि इसी वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में भीधनबाद संसदीय क्षेत्र से एक थर्ड जेंडर चुनाव लड़ी थी।

दूसरे चरण में धनवार सीट ऐसी है जहां सबसे अधिक 24 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। लेकिन इस सीट पर कोई महिला प्रत्याशी नहीं है।इस विधानसभा चुनाव में दो ऐसी सीटें हैं, जहां महिला प्रत्याशी ही एक-दूसरे को टक्कर दे रही हैं। इनमें रामगढ़ और झरिया सीट है। रामगढ़ में निवर्तमान विधायक सह आजसू प्रत्याशी सुनीता चौधरी के सामने पूर्व विधायक सह कांग्रेस प्रत्याशी ममता देवी हैं।

इसी तरह, झरिया में निर्वतमान विधायक सह कांग्रेस प्रत्याशी पूर्णिमा नीरज सिंह के सामने भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह हैं।

### सीएम हेमंत ने बीजेपी पर बोला हमला- पूंजीपति लोग और अमीर होते जा रहे हैं, झारखंड गरीब होता जा रहा है

**तोरपा(खूंटी), एजेंसी।** झारखंड में विकास के काम को गति न मिले इसलिए एक माह पहले विधानसभा चुनाव करा दिया गया. केंद्र के हाथ में कठपुतली की तरह नाचनेवाली संस्था ने ऐसा किया. यह उनका अधिकार है, पर काम को गति न मिले इसलिए समय से पहले चुनाव करा रहे हैं. यह बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने तोरपा प्रखंड के तपकारा में आयोजित चुनावी सभा में कही.

मुख्यमंत्री ने तोरपा विधानसभा से झामुमो उम्मीदवार सुदीप गुड़िया व खूंटी विधानसभा से झामुमो उम्मीदवार रामसूर्या मुंडा को वोट देकर जिताने की अपील की. उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग झारखंड को दुधारू गया समझ दूध तो दुह लेते हैं पर चारा नहीं देते. पूंजीपति लोग और अमीर होते जा रहे हैं जबकि झारखंड गरीब होता जा रहा है. उन्होंने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ पूंजीपतियों की जमात है.

दर्जनों हेलीकाप्टर से उड़ रहे हैं. एक तरफ हेमंत सोरेन हैं, जो उनका मुकाबला कर रहा है. झारखंड की जनता हेमंत सोरेन के साथ है. अतः ऐसे हजारों भाजपाइया को गुजरात भगा देंगे.

हेमंत सोरेन ने कहा कि असम से मुख्यमंत्री आकर आदिवासी हितों की बात करते हैं जबकि असम में आदिवासियों की स्थिति बदतर है.सीएम ने कहा कि राज्य में हमारी सरकार बनी तो प्रत्येक परिवार को प्रतिवर्ष एक लाख रुपये देंगे. मंईयां सम्मान योजना की राशि दिसंबर से 2500 रुपया कर दी जायेगी. हमने किसानों को राहत देते हुए दो लाख रुपये तक का ऋण माफ कर दिया. पहले बिजली नहीं आती थी, सिर्फ बिल आता था.

## सुभाषितम्

आपका कोई भी काम महत्वहीन हो सकता है पर महत्वपूर्ण यह है कि आप कुछ करें।

- महात्मा गांधी

# अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में संघ और विश्व हिंदू परिषद का ट्रंप को समर्थन?

**5 नवंबर को अमेरिका मे राष्ट्रपति** पद का चुनाव होना है। अमेरिका में भारतीय मूल के लाखों की संख्या में मतदाता हैं। कई राज्यों में भारतीय मूल के मतदाता हार और जीत में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी ने भारतीय मूल के मतदाताओं को हर तरह से लुभाने का प्रयास तेज कर दिया है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिनों में अमेरिका और बांग्लादेश सहित विश्व भर के सभी हिंदुओं के मानवाधिकारों की रक्षा करने का भरोसा दिलाया है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने दीपावली पर दिए गए संदेश में, भारत के साथ अमेरिका के संबंधों को मजबूत बनाने के साथ-साथ, बांग्लादेश के हिंदुओं की भी चिंता की है। बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर जो हमले हो रहे हैं, उन्होंने उनकी रक्षा करने के लिए अमेरिका की मौजूदा नीति में बदलाव करने के संकेत दिए हैं। अमेरिका में भारतीय मूल के 19 लाख वोटर दो खेमो में बंट गए हैं। जब डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति थे, तब उन्होंने वीजा के नियम भारतीयों के लिए कड़े किए थे। उन्होंने भारतीय समुदाय के लोगों के लिए शुल्क भी बढ़ाया था। विश्व व्यापार संधि को लेकर भी नियम कड़े किए थे। पिछले राष्ट्रपति पद के चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका में जाकर ट्रंप का समर्थन किया था, इसके बाद भी ट्रंप चुनाव हार गए थे। पिछले वर्षों में भारत सरकार ने जैसे-तैसे जो वाइडेन के साथ अपने रिश्ते ठीक किये। सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हैं। वह भारत के तमिलनाडु मूल की हैं। उन्हें भारतीय मतदाताओं का समर्थन बड़े पैमाने पर मिल रहा है। इसको देखते हुए पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप ने भारतीय मतदाताओं का समर्थन हासिल करने, एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, संघ और विश्व हिंदू परिषद के ऊपर दबाव बनाया। भारतीय मूल के मतदाताओं का समर्थन हासिल करने हर संभव प्रयास किए हैं। विश्व हिंदू परिषद और संघ के अमेरिका में जो संगठन काम कर रहे हैं। वह एक तरह से ट्रंप का खुलेआम समर्थन कर रहे हैं। जिस तरह से चुनाव में दोनों पार्टियों के बीच में अंतिम चरण में कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। उसके बाद भारतीय मूल के मतदाताओं का समर्थन हासिल करने के लिए विश्व हिंदू परिषद ने खुलकर राष्ट्रपति पद के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को आभार जताकर जो समर्थन दिया है, उसकी अमेरिका मे बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया होती हुई दिख रही है। अमेरिका में भारतीय मूल के मतदाताओं के बीच में कमला हैरिस पसंदीदा प्रत्याशी हैं। अमेरिका में अभी तक कोई भी महिला राष्ट्रपति पद पर निर्वाचित नहीं हुई है। इस बार उनके जीतने की संभावनाएं बहुत ज्यादा हैं। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स कमला हैरिस का समर्थन कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले कार्यकाल में जिस तरह से भारतीय मूल के लोगों के साथ उपेक्षा पूर्ण व्यवहार किया था। भारतीय समुदाय के नागरिकों पर शुल्क बढ़ाए गए थे। वीजा नियमों को कड़ा किया गया था। तमाम कोशिशें के बाद भी भारतीय मूल के मतदाता पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप की ओर आकर्षित नहीं हो पा रहे थे। पिछले चुनाव में जिस तरह से अमेरिका में जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप के समर्थन में कहा था। अबकी बार ट्रंप सरकार, उसके बाद भी राष्ट्रपति के चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप पराजित हुए। इस बार भी विश्व हिंदू परिषद के माध्यम से डोनाल्ड ट्रंप को जो समर्थन दिया है, उसकी अमेरिका में अन्य समुदायों के बीच बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया हो रही है। मणिपुर में जिस तरह से ईसाई नागरिकों का नरसंहार किया गया है। उसकी अमेरिका में अच्छी प्रतिक्रिया नहीं है। विश्व हिंदू परिषद के समर्थन दिए जाने के बाद कट्टर नस्लवादी अमेरिका में भारतीय समुदाय के खिलाफ हो गए हैं। हिंदू समुदाय का मतदाता इस चुनाव में दो भागों में बंट गया है। भारतीय समुदाय के मतदाताओं को लेकर अन्य मूल के मतदाता ट्रंप के खिलाफ एकजुट होने लगे हैं। जो आगे चलकर अमेरिका में रह रहे भारतीयों के लिए बड़ी मुश्किल के रूप में सामने आ सकता है। ब्रिटेन में जिस तरह का खामियाजा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को भुगतना पड़ा। जिस तरह से ऋषि सुनक भारतीय मूल के होने के कारण और भारतीय मूल के साथ अलग व्यवहार करने का उन पर आरोप लगा। उनकी जो छवि ब्रिटेन में भारत सरकार ने बनाई, उसका खामियाजा ऋषि सुनक को भुगतना पड़ा।

## चिंतन-मनन

### गहराई में जाएं

**गुरू के पास तीन शिष्य आए,** बोले, गुरूदेव! हम साधना करना चाहते हैं। कोई साधना का सूत्र बताएं। गुरू ने सोचा, साधना का सूत्र बताने से पहले परीक्षा कर ली जाए। गुरू ने तीनों से एक प्रश्न पूछा, आंख और कान में कितना अंतर है। पहला व्यक्ति बोला, चार अंगुल का। दूसरे ने कहा, कान से आंख ज्यादा काम आती है। आंखों देखी बात बहुत स्पष्ट होती है। आंखों देखी और कानों सुनी बात में बहुत अंतर होता है। तीसरे का जवाब था, आंख से हम देख सकते हैं, किन्तु परमार्थ की बात कान से ही सुन सकते हैं। गुरू ने पहले व्यक्ति से कहा, तुम अभी व्यापार करो। तुम्हारा नाप-जोख में रस है। तुम साधना के अधिकारी नहीं हो। दूसरे व्यक्ति से कहा, तुम अभी न्याय का काम करो। लोगों के झगड़े सुलझाओ। आंख द्वारा देखे गए प्रमाण ज्यादा सच होते हैं। तीसरे व्यक्ति से कहा, तुम साधना के योग्य हो। मैं तुम्हें आत्मिक ज्ञान दूंगा, क्योंकि तुम परमार्थ की बात में रस लेते हो। यही कान, यही आंख सबके पास है। यदि आंख सच्चाई को देखने लग जाए, कान परमार्थ की बात को सुनने लग जाए तो नई बातें हमें प्राप्त हो सकती हैं। इसके लिए हमें गहराई में जाना होगा। सतह पर रहने से काम नहीं चलेगा। यदि हम अध्यात्म चिकित्सा या भाव चिकित्सा के क्षेत्र में प्रयोग प्रस्तुत करें तो अध्यात्म की उपयोगिता बढ़ेगी, यह विश्वास प्रबल होता है। यह भौतिकता का नहीं, अध्यात्म का भी एक साम्राज्य है और उसके बिना मनुष्य सुख और शांति का जीवन जी नहीं सकता।

# बेहतर सड़क सुरक्षा की दिशा में बढ़ते कदम

धमानंद सारंगी/ पंकज अग्रवाल



**सड़क परिवहन, भारत में परिवहन का** प्रमुख साधन है और यात्री एवं माल यातायात के संदर्भ में इसका निरंतर विस्तार हो रहा है। सड़क नेटवर्क और वाहन बेड़े के तेजी से विस्तार और परिणामस्वरूप गति में हुई वृद्धि के कारण, हर साल लगभग 4.5 लाख दुर्घटनाएँ और 1.5 लाख मौतें होती हैं, जिससे अनुमान है कि सकल घरेलू उत्पाद के 3% का आर्थिक नुकसान होता है। दुर्घटना के आंकड़ों से पता चलता है कि 68 प्रतिशत मौतें में सड़क उपयोगकताओं का कमजोर समूह, जैसे दोपहिया वाहन, पैदल यात्री और साइकिल चालक शामिल होता है। सड़क दुर्घटना के मुख्य कारण हैं - तेज गति से वाहन चलाना, ड्राइवरों का ध्यान भटकना, मोबाइल का उपयोग और लाल बत्ती का उल्लंघन करना आदि। आधी से ज्यादा मौतें देश की 35 वर्ष से कम आयु की युवा आबादी की होती हैं। प्रतिकूल सामाजिक प्रभावों को रोकने और सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित सड़क परिवहन में सुधार करना अनिवार्य है। माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में और माननीय मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) के कुशल मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मंत्रालय इस दशक के अंत तक प्रभावी परिणाम प्राप्त करने के क्रम में 4ई (अर्थात इंजीनियरिंग, कार्यान्वयन, जागरूकता और आपातकालीन देखभाल) को स्थायी तौर पर मजबूत करने के लिए एक व्यापक योजना की अवधारणा तैयार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क 6.3 मिलियन किलोमीटर के कुल सड़क नेटवर्क का 2.3 प्रतिशत है, लेकिन कुल सड़क यातायात में इसकी हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले यातायात की औसत गति अधिक होती है और भारी वाणिज्यिक वाहनों का प्रतिशत भी अधिक होता है, जिसके परिणामस्वरूप लगभग एक तिहाई मौतें और दुर्घटनाएँ राष्ट्रीय राजमार्गों पर होती हैं। मंत्रालय ने परियोजना कार्यान्वयन के सभी चरणों में सड़क सुरक्षा ऑडिट को अनिवार्य कर दिया है, ताकि किसी भी नई परियोजना में इंजीनियरिंग दोष न होना सुनिश्चित किया जा सके। मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी ब्लैक स्पॉट (दुर्घटना संभावित क्षेत्र) को खत्म करने के लिए पूरे भारत में अभियान शुरू किया है। पहचान किये गए कुल 13795 ब्लैक स्पॉट में से 9525 ब्लैक स्पॉट पर गति नियंत्रण उपाय, फुटपाथ चिह्न, सड़क संकेत, सोलर स्टड, पैदल यात्री क्रॉसिंग, रंबल स्ट्रिप्स ( पट्टियों से वाहनों के गुजरने पर गड़गड़ाहट की आवाज होती है) इत्यादि जैसे अल्पकालिक उपाय पूरे किए जा चुके हैं और शेष स्पॉट को मार्च, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विश्लेषण से पता चला है कि अल्पकालिक उपाय 85% ब्लैक स्पॉट्स में प्रभावी रहे हैं और इसके परिणामस्वरूप मृत्यु और गंभीर चोटों वाली दुर्घटनाओं में कमी आई है। 4593 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालीन उपाय, जैसे रेलिंग के साथ फुटपाथ का प्रावधान, जंक्शन सुधार, फ्लाईओवर, सड़क चौड़ीकरण, ज्यामितीय सुधार, फुट ओवर ब्रिज इत्यादि पूरे किए जा चुके हैं और शेष, जहाँ आवश्यक है, को 2026-27 तक पूरा करने का लक्ष्य है। पिछले 2 वर्षों में, जिन 5 किलोमीटर या उससे अधिक लंबाई के एनएच खंडों में कोई मौत नहीं हुई है, वे व्यापक नमूने के अध्ययन के आधार पर एनएच नेटवर्क का लगभग 14.5% हिस्सा हैं। उक्त एनएच खंडों को सफेद गलियारों के रूप में प्रस्तावित किया गया है और क्षेत्रीय अधिकारियों को इन गलियारों की सुरक्षा करने और उन्हें अच्छी स्थिति में बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया है। निर्माण क्षेत्र सुरक्षा उपायों को पूरी गंभीरता से लागू किया जा रहा है। मंत्रालय ने ई-डीएआर (इलेक्ट्रॉनिक विस्तृत दुर्घटना रिपोर्ट) की शुरूआत की है, जो दुर्घटना डेटा की रिपोर्ट, प्रबंधन और विश्लेषण के लिए एक केंद्रीय डेटा भंडार है। दुर्घटना स्थलों की तुरंत पहचान की जाती है और संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा इंजीनियरिंग दोष का आकलन करने के लिए उनका दौरा किया जाता है। यदि आवश्यक हो, तो स्थल पर आवश्यकता के अनुसार समाधान के उपाय लागू किए जाते हैं। जून, 2024 तक इंजीनियरिंग हस्तक्षेप की आवश्यकता वाले 6014 दुर्घटना स्थलों में से लगभग 5446 दुर्घटना स्थलों पर इंजीनियरिंग दोष का उपयुक्त निवारण किया गया है। नई कारों और एसयूवी के सुरक्षा मूल्यांकन के लिए स्टार रेटिंग प्रणाली शुरू की गयी है - भारत नयी कार मूल्यांकन योजना (बीएनसीएपी), जो वैश्विक मानकों के अनुरूप है। माननीय प्रधानमंत्री ने 13 अगस्त, 2021 को अनुपयुक्त और प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने के लिए वाहन स्क्रैपिंग नीति की शुरूआत की थी। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पूरे देश में स्वचालित परीक्षण स्टेशनों (एटीएस) और पंजीकृत वाहन स्क्रैपिंग सुविधा केंद्र (आरवीएसएफ) का एक इकोसिस्टम स्थापित किया जा रहा है। सड़क वर्गीकरण को ध्यान में रखे बिना, सड़कों पर कानून और व्यवस्था तथा विनियमन का कार्यान्वयन राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आता है। मंत्रालय ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए सड़क सुरक्षा की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और कार्यान्वयन के लिए नियम अधिसूचित किए हैं तथा स्पीड कैमरा, सीसीटीवी, स्पीड गन, डैश कैम, बॉडी वियरेबल कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उपलब्ध कराये हैं। बच्चों के लिए सुरक्षा कवच/क्रैश हेलमेट अनिवार्य करने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम में यातायात नियमों के उल्लंघन के लिए आर्थिक दंड में भी वृद्धि की गयी है। सड़क सुरक्षा पर लोगों को प्रशिक्षण और जागरूक बनाना समय की मांग है, ताकि वाहन चलाते समय या सड़क का उपयोग करते समय मानवीय त्रुटियों को कम किया जा सके। मंत्रालय ने बच्चों में सड़क सुरक्षा के बारे में अच्छी प्रथाओं को विकसित करने के लिए कार्यक्रमों का एक सेट तैयार किया है और शिक्षा मंत्रालय से स्कूली शिक्षा, 2023 की राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ) में इसे शामिल करने का अनुरोध किया है। मंत्रालय ने राज्य और जिला स्तर पर अत्याधुनिक क्षेत्रीय वाहन-परिचालन केंद्र (आरडीटीसी), वाहन-परिचालन प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना भी लागू की है। एक अनुमान के अनुसार, यदि पीड़ितों को गोल्डन ऑवर ( दुर्घटना के बाद के 2 घंटे) के दौरान उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जाता है, तो काफी संख्या में होने वाली मौतों को टाला जा सकता है।

# संघ की मांग में उधार का सिन्दूर

राकेश अचल

**आज के आलेख का शीर्षक** पढ़कर आप मुझे संघ यानि आरएसस का विरोधी न समझ लें। मै संघ से असहमत हो सकता हूँ लेकिन उसका धुर विरोधी नहीं। दुनिया में मेरे अनेक संघी मित्र हैं और मित्र ही नहीं, अभिन्न मित्र हैं ,क्योंकि वे गुरु गोलवलकर की तरह जखड्डी नहीं बल्कि रज्जू भैया की तरह उदार हृदय हैं। संघ यानि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अगले साल 25 सितंबर को अपने 100 वर्ष पूरे कर लेगा ,लेकिन इस शताब्दी को छूते-छूते संघ अनेक मामलों में सम्पन्न होते-होते विपन्न हो गया है। यहां तक कि अब उसके पास अपने नारे तक नहीं बचे हैं। संघ ने मजबूरन अपनी मांग में उधार का सिन्दूर भरना शुरू कर दिया है। संघ आजकल अपने नए नारे बंटोगे तो कटोगे को लेकर सुर्खियों में है ,लेकिन ये नारा संघ की अपनी खोज नहीं है । इस नारे के जनक गैर-संघी हिंदूवादी नेता और उत्तरप्रदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं। योगी जी ने ये नारा आम चुनाव के बाद 2024 में भाजपा की अप्रत्याशित पराजय के बाद गढ़ा और 4 जून 2024 के बाद देश में हुए अनेक राज्यों के विधानसभा चुनावों में इसका इस्तेमाल किया। योगी जी का नारा कट्टर हिन्दुओं के सिर चढ़कर बोलता दिखा तो धीरे से संघ ने इस नारे को सिन्दूर समझकर अपनी मांग में भर लिया। संघ के बड़े नेता दत्तात्रय होसबोले ने सबसे पहले इस नारे का समर्थन किया और आज न केवल संघ बल्कि पूरी भाजपा इस नारे के सहारे देश में साम्प्रदायिकता की नई इबारत लिखने में जुटी हुई है। बंटोगे तो कटोगे का नारा सिहरन पैदा करने वाला है। इस नारे से सबसे ज्यादा सिहरन उत्तर प्रदेश में देखी जा रही है। उत्तर प्रदेश में ही भाजपा को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की युति की वजह से लोकसभा में धूल चाटना पड़ी थी। संघ और योगी के इस नारे के जबाब में कांग्रेस ने तो कोई नारा नहीं गढ़ा किन्तु समाजवादी पार्टी ने एक नारा जरूर गढ़ लिया कि -जुड़ोगे तो जीतोगे इस नारे से सिहरन नहीं होती। ये नारा उम्मीदों का नारा लगता है। समाजवादी पार्टी ने इस नारे से पहले पीडीए का फामूर्ला इस्तेमाल किया था और सपा का नया नारा भी इसी फामूर्ले का परिष्कृत संस्करण है। अब इसी महीने ऊपर में होने वाले विधानसभा के उप चुनावों में इन दोनों नारों का परीक्षण भी हो जाएगा। मेरे हिसाब से ये नारे नहीं बल्कि सियासी मिसाइलें हैं। देखना है कि कौन सी मिसाइल ,कितनी मारक साबित होती है ?

बात संघ की मांग में उधार के सिन्दूर की है । संघ की सम्पन्नता और विपन्नता को जानने के लिए आपको मेरे साथ संघ के 99 साला सफर का विंहगावलोकन करना होगा। आप सभी जानते हैं कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर सन 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ° केशव हेडगेवार द्वारा की गयी थी।ये वो दौर था जब देश दासता कि बेड़ियों में जकड़ा था और इससे मुक्ति के लिए छटपटा रहा था। संघ का मकसद प्रारंभिक प्रोत्साहन हिंदू अनुशासन के माध्यम से चरित्र प्रशिक्षण प्रदान करना था और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए हिंदू समुदाय को एकजुट करना था।जबकि उसी दौर में महात्मा मोहनदास करमचंद गांधी उस समय के पीडीए के फामूर्ले पर पूरे देश को एकजुट कर नया भारत बनाने के लिए प्रयास कर रहे थे। जीत गांधी की हुई । हेडगेवार का सपना पूरा नहीं हो सका। भारत आजाद हुआ तो पाकिस्तान की तरह धार्मिक राष्ट्र नहीं बना बल्कि एक ऐसा प्रभुता सम्पन्न देश बना जिसमें सभी धर्मों के लिए समान अवसर और सम्मान हासिल था। संघ के संस्थापक डॉ केशव बलिराम हेडगेवार लगातार 15 साल तक अपने उद्देश्य की पूर्ती के लिए कोशिश करते रहे और हिन्दू राष्ट्र का अधूरा सपना लिए ही चल बसे। उनके बाद माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर ने संघ कि कमान सम्हाली। गुरु गोलवलकर के नाम से लोकप्रिय माधवराव सदा शिवराव ने संघ को लगातार 33 साल तक अपने खून-पसीने से सींचा और वे 1940 से 1973 तक संघ के सर्व सम्मत मुखिया रहे। ये दौर आजादी के बाद नेहरू,शास्त्री और इंदिरा गाँधी का दौर था। इन तीनों प्रधानमंत्रियों के कार्यकाल में संघ का प्रसार खूब हुआ । पाबंदियां भी लगीं रहीं किन्तु संघ का सपना पूरा नहीं हुआ। अनेक सपने ऐसे होते हैं जो आसानी से पूरे नहीं होते । गुरु गोलवलकर भी डॉ हेडगेवार की तरह भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने में नाकाम रहे और चल बसे। गुरु गोलवलकर के बाद एक और माधवराव आये उनका पूरा नाम माधवराव दत्तात्रय देवरस था।

देवरस का संघ भी ठीक वैसा ही संघ था जैसा हेडगेवार साहब चाहते थे । देवरस साहब ने लगातार 21 साल १९७३ से 1994 तक देश को हिन्दू राष्ट्र बनाने के अधूरे सपने को पूरा करने में अपना पसीना बहाया,लेकिन वे भी कामयाब नहीं हुये । हाँ देवरस के काल में संघ को तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल का सामना करना पड़ा । ये समय संघ की सक्रियता का एक तरह से नया युग था । इस 19 महीने के काले समय में संघ के स्वयंम सेवकों ने भूमिगत रहकर देश में हिंदुत्व का रंग भरने कि भरपूर कोशिश की। संघ को इसका प्रतिफल भी मिला लगभग 50 साल के प्रतीक्षा के बाद 1996 में संघ के प्रचारक माननीय अटल बिहारी बाजपेयी देश के प्रधानमंत्री बने।लेकिन तब तक देवरस काल समाप्त हो चुका था। 1994 में ही देवरस संघ के लिए उपलब्ध नहीं रह पाए । उनकी जगह रज्जु भैया ने संघ की कमान सम्हाल ली थी ,इसलिए सत्ता के शीर्ष तक पहुँचने का सुयश रज्जू भय के खाते में दर्ज हुआ। रज्जू भैया 1994 से 2000 तक संघ के सर्वे-सवा रहे। ये रज्जू भैया की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। बावजूद उन्हें अल्पकाल में ही संघ कि कमान छोड़ना पड़ी। संघ के नए प्रमुख 2000 में किसी सुदर्शन बनाये गए। उन्होंने भी ९ साल तक संघ कि खूब सेवा कि ,लेकिन उनके कार्ययकल को यादगार नहीं कहा जा सकता। सुदर्शन जी ने समय रहते अपनी इच्छा से डॉ मोहन भागवत को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया। पिछले 14 साल से डॉ मोहन भागवत संघ के अधूरे सपने में रंग भरने कि कोशिश कर रहे हैं। डॉ भागवत जन्मे तो थे पशुओं कि सेवा के लिए लेकिन वेटनरी डाक्टर बनने के बाद उन्होंने पशुओं कि सेवा करने के बजाय संघ कि सेवा को चुना। वे खानदानी संघी है। ऊके पिता भी संघ के प्रचारक थे। इसलिए उनके लिए संघ बहुत सहज प्लेटफार्म था। डॉ मोहन भागवत को संयोग से 2014 में एक ऐसा नेता मिला जो सहोदर न होते हुए भी सहोदर जैसा था। उस नेता का नाम है नरेंद्र दामोदर दास मोदी। दोनों हम उम्र हैं। एक साथ प्रचारक रहे हैं और ये फर्क करना मुश्किल होता है कि वे दो जिस्म एक जान नहीं है। आप मोदी में मोहन को और मोहन को देख सकते हैं।

# तनाव से दूर होना है तो ईश्वर का ध्यान जरुरी

संजय गोस्वामी

**तनाव जब आए तो कुछ पल हेतु** शांति के लिए आकांक्षा को छोड़ कर एकांत में ईश्वर का ध्यान करें हमारा अकेलापन या तो हमें बहुत ही अवसाद से भर देता है या बहुत आनंद से। निर्भर इस पर है कि हम अपने अकेलेपन को किस तरह जीते है। अगर हम अकेलेपन में केवल अपने अकेले होने की भावना महसूस करते रहेंगे तो धीरे-धीरे यह भावना एक अवसाद का रूप ले लेगी। परन्तु जब अकेलापन एकांत के रूप में परिणत होता है तो यह नव-जीवनदायक हो जाता है। यह हमारे आनंद में वृद्धि करता है। हम स्वयं के होने का आनंद अनुभव करते हैं। एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए अकेले आएं हैं और अकेले दुनिया से जाना है अकेला आदमी सुखी होता है क्योंकि मैं जब मैं अकेला रहता हूँ तो शांति की अनुभूति होती है मुझे याद है जब मैं यूनिवर्सिटी ऑफ रूडकी में 1995 में डिसिशन मेकिंग पर पोस्ट ग्रेजुएशन कोर्स करने गया था तब एग्जाम और टास्क इतना कठिन था कि मन को विराम देना जरुरी समझा कितने लोग इसी चक्कर में सिगरेट पीने के आदी हो गए लेकिन इस कोर्स ने ऐसा कठिन बना कि शांति की जरुरत पड़ी और जो समय छुट्टी का था शांति कुंज में जाकर ध्यान से ठीक हो जाता था यह एक प्रोबब्लीटी पर डिसिशन मेकिंग कोर्स था वहाँ सर ने बहुत से इंडस्ट्री का विजिट कराया मार्केट सर्वे किया उस समय यूनिवर्सिटी ऑफ रूडकी था कैंपस में उड़फक्के कैंटीन में 12रुपए में पूरा भोजन मिलता था कोर्स खत्म के बाद शांतिकुंज में 3महीने बिताये जो सबसे बहमूल्य था बाद में मेरे पिताजी लेने आ गए और गुरुदेव ने सन्यास लेने से मना किया अतः इस कारण मैं इस माया के जाल में आज बुरी तरीके से फंस चूका हूँ जब डिसिशन मेकिंग को अपने को तौल कर देखा तो अकेला जीवन शांति से भड़ा था ना ही किसी से संपर्क जब संपर्क ही नहीं तो मोह आएगा कैसे लेकिन सभी लोग ऐ सोचने लगें तो संसार कैसे चलेगा, तादापि ऐ जानते हुए की राम चरित्र मानस की रचना करने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी को अपनी स्त्री से फटकार लगी तब भगवान श्री राम के प्रेम रस में डूबकर ही रामचंद्र भगवान का अलख घर घर जल रहा है संसार में अकेला व्यक्ति सुखी क्यों हैं क्योंकि उसे अपने परिवार की चिंता नहीं है और उसे ध्यान करने का पूर्ण समय मिलता है और वो पांचो इन्द्रियों पर काबू पा सकता है और आपका तनाव का मुख्य कारण है काम का बोझ या आशा से अधिक की उम्मीद या परिवार की चिंता, एकांत में ईश्वर पर ध्यान लगाकर आप शांति की अनुभूति करेंगे और मन के अंदर जो भी विष भरा पड़ा है वो बाहर निकलेगा और अन्तःकरण शुद्ध होगा यदि सही से प्रभु राम का ध्यान करेंगे इसलिए स्वामी विवेकानंद ने सन्यासी का जीवन व्यतीत किया और ज्ञान का अपार भंडार से संपूर्ण भारत को नई दिशा दी इसी तरह भगवान बुद्ध ने जब देखा की संसार में सुख से ज्यादा दुःख है तो ज्ञान पाने के लिए महलों में पलने वाले सिद्धाथ ने सब कुछ छोड़कर वर्षों की तपस्या की और शांति का मार्ग पर चलकर विश्व का कल्याण किया अतः ऐ निश्चित है कि संसार मयारूपी है लेकिन माता पिता की सेवा करना आपका फर्ज है और यदि सन्यासी बनने का रास्ता चुनते हैं तो बेशक आपका ध्यान माया के बंधन से मुक्त हो सकता है बसर्ते यदि आप ईश्वर की आराधना करते हैं और मानव के कल्याण हेतु कार्य करते हैं लेकिन ऐसा करने से संसार नहीं चलेगा इसलिए ईश्वर ने नर और नारी की ऐसी रचना की है कि आप उसमें फंसने में सफल हो जाते हैं और आप माया के दलदल में फंस चुके होते हैं।

## आज का राशिफल

- **मेष** आज दिन शुभ है और आपका भाग्य भरपूर साथ देगा। आपकी आर्थिक समस्याएं दूर होंगी।
- **तुला** दिन शुभ नहीं है और बिना किसी कारण के समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।
- **वृषभ** शुभ मंगल कार्य की चर्चा हो सकती है। इसमें कितना खर्च होगा, इसको लेकर भी बात हो सकती है।
- **वृश्चिक** आज लाभ होगा और करियर के मामले में भरपूर सफलता प्राप्त होगी।
- **मिथुन** आज आपकी तरक्की को देखकर ऑफिस में सहयोगियों को आपसे जलन होगी।
- **धनु** आज करियर के मामले में लाभ होगा और जो लोग आपके साथ जान पहचान बढ़ाने के इच्छुक हैं।
- **कर्क** हर कार्य में मन के अनुकूल परिणाम मिलने से आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा।
- **मकर** आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। आपको सम्मान की प्राप्ति होगी।
- **सिंह** आज दिन परेशानियों से भरा रहेगा। आपको अधिक मेहनत करनी पड़ सकती है।
- **कुंभ** उच्चाधिकारियों की घनिष्ठता से लाभ होगा। लाभ के सुअवसर दिन भर प्राप्त होंगे।
- **कन्या** लेकिन शाम के वक्त सफलता मिलने से आपको थकान का अनुभव नहीं होगा।
- **मीन** आज करियर के मामले में लाभ और आपके लिए तरक्की के योग बन रहे हैं। आपको प्रसन्नता होगी।

## राजकाज

### झारखंड ही क्यों अन्य राज्य क्यों नहीं?

**झारखंड विधानसभा चुनाव के** लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है, कि हम ऐसा झारखंड बनाएंगे कि किसी को नौकरी करने के लिए प्रदेश से बाहर ही नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा, कि इस पत्र में लिखी गई एक-एक बात, बिजेपी का एक-एक वादा पत्थर की लकीर है। हम इसे जरूर पूरा करेंगे। इस पर विपक्षी कह रहे हैं कि चुनाव के दौरान भाजपा नेता सिर्फ जुमले छोड़ते हैं, इनसे वादे की उम्मीद नहीं रखना चाहिए। जहां तक झारखंड के युवाओं को नौकरी देने का सवाल है तो इनसे पूछा जाना चाहिए कि जहां इनकी डबल इंजन सरकारें चल रहीं हैं, वहां के नौजवान बाहर नौकरी के लिए क्यों भटक रहे हैं।

### बुरे वक्त में साथ देने वाले को कभी न भूलें

**केरल के वायनाड में लोकसभा** उपचुनाव के चलते राजनीति गरमाई हुई है। ऐसे में कांग्रेस नेता एवं उम्मीदवार प्रियंका गांधी वाड्रा ने मनंतवडी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा है, कि जब मेरे भाई राहुल गांधी भारी मुश्किलों का सामना कर रहे थे और बीजेपी के लोग लगातार उन पर हमले कर रहे थे, उनके खिलाफ एक बड़ा अभियान चला रखा था और उनकी छवि को धूमिल करने में लगे थे, उस वक्त आप ही थे जो उनके साथ खड़े थे। एक तरह से प्रियंका ने वायनाड के लोगों को बुरे वक्त में साथ देने वाले लोग करार दिया है और बताया है कि जो बुरे वक्त में साथ दे उसे कभी नहीं भूलना चाहिए। यही वजह है कि गांधी परिवार ने अपनी बेटी को वायनाड के लोगों की सेवा के लिए आगे कर दिया है। इससे न सिर्फ कांग्रेस को बल्कि वायनाड के लोगों को अपनी लड़ाई खुद लड़ने का साहस मिलेगा।

## कार्टून कोना





## आज का इतिहास

1539 इंग्लैंड नरेश हेनरी अष्टम और क्लीव्स की ऐन के विवाह के लिए संधि हुई थी। 1824 मैक्सिको गणराज्य बना था। 1853 तुर्की ने रूस के खिलाफ जंग का ऐलान किया। 1865 नेपोलियन तृतीय और ओटो वान विस्मार्क के बीच समझौता हुआ। 1937 ब्राजील में क्रांति के बाद गेसुलियो वर्गास राष्ट्रपति बने। 1945 फ्रांस में पियरे लावल पर युद्ध के दौरान राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण मुकदमा चलाया गया। 1957 सोवियत संघ ने प्रथम अंतरिक्षयान का प्रक्षेपण किया। 1969 चीन ने हाइड्रोजन बम सहित दो परमाणु परीक्षणों की घोषणा की। 1973 उत्तरी आयरलैंड में पांच वर्ष से जारी संघर्ष को रोकने के लिए शांति वार्ता शुरू हुई। 1977 अटलबिहारी बाजपेयी ने विदेश मंत्री के रूप में राष्ट्रसंघ महासभा को हिंदी में संबोधित किया। 1986 भारतीय हेलीकॉप्टर निगम की स्थापना हुई।

## दैनिक पंचांग

**4 नवम्बर 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.06 ब.से |
| चंद्र | वृश्चिक में | धनु | 09.22 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मकर | 11.27 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.13 बजे से |
| गुरु | वृष में | मीन | 14.46 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मेष | 16.17 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृष | 17.57 बजे से |
| राहु | मीन में | मिथुन | 19.55 बजे से |
| केतु | कन्या में | कर्क | 22.08 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.24 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कन्या | 02.36 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 04.47 बजे से |

**सोमवार** 2024 वर्ष का 309 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2081
**शक संवत्** 1946
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 23.25 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** अनुराधा 08.04 बजे को समाप्त।
**योग** शोभन 11.43 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 10.48 बजे तदनन्तर गर 23.25 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 02.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 15° 27’
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872153
**जूलियन दिन** 2460618.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जमादि उलावल
**तारीख** 01

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# कीट नियंत्रण से होगा भरपूर कपास



## हरा मच्छर या फुदका

इस कीट के शिशु एवं वयस्क दोनों प्राय: पत्तियों की निचली सतह एवं अन्य पौध भागों की सतह से रस चूसकर हानि पहुंचाते हैं।

## सफेद मक्खी

इस कीट के शिशु एवं वयस्क दोनों प्राय: पत्तियों की निचली सतह व अन्य मुलायम पौध भागों से रस चूसकर हानि पहुंचाते हैं। पत्तियां पीली पड़कर सूखने लगती हैं। सूखी हुई पत्तियां, कलियां, फूलपुड़ी एवं घेटे गिरने लगते हैं। अत्यधिक कीट प्रकोप होने पर पौधों की वृद्धि प्रभावित होती है, घेटे सही ढंग से नहीं खुलते या उनमें बनने वाली रूई में गुणात्मक व परिणामात्मक ह्रास दिखाई देता है।

## माहो



इस कीट के सुस्त प्रकृति के शिशु एवं वयस्क मुलायम शाखाओं एवं पत्तियों की निचली सतह पर बड़ी संख्या में पाए जाते हैं ये रसपान कर हानि पहुंचाते हैं। अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में पत्तियां सिकुड़कर पीली पड़ जाती हैं, पौधों की वृद्धि रूक जाती है और वह मुरझाकर सूख जाते हैं।

## तेला

तेला फसल की आरंभिक अवस्था से परिपक्वता तक हानि पहुंचाता है। आरंभिक अवस्था की फसल पर कीट प्रकोप होने पर पत्तियां रजत श्वेत दिखाई देती हैं और क्रमश: पीली पड़कर सिकुड़ जाती हैं। फसल की बढ़वार अवस्था में कीट प्रकोप होने पर पत्तियां ताम्बाई भूरी या काली दिखाई देने लगती है।

## लाल मत्कुण

प्रकोपित घेटे छोटे रह जाते हैं व समय से पूर्व खुल जाते हैं और इनमें रूई खराब हो जाती है। घेटों में कीट द्वारा रस निचोड़ने एवं कीट के पीले मल के कारण रूई बदरंगी हो जाती है। इसके अतिरिक्त नेमोटोस्पोरा गोसीपी नामक जीवाणु के कारण भी रुई बदरंगी होती है। रुई का बाजार मूल्य घट जाता है।

## मिली बग

कपास की फसल को इस कीट की शिशु एवं पंखहीन मादा द्वारा हानि पहुंचायी जाती है। कीट की ये अवस्थाएं पौधों के तने शाखाओं, पर्ण वृन्तों, पत्तियों, फूलपुड़ी-घेटों एवं कभी-कभी जड़ों पर भी समूहों में पायी जाती है। यह शाखाओं एवं पत्तियों पर अधिक रहना पसन्द नहीं करती है।

## डस्की काटन बग

इस कीट के शिशु एवं वयस्क अपरिपक्व बीजों से रस चूसते हैं ये बीज फलत: पक नहीं पाते हैं। प्रभावित बीजों का रंग भी चला जाता है और वे वजन में हल्के रह जाते हैं। कारखानों में रुई की जीनिंग के समय कीट की वयस्क अवस्था पायी जाती है। इस कारण ऐसे कपास के बदरंग होने के कारण उसका बाजार मूल्य कम मिलता है।

## हरी इल्ली या अमेरिकन डेन्डू छेदक

इस कीट की केवल इल्ली अवस्था फसलों के लिए हानिकारक होती है।

## चितकबरी इल्ली

इस कीट की केवल इल्ली अवस्था हानिकारक होती है। फसल की आरंभिक अवस्था में यह विकसित हो रहे पौधे के ऊपरी सिरे से मुख्य तने में प्रवेश कर सुरंग बनाकर हानि पहुंचाती है।

## गुलाबी डेन्डू छेदक

इस कीट की इल्ली अवस्था कलियों, फूलों, फूलपुड़ियों, विकसित एवं विकसित हो रहे घेटों व उनमें बन रहे बीजों को हानि पहुंचाती है।

## तम्बाकू की इल्ली

इस कीट की केवल इल्ली अवस्था फसल को हानि पहुंचाती है। यह आरंभ में पत्तियों की निचली सतह पर रहकर हरे पदार्थ को खाती है तत्पश्चात ये सम्पूर्ण खेत में बिखरकर पत्तियों को खाती है और अत्यधिक प्रकोप की स्थिति में पत्तियों की केवल शिराएं शेष रह जाती हैं ये फूलों, कलियों, फूलपुड़ी एवं घेटों को भी महत्वपूर्ण क्षति पहुंचाती है।



## ग्रेव्हीविल

कीट की इल्ली एवं वयस्क दोनों अवस्थाएं फसल के लिए हानिकारक होती हैं। इल्ली (ग्रब) भूमि में रहती है और जड़ों व अंकुरित हो रही पौध को हानि पहुंचाती हैं।

## अर्धकुण्डलक इल्ली

इस कीट की केवल इल्ली अवस्था पत्तियों पर छोटे-छोटे छिद्र कर हानि पहुंचाती है। बाद की अवस्था में या अधिक प्रकोप की स्थिति में इल्लियां सम्पूर्ण पत्तियों को काटकर नष्ट कर देती है।

## रस चूसक कीटों का समेकित प्रबंधन

- खाद- उर्वरकों एवं सिंचाई (सिंचित फसल में) का संतुलित उपयोग करें।
- लोबिया को अन्तरवर्तीय फसल के रूप में लगायें
- चिपचिपे प्रपंचों का उपयोग रस चूसक कीटों के लिए करें।
- हानिकारक कीटों को फसल अवधि के पश्चात् आश्रय देने वाले वैकल्पिक पोषक पौधों को नष्ट करें।
- खेतों एवं उनके आस -पास साफ-सफाई रखें।
- नीम तेल 5 मिली./ली. + टीपाल या सेन्डोविट 1 मिली. /ली. का छिड़काव सफेद मक्खी या मिली बग के प्रकोप की आरंभिक स्थिति में करें।
- कपास का बीज इमिडाक्लोप्रिड 70 डब्ल्यू. एस. 10 ग्रा./किग्रा. या थायोमेथाक्जाम 5 ग्रा./किग्रा. से उपचारित करने के पश्चात् ही बोयें।
- कीट प्रकोप की स्थिति में इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल 200 मिली सक्रिय तत्व है या थायोमेथाक्जाम 25 डब्ल्यू. जी. 50 से 100 ग्राम सक्रिय तत्व है या एसिटामिप्रिड 20 एस.पी. 15 से 20 ग्राम सक्रिय तत्व/ हेक्टेयर का छिड़काव करें।
- सफेद मक्खी के लिए ट्राइजोफॉस 40 ईसी 400 मिली. सक्रिय तत्व है या डाइफेन्यूरान 50 डब्ल्यू पी. 500 ग्राम सक्रिय तत्व/ हेक्टेयर का छिड़काव करे।
- मिली बग के लिए प्रोफेनोफॉस 50 ई.सी. 750 मिली सक्रिय तत्व या मेलाथियान 50 ईसी 500 मिली सक्रिय तत्व/हेक्टेयर या एसीफेट 75 एसपी. 400 ग्रा. सक्रिय तत्व / हेक्टेयर का छिड़काव उपयोगी है।

## डेन्डू छेदक एवं पत्ती भक्षक कीटों का एकीकृत प्रबंधन

- ग्रीष्म कालीन गहरी जुताई करें।
- कपास की बी.टी. प्रजातियां लगायें।
- खेतों की साफ-सफाई रखें।
- कीट प्रभावित शाखाओं, फूलपुड़ियों एवं घेटों को एकत्रित कर नष्ट करें।
- कपास की 10-12 कतारों के पश्चात् एक कतार मक्का की लगायें, यह पक्षियों के लिए आश्रय स्थल का कार्य करेगी।
- खेतों में प्रकाश प्रपंच (एक प्रपंच प्रति 2 हेक्टेयर क्षेत्र के लिए) एवं विभिन्न डेन्डू छेदक कीटों के लिए फेरोमेन प्रपंच (प्रति हेक्टे. 10 प्रत्येक प्रजाति के) स्थापित करें।
- डबल सीडेड कपास बीज को बुवाई हेतु उपयोग न करें क्योंकि इसमें गुलाबी डेन्डू छेदक के पाए जाने की संभावना रहती है।
- गुलाबी डेन्डू छेदक से सुरक्षा हेतु बीज को अप्रैल-मई की तेज गर्मी में 2 से 3 दिनों के लिए सुखाएं अथवा उसे बुवाई पूर्व 60 डिग्री सेल्सियस तापक्रम पर 15 मिनिट के लिए रखें।
- गुलाबी डेन्डू छेदक से ही रक्षा हेतु बीज को बुवाई पूर्व वायु अवरोधक पात्रों अथवा भंडारगृहों में मिथाइल ब्रोमाइड 2 लीटर/100 घन मीटर से प्रधूमित किया जा सकता है।
- कीटनाशकों में एसीफेट 75 एस.पी. 500 ग्राम सक्रिय तत्व है या स्पाइनोसेड 45 एस.पी. 100 ग्राम सक्रिय तत्व है या इन्डाक्साकार्ब 14.5 एस.पी. 100 ग्राम सक्रिय तत्व है या इमामेक्टिन बेन्जोएट 5 एसजी 8-10 ग्राम सक्रिय तत्व है या प्रोफेनोफास 50 ई.सी. 1000 मिली. सक्रिय तत्व है में से किसी एक का छिड़काव करें।
- नाभिकीय बहुभुज विषाणु 400 इल्ली समतुल्य है का उपयोग भी लाभदायक है।



# अरहर को कीट-रोग से बचाएं

## कीट प्रबन्धन

### चने की इल्ली

इल्लियाँ हरे से भूरे रंग की एवं शरीर के किनारों पर हल्की या गहरी लहरदार धारियाँ पाई जाती हैं। इसकी इल्लियाँ प्रारम्भिक अवस्था में पत्तियों को नुकसान पहुँचाती हैं तथा बाद की अवस्था में फल्ली में गोलाकार छेद बनाकर अपना सिर फल्ली में घुसाकर दाने को खाती हैं।

### फल्ली मक्खी

इस कीट के वयस्क काले रंग के तथा आकार में घरेलू मक्खी से छोटे होते हैं। इसकी इल्लियाँ दाने में सुरंग बनाकर क्षति पहुँचाती हैं तथा क्षतिग्रस्त दानों में फफूंद का प्रकोप होने से यह खाने लायक नहीं रहती। क्षतिग्रस्त फल्लियाँ सूखकर सिकुड़ जाती हैं।

### पोड बग

इस कीट के शिशु एवं वयस्क दोनों फल्ली से रस चूसकर नुकसान पहुँचाते हैं, जिसमें फल्लियों में काले धब्बे बन जाते हैं। हरी फल्लियाँ गिर जाती हैं एवं फल्लियों में दाने सिकुड़े हुये, छोटे एवं कम संख्या में पाये जाते हैं।

## रोग प्रबन्धन



**उकठा (विल्ट):** यह रोग फ्यूजेरियम उडम नामक कवक द्वारा होता है। फसल में फूल एवं फल लगने की अवस्था में रोग का प्रकोप सर्वाधिक होता है। रोगी पौधा एकाएक पीला पड़कर सूखने लगता है।

**रोकथाम के उपाय:** रोग से बचने के लिये गर्मी में गहरी जुताई व निरोधक जातियाँ जैसे- सी.-11, जे.ए.-4, आशा, राजीव लोचन आदि लगाना चाहिये।

### झुलसा रोग

इस रोग का प्रकोप, जहाँ पानी ठहरता है, वहाँ अधिक होता है। रोग के कारण पत्तियों पर पहले पनीले धब्बे बनते हैं। कॉलर भाग में भूरे विक्षत बनते हैं। विक्षत भाग से पौधा टूट कर सूख जाता है। फसल को मादा कूड़ विधि से लगाये, बीज मादा में बोये। खेत से जल निकास की उचित व्यवस्था करें। निंदाई-गुड़ाई समय पर अवश्य करें तथा अनावश्यक पौधे को निकाल दें ताकि उनका आवागमन अच्छा हो जिससे ज्याद नमी न रहे। गमी की गहरी जुताई करें और संभव हो तो मिट्टी का सूर्यताप द्वारा मिट्टी का 6-7 सप्ताह के लिए निर्जीवीकृत करे ऐसा करने से मृदा जनित रोगों पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई करें

**चने की इल्ली व शंखी तेज धूप में मर जाती हैं तथा शिकारी पक्षियों द्वारा खा ली जाती हैं।**

- फसल की बोनी जून माह में करने से फल्लीभेदक कीटों के प्रकोप में कमी आती है।
- ज्वार की अन्तवर्तीय फसल के रूप में तथा मक्का की ऊँची किस्म को खेत के बॉर्डर पर उगाएं। ये फसलें प्राकृतिक शत्रुओं के छिपने तथा शिकारी पक्षी उन पर बैठकर बड़ी संख्या में इल्लियों का भक्षण करते हैं।
- गेंदा को ट्रैप फसल के रूप में बॉर्डर पर उगाएँ। इससे चने की इल्ली के प्रकोप में कमी आती है।
- खेतों में चिड़ियों के बैठने हेतु 'टी' आकार की खूँटी 50 नग प्रति हेक्टेयर की दर से लगायें।
- प्रकाश प्रपंच फसल से 10-15 मीटर की दूरी पर लगाएँ तथा सायं 6.30 बजे से रात्रि 10.30 बजे तक चलाएँ।
- चने की इल्ली की निगरानी के लिये पाँच फेरोमोन प्रपंच प्रति हेक्टेयर की दर से बुवाई के 30 दिनों बाद लगाएँ।
- फसल की सतत् निगरानी करते रहें तथा कीटों का आर्थिक स्तर आने पर निम्नलिखित उपाय करें।
- चने की इल्ली: 5 अण्डे या तीन छोटी इल्लियाँ/पौधा या 1 इल्ली/ 5 शाखाओं या 5-6 प्रौढ़/प्रपंच/दिन।

# मक्का में कीट व रोग प्रबन्धन



## कंडुवा रोग

इस रोग से प्रभावित पौधों के भुट्टे में दानों के स्थान पर काले पाउडर के समान चूर्ण बन जाते हैं। इस रोग से पौधों को बचाने के लिए थायरम 3 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज की दर से बीज का उपचार कर मक्के की बुवाई करनी चाहिए। इसके साथ ही इस रोग से ग्रसित पौधों को खेत से उखाड़कर नष्ट कर देना चाहिए।

## दीमक कीट

मक्का की फसल को प्रभावित करने वाला एक प्रमुख कीट है, जिसके श्रमिक कींट पौधों की जड़ों को काटकर हानि पहुंचाते हैं। दीमक कीट से फसल को बचाने के लिए बुवाई के समय अन्तिम जुताई करते समय 1.5 प्रतिशत क्लोरोपायरीफॉस या फोरेट 10 जी. का 10 किग्रा मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से खेत में मिलाना चाहिए। खड़ी फसल में इस कींट के प्रकोप होने पर क्लोरपॉयरीफॉस 2-3 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से सिंचाई जल के साथ देना हितकर रहता है।

## मक्का में कीट व रोग प्रबन्धन

पत्तियों का झुलसा रोग- मक्के की फसल को प्रभावित करने वाला यह रोग कवक जनित है। इस रोग में पत्तियों पर लम्बे या कुछ अण्डाकार भूरे रंग के धब्बे बन जाते हैं। रोग के उग्र होने पर पत्तियां झुलसकर सूख जाती हैं। इस रोग से मक्के के पौधों को बचाने के लिए मेन्कोजेब या क्लोरोथेलोनिल नामक दवा का 2.5 मिली प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करना चाहिए।



## तना छेदक

यह कीट मक्के की फसल जब छोटी अवस्था में रहती है, तो उस समय यह पौधे के अन्दर घुसकर मुलायम तने को खाती है, जिससे फसल में डेडहर्ट बन जाता है। इस कीट से फसल को बचाने के लिए फसल की छोटी अवस्था में क्लोरपॉयरीफास 100 से 150 मिली. प्रति हेक्टेयर की दर से फसल पर छिड़काव करना चाहिए। तथा बाद में फसल सुरक्षा के लिए कार्बोफ्यूरान 3 जी. 10 किग्रा. प्रति हेक्टेयर की दर से मक्के की पोंगली में 4-5 दाना डालना चाहिए।

## माहो कीट

इस कीट के शिशु व प्रौढ़ दोनों पत्तियों की सतह से रस को चूसकर क्षति पहुंचाते हैं। इस कीट के नियंत्रण के लिए डायमेथोएट 30 ई.सी. की 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए।



## गुलाबी उकठा रोग

इस रोग से प्रभावित पौधों में दाने पड़ने के बाद पौधे खेत में कम नमी के कारण सूख जाते हैं। मक्के के पौधे के तने को तिरछा काटने पर संवहन नलिकाएं गुलाबी रंग की हो जाती हैं, जिन्हें निचली पोरों में आसानी से देखा जा सकता है और पौधा सिकुड़ जाता है। इस रोग के प्रबन्धन के लिए मक्के के स्वस्थ बीज का प्रयोग करना चाहिए तथा साथ ही खेत में नमी की कमी होने पर सिंचाई का प्रबन्ध करना चाहिए।

# भारतीय कंपनियां किसी कानून का उल्लंघन नहीं कर रहीं, अमेरिकी प्रतिबंधों पर एमईए की दो टूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से 19 भारतीय कंपनियों और दो व्यक्तियों को पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई थी। इन भारतीय कंपनियों और लोगों पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध के दौरान रूस को सामग्री और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति करने का आरोप है। अमेरिका के इस कदम पर अब भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी किया है। आइए इस बारे में जानें।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को अमेरिका की ओर से कई भारतीय कंपनियों और नागरिकों पर हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों पर प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता के अनुसार भारतीय कंपनियों ने किसी भी राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं किया है। अमेरिकी विदेश विभाग की ओर से 19 भारतीय कंपनियों और दो व्यक्तियों को पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई की गई थी। इन भारतीय कंपनियों और लोगों पर यूक्रेन में चल रहे युद्ध के दौरान रूस को सामग्री और प्रौद्योगिकी की आपूर्ति करने का आरोप है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ÷हमने अमेरिकी प्रतिबंधों पर रिपोर्ट देखी हैं। भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है। हम तीन प्रमुख बहुपक्षीय अप्रसार निर्यात नियंत्रण व्यवस्थाओं- वासेनार व्यवस्था, ऑस्ट्रेलिया समूह और मिसाइल प्रौद्योगिकी नियंत्रण व्यवस्था के सदस्य भी हैं, और अप्रसार पर प्रासंगिक यूएनएससी प्रतिबंधों और यूएनएससी संकल्प 1540 को प्रभावी ढंग से लागू कर रहे हैं।÷

उन्होंने कहा, ÷हमारी समझ यह है कि प्रतिबंधित लेनदेन और कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं करती हैं। फिर भी, भारत की स्थापित अप्रसार साख को ध्यान में



रखते हुए, हम सभी संबंधित भारतीय विभागों और एजेंसियों के साथ मिलकर भारतीय कंपनियों को लागू निर्यात नियंत्रण प्रावधानों के बारे में जागरूक करने के साथ-साथ नए उपायों के बारे में भी सूचित कर रहे हैं। ये उपाय कुछ परिस्थितियों में भारतीय कंपनियों को प्रभावित कर सकते हैं।

जायसवाल के अनुसार, ÷भारतीय उद्योगों और हितधारकों के लिए नियमित रणनीतिक व्यापार/निर्यात नियंत्रण आउटरीच कार्यक्रम भारत सरकार की एजेंसियों की ओर से चलाए जा रहे हैं। हम मुद्दों पर अधिक स्पष्टता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में भी हैं।÷

प्रतिबंधों में नामित भारतीय कंपनी श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड का कहना है कि वे भारतीय कानून के तहत काम करती हैं और उनका दावा है कि प्रतिबंधों से उनके व्यवसाय पर कोई असर नहीं पड़ेगा। मेरठ स्थित श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक प्रवीण त्यागी ने प्रतिबंधों पर कहा, ÷मुझे नहीं पता कि ये प्रतिबंध हम पर क्यों लगाए गए हैं। लेकिन इसका हम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा, क्योंकि हम न तो अमेरिका से आयात करते हैं और न ही अमेरिका को निर्यात करते हैं।÷

टीएसएमडी ग्लोबल के निदेशक राहुल कुमार सिंह ने कहा, ÷मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि अमेरिका ने कंपनी पर प्रतिबंध क्यों लगाया है। हम ऑटोमोबाइल पार्ट्स और कृषि उपकरणों के आपूर्तिकर्ता हैं। हमारी कंपनी का अमेरिका से कोई कारोबार नहीं है। अमेरिकी प्रतिबंध का कंपनी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हम रूसी कंपनियों को ऑटोमोबाइल पार्ट्स, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और कपड़े सप्लाई करते हैं। हम भारत सरकार के खिलाफ काम नहीं कर रहे हैं और कारोबारी मानदंडों के अनुसार काम कर रहे हैं। हम कोई अवैध काम नहीं कर रहे। रूस के साथ हमारा कारोबार पहले की तरह ही जारी रहेगा।÷ इन्फोमेरिक्स रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री मनोरंजन शर्मा का कहना है कि ये उपाय 5 नवंबर को अमेरिका में होने वाले अमेरिकी चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास हो सकते हैं।

अमेरिका ने रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों का कथित तौर पर सहयोग करने के आरोप में भारतीय इकाइयों समेत कुल 275 लोगों व इकाइयों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिकी वित्त विभाग ने गुरुवार को जारी अपने बयान में कहा है कि चीन, स्विट्जरलैंड, थाईलैंड और तुर्किए की कंपनियों पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसकी वजह यह है कि ये कंपनियां रूस को उन्नत प्रौद्योगिकी और उपकरण प्रदान कर रही हैं जिनका इस्तेमाल रूस अपने युद्ध तंत्र को चलाने में कर रहा है। वित्त विभाग की तरफ से जारी सूची में भारत स्थित कंपनियों में आभार टेक्नोलॉजीज एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डेनवास सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, एमसिस्टेक, गैलेक्सी बियरिंग्स लिमिटेड, ऑर्बिट फिनट्रेड एलएलपी, इनोवियो वेंचर्स, केडीजी इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड और खुशबू होनिंग प्राइवेट लिमिटेड के नाम शामिल हैं। इनके अलावा लोकेश मशीन्स लिमिटेड, पॉइंटर इलेक्ट्रॉनिक्स, आरआरजी इंजीनियरिंग टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, शार्पलाइन ऑटोमेशन प्राइवेट लिमिटेड, शौर्य एयरोनॉटिक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्रीजी इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड और श्रेया लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड को भी प्रतिबंधित सूची में रखा गया है।

इससे पहले बुधवार को अमेरिका ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध को बढ़ावा देने के लिए लगभग 400 संस्थाओं व व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। बयान के मुताबिक, वैश्विक कर चोरी नेटवर्क को बाधित करने के अलावा इस कार्रवाई के तहत रूस के सैन्य-औद्योगिक प्रतिष्ठानों के लिए प्रमुख सूचना और अन्य सामग्री के घरेलू रूसी आयातकों और उत्पादकों पर भी कार्रवाई की गई है। अमेरिकी अधिकारियों द्वारा उनके देश में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों के एक समूह को निर्वासित करने के कुछ दिनों बाद नयी दिल्ली ने शनिवार को कहा कि उसे उम्मीद है कि आवागमन और प्रवास पर भारत-अमेरिका के बीच सहयोग से हम अवैध आव्रजन को रोक सकेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत प्रवास और आवागमन पर अमेरिका के साथ नियमित रूप से वार्ता करता है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने पिछले सप्ताह एक बयान में कहा था, 22 अक्टूबर को, डीएचएस ने अमेरिकी आव्रजन एवं सीमाशुल्क प्रवर्तन (आईसीई) के माध्यम से, उन भारतीय नागरिकों को निर्वासित करने के लिए एक बड़ी निजी उड़ान का संचालन किया, जिनके पास अमेरिका में रहने के लिए कोई वैध कानूनी आधार नहीं था।

## भारत में बेचो और चीन में खरीदो की नीति पर विदेशी निवेशक, अब ड्रैगन भी लड़खड़ाया!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अक्टूबर महीने में भारतीय बाजार में भारी बिकवाली करते हुए 1,13,858 करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जो किसी एक महीने में की गई सबसे बड़ी बिकवाली रही। हालांकि वे इस दौरान प्राइमरी मार्केट में सक्रिय खरीदार बने रहे। सेकेंडरी मार्केट मे भारी बिकवाली के उलट उन्होंने प्राइमरी मार्केट में 19,842 करोड़ रुपए का निवेश किया। विदेशी निवेशक भारत में बेचो और चीन में खरीदो की नीति पर चल रहे थे लेकिन चीन का बाजार एक बार फिर दबाव में लौटता दिख रहा है। चीनी शेयरों में तेजी कम हो रही है। हाल में शंघाई और हैंग सेंग सूचकांकों में गिरावट आई है।

स्नक्क्ष् के व्यवहार में इस तरह के विरोधाभास के बारे में जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वी के विजयकुमार ने कहा कि प्राइमरी मार्केट के इश्यू ज्यादातर उचित मूल्यांकन पर हैं, जबकि बेंचमार्क सूचकांक ऊंचे मूल्यांकन पर कारोबार कर रहे हैं। एफपीआई की लगातार बिकवाली से बेंचमार्क सूचकांकों में पीक से लगभग 8त्न की गिरावट आई है। एफपीआई आगे भी बिकवाली जारी रख सकते हैं जिससे बाजार में किसी भी संभावित तेजी पर रोक लग सकती है। लेकिन यह ट्रेंड देखने को मिला है कि वित्तीय क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर एफपीआई की बिकवाली के बावजूद यह सेक्टर लचीला बना हुआ है। इससे साफ है कि भारतीय शेयरों का उचित मूल्यांकन हैं क्योंकि बिक्री घरेलू संस्थागत निवेशकों और व्यक्तिगत निवेशकों ने बिकवाली को एबजॉर्ब किया है। विदेशी निवेशक भारत से पैसा निकालकर चीन में लगा रहे थे। इसकी वजह यह थी कि चीन की सरकार ने भारी-भरकम पैकेज की घोषणा की थी। उसके बाद चीन के बाजारों में कुछ तेजी दिख रही थी। लेकिन अब एक बार फिर चीन के बाजार में दबाव हावी होने लगा है। हाल के दिनों में शंघाई और हैंग सेंग इंडेक्स में गिरावट आई है। वैश्विक मोर्चे पर बाजार आने वाले सप्ताह में कुछ दिनों के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों पर प्रतिक्रिया देंगे। उसके बाद अमेरिकी में जीडीपी के आंकड़े, महंगाई और फेड के दर में कटौती जैसे बुनियादी कारक बाजार की चाल को प्रभावित करेंगे।

## गूगल इंडिया का पिछले वित्त वर्ष में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 1,425 करोड़ रुपये पर



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल इंडिया का वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध लाभ छह प्रतिशत बढ़कर 1,424.9 करोड़ रुपये हो गया जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में इसने 1,342.5 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनियों के बारे में सूचनाएं मुहैया कराने वाली वेबसाइट टॉफलर ने शुक्रवार को एक दस्तावेज साझा कर यह जानकारी दी। इसके मुताबिक, गूगल इंडिया की पिछले वित्त वर्ष में कुल आमदनी 7,097.5 करोड़ रुपये रही। इसमें चालू परिचालन से राजस्व 5,921.1 करोड़ रुपये और बंद परिचालन से 1,176.4 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 2020-21 में गूगल इंडिया ने कंपनी के आईटी व्यवसाय उपक्रम को गूगल आईटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ अलग करने के लिए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) में एक आवेदन दायर किया था। गूगल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, वित्त वर्ष 2023-2024 के दौरान, व्यवस्था की योजना को एनसीएलटी द्वारा 25 मई, 2023 के आदेश के तहत मंजूरी दी गई और वित्तीय विवरणों में योजना को 30 जून 2023 से प्रभावी किया गया।

## 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के लिए सालाना एक करोड़ नई नौकरियों का करना होगा सृजन






**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत को सालाना 6.5 प्रतिशत की औसत जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) वृद्धि बनाए रखने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 से वित्त वर्ष 2029-30 तक हर साल लगभग एक करोड़ नई नौकरियों का सृजन करना होगा। गोल्डमैन सैक्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, किफायती घरों के निर्माण को प्रोत्साहित करने से रियल एस्टेट क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि यह निर्माण के क्षेत्र में 80 प्रतिशत से अधिक श्रम बल को रोजगार प्रदान करता है।

इसके अलावा यह विभिन्न कौशल स्तरों में रोजगार सृजन को भी महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि टियर-2 और टियर-3 शहरों में आइटी हब और छोटे शहरों में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) स्थापित करने से टियर-1 शहरी केंद्रों पर दबाव कम होगा और कम सेवा वाले क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, कपड़ा, खाद्य प्रसंस्करण और फर्नीचर जैसे श्रम आधारित सेक्टर को अधिक राजकोषीय प्रोत्साहन देने से निम्न से मध्यम कौशल वाले श्रमिकों के लिए रोजगार सृजन में सुविधा होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने मुख्य रूप से उन उद्योगों को लाभान्वित किया है, जहां पर अधिक पूंजी की जरूरत होती है।

रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो दशकों के दौरान भारत में लगभग 19.6 करोड़ नौकरियों का सृजन हुआ है और इनमें से दो-तिहाई पद पिछले एक दशक में सृजित हुए हैं। इस दौरान एक महत्वपूर्ण बदलाव यह हुआ है कि कृषि से निकलकर लोग निर्माण और सर्विस सेक्टर में गए हैं।

भारत में निर्माण रोजगार का प्राथमिक चालक बना हुआ है और कुल रोजगार का 13 प्रतिशत इस क्षेत्र से आता है। रियल एस्टेट और बुनियादी ढांचे में निवेश ने न केवल नौकरियां पैदा की हैं, बल्कि निम्न-से-मध्यम आय वाले परिवारों में आय के स्तर को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।

## भारतीय रेलवे के एडवांस रिजर्वेशन के नए नियम हो गए लागू, यात्रियों के साथ रेलवे को भी होगा फायदा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे ने एडवांस रिजर्वेशन के नियमों में बदलाव किया है। नए नियम के अनुसार अब केवल 60 दिन पहले ही टिकट बुक कर सकते थे। इससे पहले इसका समय 120 दिन यानी चार महीने था। भारतीय रेलवे ने कहा कि इसका लाभ रेलवे के साथ यात्रियों को भी होगा। हम आपको रेलवे के नए नियम के बारे में बताएंगे।

भारतीय रेलवे ने एडवांस रिजर्वेशन नियमों को कई बार बदला है। समय और यात्रियों के हित में रेलवे ने कई बार यह फैसला लिया है। नीचे दी गई इमेज में हमने बताया है कि एडवांस रिजर्वेशन के नियम में कब-कब बदलाव हुआ है।

रेलवे मंत्रालय ने कहा कि कई यात्री 120 दिन पहले टिकट बुक कर लेते हैं पर बाद में इसे कैंसिल करवा लेते हैं। वहीं, कई लोग टिकट ब्लॉक करके धोखाधड़ी भी करते हैं। इन दोनों प्रमुख बातों के कारण रेलवे ने नियम में बदलाव किया है।

रेलवे द्वारा जारी आंकड़ों पर नजर दौड़ाएं तो पाया जाएगा की 21 फीसदी टिकट कैंसिल हो जाती है और 4 से 5 फीसदी यात्री यात्रा ही नहीं करते है। ऐसे में उन यात्रियों को सीट नहीं मिल पाती है जो उसके अधिकार में हैं। रेलवे ने नए




नियम की गाइडलाइन सभी स्टेशन और टिकट काउंटर पर भेज दी है।

रेलवे ने साफ कहा कि जिन यात्रियों ने 120 दिन पहले ट्रेन टिकट बुक किया है, उनपर कोई असर नहीं होगा। वह उस टिकट पर आराम से यात्रा कर सकते हैं। दरअसल, यह नियम 1 नवंबर से लागू हुआ है। 31 अक्टूबर तक एडवांस टिकट बुकिंग का समय 120 दिन ही था।

रेल अधिकारियों ने कहा कि नए नियम के लागू हो जाने के बाद रेलने स्पेशल ट्रेनों की प्लानिंग सही से कर पाएगा। इस नियम से रेलवे यात्रियों की संख्या का सही अनुमान लगा सकता है और फेस्टिव सीजन पर स्टेशन की भीड़ को कंट्रोल करने के लिए सही संख्या में स्पेशल ट्रेन चला सकते हैं।

भारतीय रेलवे के एडवांस रिजर्वेशन नियम विदेशी पर्यटकों पर लागू नहीं होगा। वह 365 दिन पहले एडवांस में टिकट बुक कर सकते हैं। भारतीय रेलवे ने विदेशी पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए एडवांस रिजर्वेशन का टेन्योर 1 साल किया।

## राइजिंग राजस्थान को देश, विदेश से मिल रहा समर्थन : भजनलाल शर्मा

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में अगले महीने होने वाले राजस्थान राइजिंग निवेश शिखर सम्मेलन को देश-विदेश से भरपूर समर्थन मिल रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने सांगानेर में दीपावली स्नेह मिलन समारोह में कहा,''नौ से 11 दिसम्बर तक राइजिंग राजस्थान का आयोजन होगा, जिसमें प्रवासी राजस्थानियों एवं उद्योगपतियों से हमें भरपूर समर्थन मिल रहा है। सरकार राज्य में निवेश करने वाले हर व्यक्ति की मदद के लिए तैयार है।'' शर्मा ने कहा कि उन्हें काम करने की ताकत सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से मिलती है।




यह उनका निर्वाचन क्षेत्र है। आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बने 10 महीने हो चुके हैं, इस दौरान जो परिवर्तन आया है उसे सभी ने देखा है। उन्होंने कहा कि पानी की आपूर्ति के लिए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना ईआरसीपी, यमुना जल समझौता हुआ है तथा मानसून में अच्छी वर्षा से प्रदेश के बांध भी भरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा ,''हम राज्य की आठ करोड़ जनता के लिए काम करते हैं। इस साल जो बजट पेश किया गया, उसमें सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए बजट दिया गया है।'' शर्मा ने कहा, ''हम पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरी एवं इस वर्ष एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देंगे। युवा तैयारी करें, क्योंकि दो वर्ष का भर्ती कलेंडर भी निकाला गया है। मंत्रिमंडल ने 90,000 भर्तियां निकालने का मार्ग प्रशस्त किया है।

## कांग्रेस सांसद ने आठ जरूरी दवाओं की कीमत बढ़ाने के फैसले पर उठाया सवाल, पीएम को पत्र लिख की यह मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तमिलनाडु से कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कुछ जरूरी दवाओं की कीमत बढ़ाने के फैसले पर सवाल उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि मैं आपके जवाब का इंतजार कर रहा हूं और ऐसे समाधान की उम्मीद करता हूं जिसमें हमारे नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता दी जाए। आइए जानते हैं सांसद ने पत्र में फैसले के औचित्य पर क्यों सवाल खड़ा किया। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की ओर से हाल ही में आठ सामान्य रूप से इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं की कीमतें बढ़ाने के फैसले पर चिंता जाहिर की है। इसके साथ ही टैगोर ने मूल्य वृद्धि के वास्तविक प्रभाव का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति गठित करने की मांग भी की। पत्र में टैगोर ने कहा कि वे राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की ओर से हाल ही में लिए गए उस निर्णय से चिंतित हैं, जिसमें आठ सामान्य रूप से प्रयुक्त दवाओं के अधिकतम मूल्य में 50 प्रतिशत की वृद्धि बात कही गई



ठै। तमिलनाडु के विरुधुनगर से कांग्रेस सांसद ने कहा, हालांकि मैं समझता हूं कि सरकार ने इस वृद्धि के लिए असाधारण परिस्थितियों और सार्वजनिक हित का हवाला दिया है, लेकिन मेरा मानना है कि इस तरह के महत्वपूर्ण निर्णय के पीछे तर्क को स्पष्ट करना महत्वपूर्ण है। टैगोर ने कहा, इस मूल्य वृद्धि से अस्थमा, तपेदिक, बायपोलर डिजॉर्डर और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों के लिए महत्वपूर्ण दवाएं प्रभावित होंगी, जो लाखों लोगों के लिए जरूरी हैं।÷उन्होंने कहा कि कई मरीज और उनके परिवार वाले पहले से ही आवश्यक उपचार प्राप्त करने में वित्तीय चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। टैगोर ने कहा कि दवाओं की कीमतों में अचानक वृद्धि से इन व्यक्तियों पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।

उन्होंने 25 अक्टूबर को लिखे पत्र में कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि वह उन असाधारण परिस्थितियों के बारे में अधिक विस्तृत स्पष्टीकरण दे, जिनके कारण मूल्य वृद्धि आवश्यक हो गई। इसके अलावा, मैं मरीजों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं पर इस वृद्धि के वास्तविक प्रभाव का आकलन करने के लिए एक स्वतंत्र समीक्षा समिति की स्थापना का प्रस्ताव करता हूं। उन्होंने कहा कि ऐसी समिति भविष्य की मूल्य निर्धारण नीतियों के लिए सिफारिशें दे सकती है, जो उद्योग की व्यवहार्यता और सार्वजनिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के बीच संतुलन बनाए रखेगी। टैगोर ने जोर देकर कहा, ÷इस निर्णय लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। गहन समीक्षा से सूचित नीतियां बनाई जा सकती हैं, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि आवश्यक दवाएं सभी के लिए सस्ती और सुलभ बनी रहें।÷ कांग्रेस नेता ने कहा, ÷मैं आपके जवाब का इंतजार कर रहा हूं और ऐसे समाधान की उम्मीद करता हूं जिसमें हमारे नागरिकों की भलाई को प्राथमिकता दी जाए।

## राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को केंद्र ने दी वित्तीय मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की स्टील उत्पादन कंपनी है। इसके पास आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 75 लाख टन का प्लांट है। हालांकि, बीते कुछ वर्षों से यह कंपनी कई वित्तीय और परिचालन से जुड़ी समस्याओं का सामना कर रही है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड को 1650 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद दी है। एक आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, परिचालन और आर्थिक संकट से जूझ रही इस सरकारी कंपनी पर कर्ज लगातार बढ़ा है। ऐसे में संकट को खत्म करने के लिए अब केंद्रीय इस्पात मंत्रालय ने कदम बढ़ाया है। मंत्रालय ने कहा कि वह आरआईएनएल को चलाने के लिए कई कदम उठा रहा है। सरकार ने बताया कि उसने 19 सितंबर 2024 को इक्विटी के तौर पर आरआईएनआईएल में 500 करोड़ रुपये की मदद दी है। वहीं 27 सितंबर 2024 को उसने वर्किंग कैपिटल लोन को तौर पर उसे 1140 करोड़ रुपये दिए हैं। सरकार के मुताबिक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के मालिकाना हक वाली एसबीआईकैप्स से आरआईएनएल की वहनीयता को लेकर रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी कहा गया है। इस दस्तावेज में इसका भी जिक्र किया गया है कि आरआईएनएल गंभीर वित्तीय संकट में है और इस्पात मंत्रालय इस चिंता के निपटारे के लिए वित्त मंत्रालय के साथ चर्चा कर रहा है। गौरतलब है कि राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) केंद्रीय इस्पात मंत्रालय की स्टील उत्पादन कंपनी है। इसके पास आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 75 लाख टन का प्लांट है।

## जेएसडब्ल्यू-पोस्को ओडिशा के क्योंझर में अत्याधुनिक इस्पात संयंत्र लगाएंगी: मुख्यमंत्री माझी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि जेएसडब्ल्यू समूह और दक्षिण कोरियाई इस्पात कंपनी पोस्को का संयुक्त उद्यम उनके गृह जिले क्योंझर में एक अत्याधुनिक इस्पात संयंत्र स्थापित करेगा। जेएसडब्ल्यू-पोस्को संयुक्त उद्यम के संयंत्र के लिए स्थान के चुनाव को लेकर देश भर में चल रही अटकलों के बीच माझी ने यह जानकारी दी। दिवाली मनाने के लिए क्योंझर की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे माझी ने संवाददाताओं से कहा,




आगामी मेक-इन ओडिशा सम्मेलन को लेकर दिल्ली और मुंबई में आयोजित हमारे कार्यक्रम के दौरान मैंने क्योंझर जिले में एक इस्पात संयंत्र की स्थापना के लिए जेएसडब्ल्यू और पोस्को दोनों के साथ चर्चा की थी। मुख्यमंत्री ने कहा, इस बीच, दोनों कंपनियों ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। वे इस काम को संयुक्त रूप से पूरा करेंगे। उन्होंने क्योंझर जिले में भी ऐसा करने की बात कही है। इसकी प्रक्रिया जारी है और ओडिशा को एक और इस्पात संयंत्र मिलेगा। दोनों इस्पात निर्माता कंपनियों ने 29 अक्टूबर को मुंबई में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे।

## संक्षिप्त समाचार

**बॉक्सिंगः**

### अंडर-19 विश्व मुक्केबाजी में कृषा ने जीता स्वर्ण, पांच रजत भी भारत की झोली में



**नईदिल्ली, एजेंसी।** चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। युवा भारतीय मुक्केबाज कृषा वर्मा ने अमेरिका के कोलोराडो में विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित शुरुआती अंडर-19 विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 75 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि पांच अन्य मुक्केबाजों ने रजत पदक अपनी झोली में डाले। कृषा ने 75 किग्रा वर्ग के फाइनल में जर्मनी की साइमन लेरिका को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में मात दी। चंचल चौधरी (महिला 48 किग्रा), अंजलि कुमारी सिंह (महिला 57 किग्रा), विनी (महिला 60 किग्रा), आकांक्षा फलासवाल (महिला 70 किग्रा) के अलावा राहुल कुंडू (पुरुष 75 किग्रा) अपने फाइनल में हार गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। चंचल अयोग्य घोषित किए जाने के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जबकि अंजलि को इंग्लैंड की मिया-तिया आयटन से 0-5 से हार मिली। आकांक्षा इंग्लैंड की लिली डीकॉन से जबकि राहुल अमेरिका के अविनोंग्या जोसेफ से 1-4 के समान अंतर से पराजित हुए। विनी को इंग्लैंड की एला लोन्सडेल से 2-3 के विभाजित फैसले में शिकस्त मिली।

**रिटायरमेंट**

### भारतीय डिफेंडर अनस ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास का एलान किया



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया।अनुभवी भारतीय डिफेंडर अनस एडाथोडिका ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है जिससे उनके 17 साल का करियर समाप्त हो गया। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 21 बार भारत का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा वह क्लब के लिए 172 प्रतिस्पर्धी मुकाबले भी खेल चुके हैं। एडाथोडिका ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर भावनात्मक वीडियो साझा किया और संन्यास का एलान किया। अनस ने कहा- अब समय आ गया है कि मैं अपने पेशेवर फुटबॉल को अलविदा कह दूं। मलाप्पुरम के स्टेडियम से लेकर भारत के स्टेडियमों तक चली यह यात्रा सपने का सच होना रही। इस दौरान उतार-चढ़ाव के दौरान मेरे परिवार, कोच, टीम के साथी और प्रशंसकों का धन्यवाद जिन्होंने मुझे जरूरत पड़ने पर सहारा दिया। फुटबॉल ने मुझे इतना दिया है। मैं हर पल के लिए हमेशा आभारी रहूंगा।

## इंडिया-न्यूज़ीलैंड टेस्टः न्यूज़ीलैंड ने रचा इतिहास

**24 साल बाद घर में सूपड़ा साफ**




# एजाज पटेल के आगे टीम इंडिया का सरेंडर



**मुंबई, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आखिरी मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया. इस मुकाबले में भारतीय टीम को 25 रनों से हार झेलनी पड़ी. भारत को जीत के लिए 147 रनों का टारगेट मिला था. लेकिन उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया. भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में 121 रन ही बना सकी. न्यूजीलैंड की जीत के हीरो एजाज पटेल रहे, जिन्होंने दूसरी पारी में छह विकेट लिए. एजाज ने पहली इनिंग्स में भी 5 विकेट झटके थे.

24 साल बाद भारतीय टीम का अपने घर पर टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ हुआ है. इससे पहले साल 2000 में उसे साउथ अफ्रीका ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में हराया था. न्यूजीलैंड की दूसरी पारी 174 रनों पर सिमट गई. भारत की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने पांच विकेट लिए. बता दें कि इस मुकाबले में कीवी टीम ने अपनी पहली पारी में 235 रन बनाए. जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 263 रन टांगे. यानी पहली पारी के आधार पर भारत को 28 रनों की लीड मिली. भारतीय टीम सीरीज पहले ही गंवा चुकी है, अब वह इस मुकाबले को जीतकर क्लीन स्वीप से बचना चाहेगी. वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के क्वालिफिकिशन के लिहाज से भी भारत के लिए यह मुकाबला काफी महत्वपूर्ण है.भारत-न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बेंगलुरु में खेला गया था, जिसमें रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम को 8 विकेट से हार मिली. फिर पुणे में खेले गए सीरीज के दूसरे मुकाबले को न्यूजीलैंड ने 113 रनों से जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त ले ली. देखा जाए तो इस मैदान पर कीवी टीम अपना चौथा टेस्ट खेलने उतरी है. इससे पहले न्यूजीलैंड ने जो तीन मैच खेले थे, उसमें उसे एक में जीत और दो में हार का सामना करना पड़ा था.



### भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही

टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय टीम की शुरुआत काफी खराब रही. उसने 18 रनों के स्कोर तक तीन विकेट खो दिए. पहले रोहित शर्मा को मैट हेनरी ने ग्लेन फिलिप्स के हाथों कैच आउट कराया. रोहित ने दो चौकों की मदद से 11 रन बनाए. इसके बाद भारत ने शुभमन गिल और विराट कोहली के विकेट खो दिए. दोनों को स्पिनर एजाज पटेल ने चलता किया. कोहली और शुभमन के बल्ले से 1-1 रन निकले. भारत ने फिर यशस्वी जायसवाल (5 रन) और सरफराज खान (1 रन) का विकेट भी सस्ते में गंवा दिया. यशस्वी को ग्लेन फिलिप्स और सरफराज को एजाज पटेल ने आउट किया.

## पेरिस मास्टर्स फाइनल में हम्बर्ट का सामना ज्वेरेव से होगा

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रेंच टेनिस स्टार उगो अम्बेर ने शनिवार को पेरिस मास्टर्स में करेन खाचानोव को 6-7(6), 6-4, 6-3 से हराकर पहली बार मास्टर्स 1000 फाइनल में जगह बनाई। अब वह अपने सातवें टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में रविवार को चैंपियनशिप मैच में एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना करेंगे। ज्वेरेव अब तक छह मास्टर्स 1000 खिताब, दो एटीपी टूर फाइनल्स और टोक्यो में ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। इस साल की शुरुआत में अम्बेर ने दुबई और मार्सिले में खिताब जीते, जबकि ज्वेरेव ने रोम में एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब अपने नाम किया।



अम्बेर 2016 में गेल मोन्फिल्स के बाद से मास्टर्स 1000 फाइनल में पहुंचने वाले पहले फ्रेंच खिलाड़ी हैं। 2008 में जो-विल्फ्रेड सोंगा आखिरी बार फ्रेंच खिताब विजेता बने थे।

## गेंद बदले जाने के विवाद में उलझे किशन, ऑस्ट्रेलिया ए की बड़ी जीत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतिम दिन का खेल के शुरू होने से पहले अंपायर्स द्वारा गेंद बदले जाने के कारण इंडिया ए टीम विवाद में उलझ गई। गेंद बदले जाने से पहले अंपायर्स यह कहते सुनाई दिए कि गेंद पर काफ़ी खरोंच आ जाने के चलते गेंद बदलने का निर्णय लिया गया है। कप्तान नैथन मैक्स्वीनी की नाबाद 88 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ए ने भारत ए को चार दिवसीय गैर आधिकारिक टेस्ट के अंतिम दिन रविवार को सात विकेट से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया ए को 225 रन का लक्ष्य मिला जिसे ऑस्ट्रेलिया ए ने 75 ओवर में तीन विकेट पर 226 रन बनाकर हासिल कर लिया। मैक्स्वीनी ने नाबाद 88 और बो वेब्स्टर ने नाबाद 61 रन बनाये।

इससे पूर्व पहली गेंद डाले जाने से पहले अंपायर शॉन क्रेग और इंडिया ए के कुछ खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई। ख़ासतौर पर विकेटकीपर इशान किशन ने शायद अपने आप को बड़ी मुश्किल में डाल लिया क्योंकि उन्हें अंपायर्स के निर्णय को मूर्खतापूर्ण करार देते हुए सुना गया।स्टंप माइक्रोफ़ोन पर कैद की गई आवाज़ में क्रेग को गेंद बदले जाने का कारण बताते हुए सुना गया। क्रेग ने कहा, गेंद को बदलना होगा। इस पर आगे चर्चा करने की आवश्यकता नहीं है। खेल शुरू करते हैं। इस पर किशन ने कहा, तो हमें इस गेंद के साथ खेलना होगा। यह एक मूर्खतापूर्ण निर्णय है।

क्रेग ने कहा, माफ़ कीजिए। आपके इस व्यवहार के लिए शिकायत की जाएगी। आप लोगों के चलते ही हमें गेंद बदलना पड़ा है। शुरुआत में यह स्पष्ट नहीं था अंपायर्स ने किस वजह से गेंद बदलने का निर्णय लिया है। हालांकि यहां अहम बात यह है कि इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ए को नियमानुसार पांच पेनल्टी रन भी नहीं दिए गए। कानून 41.3.14 में पेनल्टी रन देने का प्रावधान है। अगर अंपायर मानते हैं कि गेंद को ग़लत तरीके से बदला गया है तो ऐसा फ़ैसला लिया जा सकता है।अगर अंपायर्स ऐसा मानते हैं कि गेंद की स्थिति को ग़लत तरीके से बदला गया है तब ऐसी स्थिति में वह विपक्षी टीम के कप्तान यह पूछ सकते हैं कि क्या वह गेंद बदलना चाहते हैं। 41.3.4.1 - अगर गेंद को बदले जाने का आग्रह किया जाता है, तब अंपायर को तत्काल ही पिछली गेंद जैसी ही किसी स्थिति वाली गेंद के साथ खेल शुरू करने का अधिकार है। 41.3.4.2 - गेंदबाज़ी एंड के अंपायर द्वारा विपक्षी टीम के खाते में पांच पेनल्टी रन जोड़े जाने का भी प्रावधान है।



# लिविंगस्टोन ने जड़े लगातार 6 छक्के, इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को हराकर सीरीज बराबर की

**सेंट जॉन्स, एजेंसी।** कार्यवाहक कप्तान लियाम लिविंगस्टोन के धमाकेदार शतक और फिल साल्ट तथा जैकब बेथेल के अर्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है।

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। जॉन टर्नर ने अपने पहले अंतरराष्ट्रीय विकेट लेते हुए सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (7) और एविन लुईस (4) जल्दी आउट किया, जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर 12/2 हो गया। कीसी कार्टी और कप्तान शाई होप ने बल्ले से कमाल दिखाया और वेस्टइंडीज को 11.2 ओवर में 50 रन और 22.3 ओवर में 100 रन के पार पहुंचाया। होप ने 66 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके अलावा, कार्टी ने 62 गेंदों में चार चौकों की मदद से अपना चौथा वनडे अर्धशतक पूरा किया।

वेस्टइंडीज ने 29.3 ओवर में 150 रन का आंकड़ा पार किया। कार्टी और होप के बीच 143 रन की साझेदारी का अंत आदिल राशिद ने किया जिन्होंने 77 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाकर कार्टी को आउट किया। वेस्टइंडीज का स्कोर 30.2 ओवर में 155/3 था जब शेरफेन रदरफोर्ड ने होप के साथ मिलकर वेस्टइंडीज को 36 ओवर में 200 रन के पार पहुंचाया। रदरफोर्ड ने बल्ले से धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए महज 35 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना लगातार चौथा वनडे अर्धशतक पूरा किया।




रदरफोर्ड और होप के बीच 79 रन की साझेदारी का अंत लिविंगस्टोन ने किया जब डीप एक्स्ट्रा कवर पर डैन मूसली ने बेहतरीन कैच लपका। वेस्टइंडीज ने 39.5 ओवर में 234/4 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 41.4 ओवर में 250 रन का आंकड़ा पार किया। होप ने 118 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना 17वां वनडे शतक बनाया। शिमरॉन हेटमायर (11 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 24 रन) ने प्रभावशाली कैमियो किया जबकि होप 127 गेंदों में आठ चौकों और चार छक्कों की मदद से 117 रन बनाकर जोफ्रा आर्चर के हाथों छठे विकेट के रूप में आउट हुए।

वेस्टइंडीज के 47 ओवर में 297/6 का स्कोर था। रोस्टन चेस (22 गेंदों में दो चौकों की मदद से 20* रन) और मैथ्यू फोर्ड (11 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 23* रन) के कैमियो की बदौलत वेस्टइंडीज ने 50 ओवर में 328/6 रन बनाए। टर्नर (2/42) और राशिद (2/62) इंग्लैंड के लिए सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे। लिविंगस्टोन और आर्चर को एक-एक विकेट मिला।

329 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने विल जैक्स (12) और जॉर्डन कॉक्स (4) को कम स्कोर पर खो दिया लेकिन फिल साल्ट दूसरे छोर पर रन बना रहे थे। उन्होंने बेथेल के साथ तीसरे विकेट के लिए 44 रनों की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 100 रन का आंकड़ा पार किया।

# 'सिंगम अगेन' के बाद अर्जुन कपूर हुए भावुक



**'सिंघम अगेन'** सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है। फिल्म को प्रशंसकों का प्यार मिल रहा है। रोहित शेट्टी की कॉप-यूनिवर्स की फिल्म में अर्जुन कपूर ने खलनायक की भूमिका निभाई है। अब अर्जुन कपूर ने उनकी पहली फिल्म 'इश्कजादे' के बाद से मिले प्रशंसकों के लिए आभार जताया है और एक भावुक नोट लिखा है। शनिवार को अभिनेता अर्जुन कपूर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर 'सिंघम अगेन' में उनके प्रदर्शन के लिए मिली समीक्षाओं की शानदार तस्वीरों की एक स्लाइड साझा की। एक भावुक नोट में अभिनेता ने कहा कि जिस पल उन्हें भूमिका के लिए चुना गया, उन्होंने खुद को इस अवसर के लिए समर्पित कर दिया।


### प्रशंसकों का जताया आभार

अभिनेता ने लिखा, पंद्रह महीने पहले रोहित शेट्टी सर ने मुझे इस अविश्वसनीय भूमिका के लिए चुना और उस पल से मैंने यह सुनिश्चित करने के लिए खुद को समर्पित कर दिया कि मैं उन्हें, सिंघम के प्रशंसकों या अपने दर्शकों को निराश नहीं करूंगा। आज आपके प्यार ने मुझे 'डेंजर लंका' के रूप में स्वीकार किया है!

### अभिनेता हुए अभिभूत

अर्जुन ने आगे लिखा, मैं आपके समर्थन के लिए बेहद आभारी हूं, आपके शब्द मेरी भावनाओं को शब्दों में बयां नहीं कर सकते। 'इश्कजादे' में जिस लड़के से आपको प्यार हुआ था, वह 'सिंघम अगेन' में आपके द्वारा अपनाए गए पागलपन और ऊर्जा को दर्शाता हुआ एक आदमी बन गया है। मुझ पर आपका विश्वास मेरे लिए बहुत मायने रखता है और आपका प्रोत्साहन मेरे जुनून को बढ़ाता है। इस अद्भुत यात्रा के लिए धन्यवाद।

# रोहित बल के निधन पर भावुक हुए सलमान खान



**मशहूर** भारतीय डिजाइनर रोहित बल का बीते दिन (एक नवंबर) को 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। अपनी रचनात्मकता से उन्होंने भारतीय लोगों पर अमिट छाप छोड़ी थी। उनके निधन पर कई सितारों ने गहरा दुख जताया है। सलमान खान उन कई लोगों में से थे जिन्होंने रोहित बल के निधन पर अपनी संवेदना व्यक्त की है। सलमान नेअपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा, रेस्ट इन पीस रोहित बल।रोहित बल को आधुनिक फैशन के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करने के लिए जाना जाता है। इससे पहले कई सितारों ने भी रोहित के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया था। सोनम कपूर ने लिखा, प्रिय गुड्डा, मैं आपके निधन के बारे में सुनकर बेहद दुखी हूं। मैं आपको जानने, आपके डिजाइन किए कपड़े पहनने और आपके लिए कई बार वॉक करने का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए खुद को धन्य महसूस करती हूं। आपकी आत्मा को शांति मिले। हमेशा आपकी सबसे बड़ी प्रशंसक रही हूं।

### इन सितारों ने भी दी श्रद्धांजलि

वहीं, अनन्या पांडे ने शो से रोहित बल के साथ एक मनमोहक तस्वीर शेयर की और लिखा, गुड्डा ओम शांति। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने रोहित बल के निधन को दुखद और चौंकाने वाला बताया। इंस्टाग्राम स्टोरी पर पुलकित सम्राट ने लिखा, ओजी को याद किया जाएगा।



# भूल भुलैया रिलीज के बीच छोटा पंडित राजपाल यादव ने फैंस से मांगी माफी

**अनीस** बज्मी निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म भूल भुलैया रिलीज हो चुकी है। फिल्म में राजपाल यादव अहम रोल में हैं। इस बीच अभिनेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर प्रशंसकों से माफी मांगी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर अभिनेता राजपाल यादव ने माफी मांगते हुए कैप्शन में लिखा, मैं दिल से माफ़ी मांगता हूं, मेरा मकसद दीपावली की खुशियों को कम करना नहीं था। दीपावली हमारे लिए खुशियों और रोशनी का पर्व है और इसे सबके लिए खूबसूरत बनाना ही हमारा असली त्योहार है। आप सबको ढेर सारी शुभकामनाएं और प्यार। चलिए मिलकर इस दीपावली को खास बनाते हैं।

इसके साथ ही अभिनेता ने अपना दो दिन पुराना वीडियो भी अपने अकाउंट से हटा दिया है। 'भूल भुलैया के छोटा पंडित ने दो दिनों पहले ही एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें वह लोगों से सुरक्षित और शांति के साथ रोशनी का पर्व मनाने की अपील करते नजर आ रहे हैं। शेयर किए गए वीडियो को लेकर अभिनेता को जमकर ट्रोल होना पड़ा। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया। राजपाल यादव ने न केवल वीडियो को डिलीट किया, बल्कि लोगों से उनकी भावनाएं आहत करने के लिए माफी भी मांगी। वीडियो में अभिनेता हाथ जोड़कर माफी मांगते नजर आ रहे हैं। अनीस बज्मी के निर्देशन में तैयार फिल्म भूल भुलैया का निर्माण टी-सीरीज फिल्म्स के भूषण कुमार और सिने 1 स्टूडियो द्वारा हुआ है। फिल्म में राजपाल यादव, कार्तिक आर्यन के साथ माधुरी दीक्षित, विद्या बालन, तृप्ति डिमरी, संजय मिश्रा भी अहम रोल में हैं।

फिल्म में राजपाल यादव अपने लोकप्रिय किरदार ÷छोटा पंडित के साथ एक बार फिर से दर्शकों के सामने आ चुके हैं। हाल ही में 'भूल भुलैया' का 'हुकुस बुकुस' गाना जारी हुआ। इसमें रूह बाबा बच्चा पार्टी संग मस्ती करते नजर आ रहे हैं। फिल्म के नए गाने को आवाज सोनू निगम और संगीत तनिष्क बागची ने दिया है। गाने के बोल सोम ने लिखे हैं। भूल भुलैया की तीसरी किस्त माधुरी दीक्षित और विद्या बालन भी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, पर्दे पर कार्तिक तृप्ति डिमरी के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। हुकुस बुकुस गाने से पहले जाना समझो ना भी जारी हो चुका है। गाने में कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी के बीच केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। इसका एक और गाना 'अमी जे तोमर' है।

# अजय देवगन से नोकझोंक के बिना मेरी दिवाली अधूरीकाजोल



**हाल** ही में स्ट्रीमिंग फिल्म दो पत्ती में नजर आने वाली बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने अपने दिवाली समारोह की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपने परिवार के साथ दिवाली की तस्वीरें शेयर कीं। तस्वीरों में उनके बच्चे न्यासा और युग भी हैं। इससे पहले अभिनेत्री ने स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो में कहा था कि उन्होंने अपने पति बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन को उनके प्रतिष्ठित किरदार बाजीराव सिंघम के लिए ट्रेनिंग दी थी।

काजोल अपनी फिल्म की रिलीज से पहले अपनी सह-कलाकार कृति सेनन और शहीर शेख के साथ स्ट्रीमिंग स्केच कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आईं। एपिसोड के दौरान कलाकारों ने कपिल और उनके साथी कलाकारों के साथ सेट पर खूब मस्ती की। शो में कपिल काजोल से पूछते हैं कि क्या उन्होंने अजय से कोई टिप्स ली है। इस पर काजोल ने जवाब दिया, नहीं, क्योंकि मैंने ही उन्हें सिंघम के लिए ट्रेनिंग दी थी।

काजोल दो पत्ती में अभिनेत्री कृति सनोन के साथ स्क्रीन शेयर कर रही हैं। दोनों ने इससे पहले दिलवालेमें साथ काम किया है, जिसमें बॉलीवुड आइकन शाहरुख खान और वरुण धवन भी थे। दो पत्ती कृति की बतौर निर्माता पहली फिल्म भी है। कृति इस थ्रिलर में दोहरी भूमिका निभा रही हैं। इसे मनमर्जियां फेम कनिका ढिल्लन ने लिखा है। फिल्म घरेलू हिंसा के विषय को छूती है। इसमें थ्रिलर का भरपूर तड़का लगाया गया है।

# महिला को दउरा उठाकर घाट जाने की रस्म क्यों नहीं, छठ को लेकर सवाल कर चर्चा में आई अक्षरा

**अक्षरा** सिंह भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर वह काफी ज्यादा सक्रिय रहती हैं और अपनी बातों को बेबाकी से लोगों के सामने रखने के लिए जानी जाती हैं।

हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी पोस्ट की है, जिसकी वजह वह चर्चा में आ गई हैं। अभिनेत्री की यह पोस्ट छठ के त्योहार को लेकर है। इसमें उन्होंने इस पर्व और महिलाओं को लेकर सवाल किया है। अक्षरा ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए सवाल किया है कि महिलाएं छठ का दउरा क्यों नहीं उठा सकती है इंस्टाग्राम पर साझा की गई तस्वीर में वह बिना मेकअप की नजर आ रही हैं।

### सोशल मीडिया पर पूछा यह सवाल

पीले रंग के सलवार सूट में अभिनेत्री बेहद सादगी भरे अंदाज में नजर आ रही हैं। साथ ही, उन्होंने अपने सिर पर टोकरी भी रखी हुई है।



अभिनेत्री ने फोटो के कैप्शन में लिखा, बनऽ न कवन देव कहरीया , दउरा घाटे पहुंचाय ना जाने कितने साल से छठ का ये पारंपरिक गीत गाया जाता है और जब जब मैं इस गीत कि यह पंक्ति सुनती हूं तो मन में यह ख्याल आता है की जो महिला छठ पूजा के प्रत्येक रस्म को (खरना से समाप्ति तक) इतनी श्रद्धा और मेहनत से तीन दिन उपवास रखकर करती है ज्ज्उसी महिला को अपने माथ पे दउरा उठाकर घाट जाने की रस्म क्यों नहीं है

### पहली बार छठ कर रही अक्षरा

उन्होंने आगे लिखा, क्यों कोई देव ही कंहरीया बने कोई दवी क्यों नहीं हो सकती एक बेटी होने के नाते मेरी हथजोड़ी है की बदलते परिवेश में हमारा समाज इस पर विचार करे कि जिस घर में बेटा नहीं क्या वहां छठ नहीं हो सकता और यह विचार इसलिए भी प्रबल हुआ क्युकी पहली बार मैं भी छठ कर रही हूं। छठी मईया की जय।



# नुसरत पहुंचीं केदारनाथ

**एक्ट्रेस** नुसरत भरूचा केदारनाथ और बद्रीनाथ के दर्शन के लिए पहुंचीं और भक्ति में डूबे हुए वहां से कई फोटोज भी शेयर की हैं। नुसरत को भोले बाबा के दर्शन के लिए जाते देख उनके फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं, वहीं कुछ लोगों को ये बात खटकी भी है। एक्ट्रेस नुसरत भरूचा पहली बार केदारनाथ और बद्रीनाथ दर्शन के लिए पहुंची हैं। नुसरत ने इंस्टाग्राम पर अपने दर्शन की कुछ तस्वीरें शेयर कीं और कहा कि वह धन्य महसूस कर रही हैं। एक फोटो में वह प्रार्थना करती नजर आ रही हैं, दूसरी में एक्ट्रेस नंदी की मूर्ति के सामने प्रार्थना करती नजर आ रही हैं और एक फोटो में वह गाय को खाना खिलाती नजर आ रही हैं। कैप्शन में उन्होंने लिखा, धन्य! मेरा पहला केदारनाथ और बद्रीनाथ दर्शन। केदारनाथ मंदिर शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है और उत्तराखंड में मंदाकिनी नदी के पास गढ़वाल हिमालय श्रृंखला पर स्थित है। मौसम की स्थिति के कारण, मंदिर केवल अप्रैल और नवंबर के महीनों के बीच आम जनता के लिए खुला रहता है।



# मैंने पैसों के लिए ये फिल्में नहीं की बल्कि...

**अभिनेत्री** तापसी पन्नू ने बताया कि उन्होंने डंकी और जुड़वा 2 में पैसों के लिए काम नहीं किया। साथ ही लोगों को लगता है कि बड़े स्टार्स के साथ काम करने पर ज्यादा रुपये मिलते हैं तो ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। अभिनेत्री तापसी पन्नू को उनकी अदाकारी के लिए लोग पसंद करते हैं, फिर वो कॉमेडी रोल के लिए हो या कोई गंभीर किरदार। तापसी पन्नू कई बड़ी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। शाहरुख खान की फिल्म डंकी को लेकर तापसी ने कुछ बातें कही हैं। उन्होंने बताया कि बड़े बजट की फिल्मों में भी उन्हें बहुत ज्यादा रुपये नहीं मिले थे। फिल्म के चयन को लेकर तापसी ने इंडियन एक्सप्रेस को दिए इंटरव्यू में बताया कि इसके साथ ही फिल्म करने के बाद प्रशंसकों को प्यार और आलोचना दोनों ही आपके रास्ते में आते हैं। तापसी का मानना है कि वे जो फिल्में करती हैं, उनमें ब्लॉकबस्टर लिखा नहीं होता, लेकिन जब उन्हें प्रशंसकों का प्यार मिलता है तो वे ब्लॉकबस्टर हो जाती हैं। अपनी फिल्मों के चयन को लेकर उन्होंने कहा कि वह जिस तरह की फिल्म करना चाहती हैं, उनका चयन करना मुश्किल है।

**जो काम हमेशा न हो सके उसे छोड़ना ही अच्छा**

इंटरव्यू में तापसी ने कहा कि उन्होंने अपनी जॉब को छोड़ी क्योंकि वो नहीं चाहती थी कि वे इस नौकरी को करने के कुछ समय बाद ही उससे परेशान हो जाएं। तापसी का मानना है कि अच्छा ही हुआ जो उन्होंने अपनी जॉब छोड़ी और प्लान बी यानी एक्टिंग में करियर बनाया। सिनेमा की दुनिया में काम करना वो पसंद कर रही हैं।

# इस साल दीपावली पार्टी में नजर नहीं आए अभिनेता गोविंदा

**गोली** लगने की घटना के बाद डॉक्टरों ने बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा को आराम करने की सलाह दी थी, जिसके चलते वह इस बार दीपावली पार्टी में शामिल नहीं हो पाए। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें अभिनेता की पत्नी सुनीता गोविंदा के बारे में बात करती हुई दिखाई दे रही हैं। बता दें कि पिछले महीने गोविंदा अपनी बंदूक से गलती से गोली चलने से घायल हो गए थे। क्लिप में सुनीता को अपनी बेटी टीना आहूजा के साथ देखा जा सकता है। जहां उन्होंने पैपराजी के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि सर एकदम ठीक हैं। डॉक्टर ने उन्हें आराम करने का बोला है, इसलिए वह इस साल दीपावली नहीं मना रहे हैं, सिर्फ मैं बच्चों के साथ मना रही हूं।



1 अक्टूबर को अभिनेता और सत्तारूढ़ शिवसेना के सदस्य गोविंदा आहूजा अपने लाइसेंसी पिस्टल को साफ करते समय उससे गोली चलने के बाद घायल हो गए थे। जब यह घटना हुई तब वह जुहू स्थित अपने घर थे। इससे उनके पैर में चोट लग गई थी, और गोविंदा को तुरंत इलाज के लिए जुहू के क्रिटिकेयर अस्पताल ले जाया गया। अभिनेता को 4 अक्टूबर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और उन्होंने इस पूरी घटना को अपने फैंस के साथ शेयर किया। गोविंदा ने अस्पताल के बाहर व्हीलचेयर पर बैठे मीडिया से बात करते हुए सभी की प्रार्थनाओं के लिए शुक्रिया कहा था। गोविंदा ने कहा था, मैं देश के सभी लोगों को उनके प्यार, प्रार्थनाओं और समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। मैं प्रशासन, पुलिस और एकनाथ शिंदे को खास तौर पर शुक्रिया कहना चाहता हूं। आप सभी के प्यार और आशीर्वाद ने मुझे सुरक्षित रखा है। आपके प्यार के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। जय माता दी। गोविंदा ने गोली चलने की घटना पर कहा, यह एक गहरी चोट थी और जब यह लगी तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ। ऐसा लगा जैसे कुछ हो गया हो। मैं कोलकाता में एक शो के लिए जा रहा था और सुबह करीब 5 बजे.. गोली चल पड़ी..मैं दंग रह गया और फिर मैंने खून का फव्वारा निकलता देखा।

-साभार एजेंसी